स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बृहस्पतिवार
22 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -270 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

### जून से अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की तरफ से आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून 2025 से शुरू होकर अगस्त 2025 तक चलेगी। यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने दी। उन्होंने आज इस यात्रा के लिए पंजीकृत यात्रियों का चयन एक कंप्यूटरीकृत लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस बार 5561 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं शामिल थीं।

# छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

## इनमें डेढ़ करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में मुठभड़े में डेढ़ करोड़ के इनामी माओवादी बसव राजू समेत 27 नक्सली मारे गये हैं। तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में एके-47, इंसास, एसएलआर, कार्बाइन सहित भारी मात्रा में अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है।


नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है।

इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

नारायणपुर में चल रहे ऑपरेशन में मारे गए 27 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैं इस बड़े ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी के घायल होने के अलावा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और विजय शर्मा जी को भी बधाई देता हूं। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर लगातार कामयाबी मिल रही है। 27 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इस सफल ऑपरेशन के लिये उन्होंने जवानों को बधाई दी है। शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू की हत्या पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।



"हमारी सेनाओं की इस शानदार सफलता पर गर्व है, हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांति और प्रगतिपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



"नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार नक्सलियों को ढेर कर दिया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी का महासचिव शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़, नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि किसी महासचिव स्तर के नेता को हमारी सेना ने मार गिराया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।
**अमित शाह, केंद्रीय मंत्री**

नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।

## करंट की चपेट में सिपाही समेत चार की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक धार्मिक आयोजन (काशीदास पूजा) के दौरान झंडा लगाने के लिए खड़े किए जा रहे हरे बांस में करंट उतरने से उसकी चपेट में आकर चार युवकों की मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गये, जिनका इलाज कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने और हादसों को संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक नरवर गांव में पुजारी सुरेंद्र यादव के घर काशी दास पूजन को लेकर तैयारी चल रही थी।

# वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं : केंद्र



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में नहीं दावा किया जा सकता। सरकार की

### 'न संविधान के तहत मौलिक अधिकार'

ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि जब तक वक्फ को इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य सभी विफल हो जाती हैं। मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक इसे इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य दलीलों का कोई मतलब नहीं है। 2025 के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं केंद्र ने यह जवाब दिया है। मेहता ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह जमीन वक्फ के रूप में घोषित की गई हो। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है, जो कहता है कि अगर संपत्ति सरकारी है और वक्फ के रूप में घोषित की गई है, तो सरकार उसे बचा सकती है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा, वक्फ संपत्ति एक मौलिक अधिकार नहीं है। इसे कानून द्वारा मान्यता दी गई थी। अगर कोई अधिकार विधायी नीति के तहत दिया गया है, तो उसे हमेशा वापस लिया जा सकता है। मेहता ने कहा कि वक्फ दान के लिए है और वक्फ बोर्ड केवल धर्मनिरपेक्ष कार्य करता है।

# 'काम वकील नहीं करना चाहते, कोसे हम जाते हैं'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** बीते 14 मई सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस बी आर गवई ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों पर चिंता जताते हुए वकीलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीजेआईगवई ने कहा है कि

### कोर्ट में लंबित मामलों पर बोले सीजेआई गवई

वकील छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं, लेकिन लंबित मामलों के लिए कोर्ट को दोषी ठहराया जाता है। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ उस समय भड़क गई, जब एक वकील ने याचिका को गर्मी की छुट्टियों के बाद सूचीबद्ध करने की अपील की। इस दौरान सीजेआई गवई ने कहा, पांच न्यायाधीश छुट्टियों के दौरान बैठ रहे हैं और काम करना जारी रख रहे हैं, फिर भी लंबित मामलों के लिए हमें दोषी ठहराया जाता है। असल में वकील ही छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं। हाल ही में शीर्ष अदालत ने एक अधिसूचना जारी की है जिसके तहत जजों की पीठ आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान काम भी करेंगी। 26 मई से 13 जुलाई तक चलने वाली अवधि को पार्शियल कोर्ट वर्किंग डेज का नाम दिया गया है।

## प्रोफेसर अली खान को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** हरियाणा के अशोका विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख अली खान महमूदाबाद को महिला सैन्य अफसरों कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने महमूदाबाद को सीजेएम, सोनीपत की संतुष्टि के लिए जमानत बांड भरने को भी कहा है। साथ ही अली खान महमूदाबाद को निर्देश दिया है कि वे ह दोनों पोस्ट से संबंधित कोई भी ऑनलाइन लेख नहीं लिखेंगे या कोई भी ऑनलाइन भाषण नहीं देंगे जो जांच का विषय है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी के गठन का भी आदेश दिया है। इस समिति में एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी जो राज्य से बाहर की होगी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 24 घंटे के भीतर एसआईटी का गठन किया जाए। एसोसिएट प्रोफेसर जांच में शामिल होंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

## पूजा खेडकर को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आईएएस यानी भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी। खेडकर पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण का गलत लाभ उठाने का आरोप है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, उन्होंने कौन सा गंभीर अपराध किया है? वह मादक पदार्थ माफिया या आतंकवादी नहीं है। उन्होंने 302 (हत्या) नहीं की है। वह एनडीपीएस (मादक पदार्थ निषेध से संबंधित कानून) अपराधी नहीं है।

## पाक हाई कमीशन का अधिकारी अवांछित करार

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार ने एक और कड़ा ऐक्शन लेते हुए नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा यानी अवांछित करार दिया है और उसे 24 घंटे के अंदर भारत छोड़ने को कहा है। इस पाक अधिकारी पर भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के

### 24 घंटे में हिन्दुस्तान छोड़ने का फरमान

मुताबिक आचरण नहीं करने और अवैध गतिविधियों में शामिल होने के कारण ऐक्शन लिया गया है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी डी अफेयर्स को आज इस आशय का एक डिमार्शे (कूटनीतिक विरोध पत्र) भी जारी किया गया और उन्हें स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि भारत में कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी किसी भी तरह से अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का दुरुपयोग न करें।

**पर्सोना नॉन ग्राटा क्या होता है?**

पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछनीय घोषित करने की वह स्थिति होती है, जब उसे मेजबान देश से तुरंत चले जाने को कहा जाता है। कूटनीतिक स्तर पर इस आदेश को बेहद सख्त और गंभीर प्रतिक्रिया मानी जाती है। भारत ने एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार यह कदम उठाया है। इसकी टाइमिंग अहम है क्यों कि दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच तनातनी बनी हुई है।

# यूपी के सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना की जाएगी जिससे कि दिव्यांगों को पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यह निर्देश अपने आवास पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा में दिए। उन्होंने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम

### सीएम योगी बोले- बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि



पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए।

यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ स्थित 'डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय' तथा चित्रकूट स्थित 'जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय' में कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए और इन संस्थानों का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर किया जाए ताकि देशभर के इच्छुक दिव्यांगजन इन संस्थानों से जुड़ सकें।

## एशियाई देशों के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल रवाना

**नई दिल्ली।** जदयू सांसद संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलयेशिया और सिंगापुर की यात्रा के लिए बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करना है।

## 'सर्वदलीय डेलीगेशन का विदेश दौरा ध्यान भटकाने की कोशिश'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनियाभर को संदेश देने के लिए सर्वदलीय सांसदों को विदेश दौरे पर भेज रही है। इस बात पर सियासत भी तेज हो गई है। जहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार के इस कृत्य की आलोचना की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है। जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है। उन्होंने पूछा कि हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा? कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं।

# उद्यमिता का मॉडल राज्य बना उत्तर प्रदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** योगी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी (सीएम युवा) योजना के माध्यम से उद्यमिता का मॉडल राज्य बना दिया है। अब तक सरकार 53 हजार से अधिक युवाओं के ऋण आवेदनों को स्वीकृत करते हुए 40 हजार को ऋण वितरित भी कर चुकी है।

योजना को पूरे देश के लिए एक मिसाल माना जा रहा है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार कर रही है।

### महिलाओं और पिछड़े वर्गों को विशेष प्रोत्साहन

योजना की खासियत है कि इसमें महिलाओं और पिछड़े वर्गों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऋण प्राप्त करने वालों में लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इसके अलावा, 48.5 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, जबकि 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) और 2.5 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को इस योजना का लाभ मिला है। यह समावेशी दृष्टिकोण योजना को और भी प्रभावी बनाता है।

# एक लाख का इनामी गैंगस्टर ज्ञान पासी ढेर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एक लाख रुपये का इनामी कुख्यात अपराधी ज्ञानचंद पासी बुधवार शाम रामनगर कोतवाली क्षेत्र के चौकाघाट के पास एसटीएफ से मुठभेड़ के दौरान मारा गया। गोली लगने से घायल हुए ज्ञानचंद को पहले पुलिस रामनगर ले गई थी जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विनायक के अनुसार ज्ञानचंद को तीन गोलियां लगी थीं एक सिर में, दूसरी सीने के बाईं ओर और तीसरी दाहिनी जांघ पर। सिर में गोली लगने से उसकी मौत हो गई।

एसटीएफ के डीआईजी घुले सुशील कुमार ने बताया कि ज्ञानचंद पासी गोंडा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव का निवासी था। उस पर हत्या, डकैती, लूट और गंभीर धाराओं में 70 से अधिक मुकदमे दर्ज थे।

### जेल में रहते हुए मांगी थी फिरौती

2016 में ज्ञान चंद्र पासी ने गोंडा में बालमाचार गांव के निवासी शिवकुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2020 में जेल में रहते हुए उसने भोलीलाल गांव के कृष्ण प्रताप सिंह को लेटर भेजकर फिरौती की मांग की थी।ज्ञानचंद्र पासी के आतंक से करनैलगंज क्षेत्र लंबे समय से त्रस्त रहा है। 2020 में करनैलगंज कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# पाक के अलावा बांग्लादेश जाने की तैयारी में थी ज्योति मल्होत्रा



**हिसार।** यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के पाकिस्तानी कनेक्शन की जांच चल रही है। ज्योति पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश यात्रा की भी तैयारी कर रही थी। फिलहाल, पुलिस ने इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

ज्योति को जासूसी के आरोप में 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। उसके यूट्यूबर पर 3 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं।

हरियाणा पुलिस के अधिकारियों को जांच के दौरान पता चला है कि ज्योति बांग्लादेश जाने की भी तैयारी कर रही थी। खबर है कि ज्योति के वीजा आवेदन फॉर्म से इस बात का पता चला है। बांग्लादेश वीजा आवेदन फॉर्म में उसका नाम लिखा है, जिसमें अस्थाई पति के स्थान पर ढाका स्थित उत्तरा लिखा है। खास बात है कि आवेदन में तारीख दर्ज नहीं है, लेकिन जांच टीम का मानना है कि ज्योति वीडियो बनाने के नाम पर बांग्लादेशी ऑपरेटिव्स के साथ संपर्क साधने की तैयारी कर रही थी। मंगलवार को ही ज्योति से एनआईए और आईबी के अधिकारियों ने पूछताछ की थी। यूट्यूबर की पाकिस्तान, चीन और अन्य देशों में की गई यात्राओं पर भी जांच एजेंसियों की नजर है।

### महाकुंभ में भी आई थी यूट्यूबर

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा करीब चार महीने पहले प्रयागराज आई थी। उसने महाकुंभ क्षेत्र का दौरा भी किया था। खास बात यह है कि दौरा 29 जनवरी को माघ मेले के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दिन हुआ था। यह वह दिन था, जब संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए यहां रिकॉर्ड भीड़ जुटी थी।

### 'मेरी शादी पाकिस्तान में ही कराओ'

ज्योति अपनी पाकिस्तान यात्रा के बाद से ही लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट अली हसन के संपर्क में थी। पुलिस के मुताबिक यह दोनों आपस में काफी बातचीत करते थे। अधिकारियों के मुताबिक 33 साल की यूट्यूबर और हसन के बीच में सोशल मीडिया पर कुछ चैट्स मिली हैं। इस बातचीत में मल्होत्रा, हसन से कहती है, मेरी शादी पाकिस्तान में ही किसी से करवा दो। ज्योति की इस बात से उसका पाकिस्तान के प्रति झुकाव साफ समझ आता है। इसके अलावा ज्योति ने हसन से अपनी बहुत सारी बातचीत कोड्स के जरिए की है, जिसे पुलिस लगातार डिकोड करने की कोशिश कर रही है।

एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

**अन्तिम तिथि: 31 मई, 2025!**

**वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये अनिवार्य रूप से वार्षिक रिटर्न एकमात्र एफएसएसएआई के पोर्टल के माध्यम से दाखिल करने हेतु**

**सभी एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त खाद्य उत्पादकों, आयातकों और उत्पादन–निर्यातकों को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अपना वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।**

- एफएसएस के खण्ड 2.1.13 और लाइसेंस की शर्तें 05 एफएसएस का सन्दर्भ लें। (खाद्य व्यवसाय का लाइसेंसिंग पंजीकरण) विनियम 2011
- वार्षिक रिटर्न कैसे फाइल करें :–
  - चरण 1– एफओएससीओएस पोर्टल पर लॉगिन करें।
  - चरण 2– बाये मेन्यू पर जायें > वार्षिक रिटर्न > वार्षिक रिटर्न भरें।

**वार्षिक रिटर्न भरने के लिए ध्यान रखने योग्य बिन्दु**

- पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 'शून्य' उत्पादन होने पर भी वार्षिक रिटर्न भरा जायेगा।
- लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गयी हो अथवा वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान सरेन्डर कर दिया गया हो फिर भी वार्षिक रिटर्न भरना होगा।
- 31 मार्च 2025 से पूर्व नया लाइसेंस प्राप्त होने पर भी वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।
- रीपैकर और रीलेबलर को भी वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।




**अनुपालन न करने के परिणाम**

- 1 जून 2025 से प्रति दिन रु. 100/– का अर्थदण्ड।
- एफएसएस एक्ट 2006 के सेक्शन 32 के तहत लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।

**अधिक जानकारी हेतु:**

- FoSCoS [https://foscos.fssai.gov.in]
- प्रातः 7 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक एफएसएसएआई की हेल्पलाइन @1800112100 पर सम्पर्क कर सकते है।
- कृपया लिखे हेल्पडेस्क foscos@fssai.gov.in

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/12/0007/2526

# वनटांगिया गांव के लोगों के जीवन में फैलेगा उजियारा : पंकज चौधरी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महाराजगंज।** भारतीय स्टेट बैंक - सीएसआर पहल से जनपद के सभी 18 वनटांगिया गांव में 18 विद्युत एवं 12 सोलर हाईमास्ट लाइट से जगमग हो गए है। वनटांगिया के गांव में उनके जीवन स्तर में बदलाव लाना और उनके जीवन में प्रकाश पुंज फैलाना हमारा मूल उद्देश्य है वनटांगिया गांव के आम जनजीवन स्तर में बदलाव करने के क्रम में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है,इसके लिए एसबीआई धन्यवाद का पात्र है। भारतीय स्टेट बैंक सी एस आर फंड से जनपद के वनटांगिया गांव के अंदर प्रकाशमय किए जाने के क्रम में 18 विद्युत हाई मार्क्स लाइट और 12 सोलर लाइट के द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्य किया है।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी बुधवार को जनपद के गांव में लगाए गए कुल 30 हाई मार्क्स लाइट का उद्घाटन करते हुए वनटांगिया गांव में रहने वाले ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार निरंतर आमजन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रयासरत है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक वन क्षेत्र जनपद महाराजगंज में है और इन वनों के रोपण का कार्य 1860 से वन टांगिया के लोग कर रहे थे। भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बांटा गया के समग्र विकास हेतु एसबीआई संकल्पित है बिजली के क्षेत्र में हमने जो कार्य किया है महत्वपूर्ण है। भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक कुमार आनंद और क्षेत्रीय प्रबंधक अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि महाराजगंज के बंगतांगिया गांव में हाई मार्क्स लाइट के द्वारा बांटा गया गांव में निवास करने वाले लोगों को प्रकाश में करने के साथ ही और भी कार्यक्रम जैसे क्रेडिट आउटरेज प्रोग्राम के अंतर्गत चलो गांव की ओर कार्यक्रम और गांव में मेगा लोन मेला के माध्यम से भी हम ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं। पनियरा के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार बंनटानिया और मुसहर गांव में विशेष्य करके स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। विधायक जय मंगल कनौजिया ने कहा कि महाराजगंज के आर्थिक सामाजिक विकास कार्यों में एसबीआई हर स्तर पर कार्य कर रहा है ग्रामीण विशेष रूप से वन टांगियां क्षेत्र में बहुत सारे कार्य हो गए हैं। हाई मास्ट लाइट उद्घाटन समारोह को जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल जिला अध्यक्ष भाजपा संजय पांडेय ने भी संबोधित किया। सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत बांटा गया गांव में लगाए गए 30 विद्युत हाई मास्टऔर सोलर लाइटों को कार्य रूप देने वाले भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के सचिव विमल पांडेय वनटांगिया गांव की पृष्ठभूमि और उनकी आवश्यकताओं को रेखांकित किया।

## बंद पड़े घर मे चोरों ने दिया लाखों की चोरी को अंजाम

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा लालनपुर में एक बंद पड़े घर में अज्ञात चोरों ने घर के छत से दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल होकर आलमारी का लाकर तोड़कर लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर फरार हो गए। इस बात का खुलासा तब हुआ जब आज बुधवार को मालिक आया है और घर को खोलकर अंदर दाखिल हुआ है तो अंदर का दृश्य देखकर हतप्रभ रह गया है। किसी तरह अपने को संभालते हुए स्थानीय लोगों को सूचना देते हुए पुलिस को सूचना दिया जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल और फोटोग्राफी आदि करके जांच शुरू कर दी।सूत्रों के मुताबिक लालनपुर में विष्णु मल्ल पुत्र स्व गंगा मल्ल का परिवार अपने पुश्तैनी मकान में रहता है। वर्तमान में विष्णु मल्ल किसी काम से अपने भाइयों के पास दिल्ली गए हुए थे। बुधवार को जब वो लौटे है और ताला खोलकर अंदर गए है तो अंदर का दृश्य देखकर अचेत होते होते बचे। किसी तरह संभल कर उन्होंने घर का सारा दृश्य देखा उसके बाद सबको सूचना दिया। घर में सारा सामान आलमारी का बिखरा पड़ा था। और लगभग बीस से ज्यादा सोने चांदी के जेवरात के डिब्बे नीचे खाली पड़े थे।

## सड़क पार करता दिखा तेंदुआ

**झुलनीपुर।** सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग निचलौल रेंज के झुलनीपुर खड्डा मार्ग के चंदा गूलरभर तथा डोमा कांटी के बीच सड़क पर मंगलवार को सड़क पार कर रहे तेंदुए को राहगीरों ने देखा तथा सड़क पार कर रहे तेंदुए को अपने मोबाइल में कैद कर लिया।

तेंदूए को देखकर कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन ठप पड़ गया। तेंदुआ ने जब सड़क पार कर जंगल की तरफ निकल गया। उसके बाद आवागमन शुरू हो गया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी सुनील राव ने बताया कि तेंदुआ पानी पीने नहर की तरफ गया था। पानी पीकर फिर वापस तेंदुआ जंगल की तरफ सुरक्षित निकल गया। तेंदुए के जाने के बाद आवागमन सुचार रूप से चालू हो गया।

## महिला की हत्या कर जला देने का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददता**

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पांडेय बाजार में मंगलवार को एक पुराने खंडहर मकान में मिली महिला की लाश गौशाला में काम करने वाली राधिका की थी। मामले में वांछित अभियुक्त दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मी इसी थाना क्षेत्र के मनोज पुत्र सुभाष 25 निवासी स्टेशन रोड को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान सबदेईया कला से गिरफ्तार कर लिया।

घटना के 24 घंटे के भीतर अनावरण करने पर स्थानीय नागरिक पुलिस की सराहना कर रहे हैं। अभियुक्त पर थाना पुरानी बस्ती को पुलिस ने थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा 28 साल की एक महिला को जलाकर मारने का आरोप है। अभियुक्त के पास से मुठभे? के दौरान एक अदद तमंचा व एक खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि मुखबिर ने अभियुक्त की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मनोज नामक युवक के रूप में की जो बैंक में सफाईकर्मी का काम करता है। पता चला कि मनोज गोरखपुर की तरफ पैदल ही जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई। मुखबिर के इशारा करने पर उसको रोका व टोका गया तो उसने झाड़ की आड़ लेकर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी। उसका जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। मनोज ने पूछताछ में बताया कि वह सफाई कार्य करता है। उसने बताया कि गौशाला में काम करने वाली राधिका को चाहने लगा था। विगत कई दिनो से पीछा कर रहा था और उसके साथ सम्बन्ध भी बनाना चाह रहा था। लेकिन वह मान नही रही थी कहती थी कि शादी कर लो तब सम्बन्ध बनाना। 20 मई को साफ सफाई करने हेतु लगभग 6 बजे गया था और बैंक के बाहर ही था कि राधिका गौशाला के विपरित तरफ स्थित खंडहर में जाती हुई दिखी। तत्काल खंडहर में गया तो वह शौच करने बैठी ही थी। मुझे देखकर वह खडी हो गयी। मैने उससे जबरदस्ती सम्बन्ध बनाना चाहा तो विरोध करने लगी। मैने उसका गला दबा दिया और नीचे पड़े ईंट के अद्धे से उसके ललाट पर मार दिया। वह वहीं गिर गयी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। पकड़ा न जा सकूं इसलिए सबूत मिटाने की नियत से उसे खींचकर खंडहर में डाल दिया। दुकान से माचिस खरीदकर पास पड़ी लकड़ी से आग लगा दिया। बाद में खंडहर में पड़े पीपल के पत्तों से ढक दिया।

## सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** सीडीओ जयकेश त्रिपाठी कि अध्यक्षता में कलेक्टर में किसान दिवस में किसानों की समस्याएं सुनी गई।

किसान दिवस के अवसर पर उपनिदेशक कृषि द्वारा बताया गया कि जनपद में धान की आधारित प्रजाति एमटीयू 7029 बीपीटी 5204 एवं तेलंगाना गोल्ड प्राप्त हो गई है जिसे शीघ्र ही वितरण कराया जाएगा। 30 मई तक जिप्सम प्राप्त होने की संभावना है जिसे किसान खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व अपने खेत में प्रयोग करें। किसान दिवस में नहर विभाग द्वारा अवगत कराया गया की 16 जून से करीब सीजन में नहरों का संचालन रोस्टर के अनुसार प्रारंभ कर दिया जाएगा किसानों द्वारा नेहरों की सफाई कुलावे एवं गुल की मरम्मत हेतु मांग की गई। बिजली विभाग द्वारा जर्जर लाइन को चेंज किए जाने की मांग की गई। गन्ना विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि फसलों का सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है एवं समय से सर्वे कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत केवल अधिसूचित फसल में प्रीमियम कटौती की जाए एवं समय से इसकी सूचना बीमा कंपनी को उपलब्ध कराते हुए फसल क्षति की दशा में क्षतिपूर्ति समय से उपलब्ध कराई जाए। फार्मर रजिस्ट्री अभियान एवं पीएम किसान अभियान अंतर्गत किसानों का पंजीकरण कर जाने की मांग की गई। सीडीओ द्वारा संबंधित सभी विभागों को समय से किसान की समस्याएं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, लीड बैंक मैनेजर पवन कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, भूमि संरक्षण अधिकारी सीपी सिंह, एआर कॉपरेटिव,आनंद मिश्रा, प्रगतिशील किसान सुरेंद्र राय सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान बन्धु आदि उपस्थित रहे।

## अवैध शराब संग एक गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सोनौली।** भारत से नेपाल तस्करी के जरिए भेजी जा रही अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप को सोनौली पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

अंग्रेजी शराब सस्ती होने के कारण लगातार भारत से नेपाल अंग्रेजी शराब की तस्करी हो रही है। नेपाल में छोटे होटलों से लेकर फाइव स्टार होटल तक भारत की अंग्रेजी शराब को परोसा जा रहा है। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि भारत से नेपाल शराब की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर सोनौली पुलिस ने आज दोपहर सोनौली कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा चौराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका और उसके आधार पर पुलिस को उसके पास से 90 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसे वह नेपाल भेजने की तैयारी में था। आरोपी की पहचान मकसेव पुत्र अली अहमद निवासी वार्ड नंबर 8, मधुबन नगर, थाना नौतनवां के रूप में हुई है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था : डॉ. अनिल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के अन्तर्गत बुधवार को विशेष अतिथि आख्यान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ क्षेत्रीय डा अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि इस विशेष आख्यान का सजीव प्रसारण क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ में जूम प्लैटफार्म के माध्यम से किया गया, आख्यान के दौरान पूरे राष्ट्र में एक साथ चुनाव कराने की भारत सरकार की योजना को लागू करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की ओर से उप निदेशक डा कीर्ति विक्रम सिंह, डा रीना कुमारी, डा अनामिका सिन्हा, बस्ती के समन्वयक प्रो सुरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक कुल सचिव डा निशिथ नागर, समस्त कर्मचारी तथा लखनऊ स्थित केंद्र के समन्वयक डा विवेक सिंह, डा राकेश पाठक, डा मनीष सिंह, डा प्रीति अवस्थी, डा एसपी त्रिपाठी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस विशेष व्याख्यान के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा सुनील बंसल एवं प्रो उमा कांजी लाल कुलपति इग्नू उपस्थित रहे। इस व्याख्यान का आयोजन इग्नू मुख्यालय के बाबा साहेब अम्बेडकर सभागार में किया गया तथा इसका सजीव प्रसारण जूम प्लैटफार्म, ज्ञानदर्शन टीवी चैनल तथा यूट्यूब चैनल के माध्यम से पूरे भारत वर्ष में स्थित 57 क्षेत्रीय केन्द्रों तथा 2 हजार 5 सौ अध्ययन केन्द्रों, इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ पर किया गया।

## देश के प्रगति का प्रतीक होता है एनएच : हर्ष मल्होत्रा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फाजिलनगर।** स्थानीय कस्बे के पावानगर महावीर इण्टर कालेज में क्षेत्र के तीन फ्लाई ओवर फाजिलनगर, पटहेरिया, सलेमगढ़ का शिलान्यास के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि यह क्षेत्र बुद्ध और महावीर स्वामी का परिणिर्वाण का स्थल है। यहां के जनप्रतिनिध जनकल्याण के कार्यो में जुटे रहते है। एनएचआई ने यहां किसी ब्लेक स्पॉट का जिक्र रिपोर्ट में नहीं किया था लेकिन सांसद विजय दुबे और सांसद शंशाक मणि ने क्षेत्र के लोगों को समस्या से अवगत होते हुए इस फ्लाई ओवर के निर्माण की जिद्द किया था जिसके चलते यह संभव हो सका है। यह एनएच केवल कंक्रीट नहीं बल्कि भारत के तरक्की का प्रतीक है। प्रदेश सरकार के ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि पिछले दस वर्षों में पुर्वांचल राज्य मार्गों से पूरी तरह जुड़ गया। यह देश के प्रधानमंत्री दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ नाथ प्रयास से संभव हो सका है। इसके पहले विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम जिले के विधायकों के अलावे पूर्व जिलाध्यक्ष डा.प्रेमचंद मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही, राकेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज चौबे, दीपक द्विवेदी, राधेश्याम पाण्डेय, पशुपतिनाथ जायसवाल, कन्हैया शर्मा, रामबृक्ष गिरी, प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, गौरव जायसवाल, आदि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने किया। इसके पहले मंत्री के मंच पर आने पर भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, दिव्यांशु जीत शाही, अनिल जायसवाल, राणा प्रताप सिंह, अमलेश तिवारी, शेषनाथ मिश्रा, मुन्नू मिश्रा, नंदकिशोर पाण्डेय, प्रदीप सिंह, ओमप्रकाश रौनियार राणा प्रताप मिश्र, शैलेन्द्र तिवारी, अभिषेक तिवारी, सुबोध तिवारी आदी उपस्थित रहे। सभा शुरू होने बाद तक मंच के पास वेल्डिंग करता रहा एनएचआई। कस्बे के पावानगर महावीर इण्टर कालेज में फ्लाई ओवर शिलान्यास करने पहुंचे केंद्रीय सड़क परिवहन विभाग राज्य मंत्री हर्ष मलहोत्रा के मंच पर पहुंचे के कुछ देर पहले तक एनएचआई जिम्मेदार मंच की पास वेल्डिंग कराते रहे। जबकि कार्यक्रम को भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष संबोधित कर रहे थे ओर पूरे पंडाल में भारी संख्या में लोग पहुंच चुके थे। वेल्डिंग से निकलती चिंगारी पर जब सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ी तो किसी अनहोनी के आशंका से वैल्डिंग को रुकवाया।

## किसानों को दी गौ आधारित प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** सीडीओ गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित मई-2025 माह के किसान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंधी तूफान, अत्यधिक वर्षा, ओला से हुए फसल क्षति आकलन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उप कृषि निदेशक द्वारा पिछले किसान दिवस में प्राप्त 9 शिकायतों का निस्तारण की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गयी। जनपद के सभी कृषकों को गौशालाओं में भूसा दान के लिए सहयोग का आवाहन किया तथा गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कृषकों को जानकारी दी तथा अवगत कराया कि जनपद में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए कृषि सखियों का प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र सरगटिया पर कराया जा रहा है। कृषक महेन्द्र मणि त्रिपाठी ने आवारा बछडें उठाये नही जाने की शिकायत पटल पर रखी जिस पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने अवगत कराया आप हमें सूचना दे विभाग तत्काल उसका निस्तारण कराया जाएगा। कृषक आनन्द तिवारी द्वारा धान की उपलब्धता के बारे में जानकारी चाही जिस कम में जिला कृषि अधिकारी कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में धान बीज की उपलब्धता विभिन्न प्रकार के धान की प्रजाति राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपलब्ध है।

## पुरैना खास में हुई सामुदायिक बैठक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी यूनिट हरैया के ग्राम पुरैना खास में प्रधान के घर पर बैठक का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि बाल और नाखून को छोड़ दें तो टीबी आंख, नाक, किडनी, लिवर, स्प्लीन, आंत, ब्लैडर, लिंफ नोड्स, हड्डियां या ब्रेन में भी हो सकती है। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर मोहम्मद सऊद ने बताया कि टीबी अब पूर्णतया ठीक होने वाली बीमारी है। वरिष्ठ टीबी प्रयोगशाला पर्यवेक्षक संजय कुमार पांडेय ने बताया कि टीबी की जांच और इलाज सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क है। बबली भारती ने बताया कि ईलाज पूर्ण करने तक निक्षय पोषण योजना के तहत 1 हजार रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। इस दौरान प्रधान मोहम्मद सलीम, आशा गीता सिंह, शायरा बानो, जाहिदा खातून, रेहाना बानो, प्रवीन बानो, मुहम्मद रिजवान, मोहम्मद शमीम, गुलाम रसूल, आमिना खातून, आमिना बानो मुहम्मद शाहिद उपस्थित रहे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ में डॉ विकास को मिली जिम्मेदारी



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन ने सात सदस्यीय आईटी सेल का मनोनयन किया गया है जिसमें संघ के उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी डॉ विकास भट्ट कामिल को भी स्थान मिला है। डा कामिल जनपद बस्ती के आनंद इंटर कॉलेज.बेलहरा में अंग्रेजी शिक्षक हैं तथा पिछले लगभग डेढ़ दशक से संगठन के क्रियाकलाप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। जनपदीय कार्यकारिणी में कई वर्षों तक विभिन्न पदों पर मनोनयन के पश्चात वर्ष 2021 में हुए संगठन के जनपदीय चुनाव में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके मनोनयन पर उनके शुभचिंतकों ने बधाइयां दिया है।

## रोजगार मेले में 24 का हुआ चयन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** राजकीय आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एमसीसी के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट डे रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आईटीआई में हुआ। नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई गोविन्द कुमार ने बताया कि प्लेसमेंट डे वृहद रोजगार मेला में देश की प्रतिष्ठित कंपनी अशोका लीलैंड लिमिटेड रुद्रपुर उत्तराखंड हेतु शिवम इंटरप्राइजेज प्लेसमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह द्वारा 76 ने प्रतिभाग किया गया, जिसमें 24 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण शिशिक्षु एके राणा द्वारा अभ्यर्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेंद्र प्रताप वर्मा ने अभ्यर्थियों को कैंपस में साक्षात्कार का तरीका एवं अनुशासित रहने के बारे में जानकारी दिया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार द्विवेदी, कार्यदेशक रामदीन गौतम, अरविंद कुमार, अनूप कुमार वर्मा, नंद मोहन सिंह, विजय कुमार शर्मा, पंकज श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।

## मंदिर के सामने से हटेंगी शराब की दुकान

**आनन्दनगर।** फरेंदा कस्बे में शिव मंदिर के सामने स्थित देशी शराब की दुकान को स्थानांतरित किया जाएगा। यह दुकान वार्ड नंबर 18 की लोहिया मार्केट में स्थित है। आरोप है कि देशी शराब की दुकान पूर्व में वार्ड नंबर 15 में संचालित करने के लिए आवंटित हुआ था, लेकिन 18 में संचालित किया जा रहा है।मनोहर कुमार ने आईजीआरएस व पत्रक के माध्यम से विभिन्न अधिकारियों से हटाने की मांग किया था।इस दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की थी। अब जिला आबकारी अधिकारी ने लोगों की परेशानियों को देखते हुए दुकान को नए स्थान पर स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई धार्मिक स्थल के सामने शराब की दुकान होने के कारण की गई है।अब यह दुकान नवीन स्थान पर संचालित होगी।


## संक्षिप्त समाचार

### भजन कीर्तन व भंडारे का हुआ आयोजन



**बस्ती।** कंपनी बाग शिव मंदिर के सामने वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश अरोरा के संयोजन में ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार पर भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए समाज सेवी ओमप्रकाश अरोरा ने बताया कि विगत 25 वर्षों से ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें महिलाओं द्वारा कंपनी बाग शिव मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पवन मल्होत्रा, जयप्रकाश अरोरा, सुदर्शन, रामचंद्र चौधरी, राजू विश्वकर्मा, साहब सचदेवा, अनूप भाटिया, हजारीलाल, विमल अरोरा, लक्ष्मी अरोरा, प्रवेश मल्होत्रा, दामन, मधु, मीना, संगीता सचदेवा, खुशी जायसवाल मौजूद रहे।

### विधायक ने नये भवन का किया शिलांयास



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** कस्बे मे स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर मे नये भवन का 3 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा व पत्नी बबिता वर्मा द्वारा मंत्रो के साथ पूजापाठ कर किया गया। इस दौरान विद्यालय मे पढ़ने वाले छात्र छात्राओ की सुविधा के लिए विद्यालय मे आई नये चार पहिया वाहन का भी पूजा पाठ कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा की आज हम सब यहाँ एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गर्व के क्षण में एकत्रित हुए हैं विद्यालय में नए भवन के शिलान्यास के अवसर पर।यह केवल एक इमारत की नींव नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हमें गर्व है कि हम शिक्षा को प्राथमिकता देते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य हरिकेश पाठक, हरीश वर्मा, व्यवस्थापक संतोष गुप्ता, अध्यक्ष राजेंद् केडिया, उपाध्यक्ष संजय मित्तल, प्रदीप कमलापुरी, विनीत कमला पूरी, त्रियुगी अग्रहरि, दुर्गेश पांडे, विनय अग्रहरि, अजय जयसवाल, विक्की अग्रहरि, योगेंद तिवारी, मनोज जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

## समर कैंप का हुआ उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**मिठौरा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के आदेश के अनुपालन के क्रम दिग्विजय नाथ इंटरमीडिएट कॉलेज चौक बाजार महराजगंज में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध प्रकार के गतिविधियों में उनकी रुचि उत्पन्न करने तथा प्रतिभा को निखारने हेतु विद्यालय में इक्कीस दिवसीय समर कैंप का आयोजन आज योगाभ्यास द्वारा प्रारंभ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरिन्द्र यादव ने समर कैंप के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि योग व ध्यान हमारे प्राणवायु हैं। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कल के कार्यक्रम का आगाज योग व ध्यान से होगा। पाककला मेहंदी ब्यूटीशियन सिलाई कढ़ाई एवं मूर्ति कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी द्वारा दी गई।

## भगवान की बाल लीला परम कल्याणकारी : भुवनेश शास्त्री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**परसरामपुर, बस्ती।** विकास क्षेत्र के बंदरि गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत पुराण के पंचम सत्र में कथा का रसपान कराते हुए भगवान के बाल लीलाओं की कथा श्रवण कराया। भगवान की बाल लीला, प्रेम और आनंद का प्रतीक है भगवान ने बाल लीला करते हुए पूतना वध, माखन चोरी, कालिया नाग दहन, गोवर्धन पूजा जैसे अनेकानेक लीलाओं को करते हुए भक्तों की रक्षा की भगवान की बाल लीलाओं की कथा श्रवण परम मंगलकारी है।

कथा व्यास ने कथा को विस्तार देते हुए कहा भगवान का बाल स्वरूप बड़ा मनमोहक हैं जो गोकुल वासियों के दिलों पर अमित छाप छोड़ता है बृजवासी इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन की तैयारी में थे, भगवान कृष्ण ने इंद्र की जगह गोवर्धन पूजा करने की सलाह दी इससे इंद्र भगवान कुपित होकर घनघोर वर्षा कर समूचे ब्रज को डुबो देना चाहते हैं ऐसे में भगवान ने गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठा उंगली पर उठा करके बृजवासियों की रक्षा की और इंद्र के घमंड को चूर किया कथा में यजमान मालती मिश्रा, शीतला प्रसाद मिश्र, शिखा मिश्रा, डा अनिल मिश्रा, अमरेश प्रसाद उपाध्याय, ओम प्रकाश, आदर्श, वेद प्रकाश, कृष्ण गोपाल, गौरी शंकर, श्रद्धांजलि, रेखा, उषा, मंजू, जय श्री ने कथा का रसपान किया।

## पांच रक्तदानियों ने किया रक्तदान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को सीएचसी के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पांच ने रक्तदान किया।

रक्त लेने हेतु मेडिकल कॉलेज से आयी टीम द्वारा 11 व्यक्तियों की काउंसलिंग की गयी जिसमें पाँच व्यक्ति रक्त देने हेतु उपयुक्त पाये गये जिनके द्वारा रक्त दिया गया। रक्तदान करने वालों में एक व्यक्ति ऐसा भी था जिसकी आज शादी की वर्षगांठ थी। उस व्यक्ति का नाम कामोद पांडेय है। इसके द्वारा किये गये महादान के लिये लोगों ने खूब साधुवाद एवं शुभकामनाएं भी दिया। रक्तदान करने वालों में सीएचसी के वरिष्ठ लिपिक अमित सिंह, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अनिता यादव, रोहित आदि प्रमुख रहे। अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि एक व्यक्ति रक्तदान करके चार के जीवन को बचाता है। इस दौरान एजाज अहमद, विजयकृष्ण द्विवेदी, आशुतोष कुमार मिश्र, राकेश कुमार पांडेय, सौरभ श्रीवास्तव, रत्नेश यादव, प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# इंजीनियर ही नहीं डॉक्टर भी बनाएगा एमएमएमयूटी

## एमएमएमयूटी में एमबीबीएस की भी होगी पढ़ाई, खुलेगा चिकित्सा संकाय

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अब चिकित्सा संकाय भी खुलेगा। यहां एमबीबीएस के साथ ही चिकित्सा क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों की भी पढ़ाई होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपना चिकित्सा संकाय (स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज) शुरू करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

बीते 2 मई को प्राविधिक शिक्षा विभाग की बैठक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई थी। इसमें मुख्यमंत्री ने प्राविधिक शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधारने के लिए विभिन्न निर्देश दिए थे एवं अपेक्षाएं की थीं। कहा था कि प्राविधिक शिक्षा विभाग में इंटर डिसिप्लिनरी कोर्स खोलने का प्रयास किया जाए। इसे ध्यान में रखते हुए ही एमएमएमयूटी ने अपना चिकित्सा संकाय शुरू करने की योजना पर काम शुरू किया है।

**प्रो. वीके गिरि बनाए गए समन्वयक :** इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए विश्वविद्यालय ने अधिष्ठाता छात्र मामले प्रो वीके गिरि को समन्वयक नियुक्त किया है। प्रो गिरि चिकित्सा संकाय शुरू करने के लिए प्रस्ताव तैयार करेंगे। प्रस्ताव को विवि के संविधिक निकायों की सहमति के लिए बैठकों मे प्रस्तुत किया जाएगा।

**एमबीबीएस की 100 सीटों के लिए होगा आवेदन :** आरंभिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नेशनल मेडिकल कमीशन में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की मान्यता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। नेशनल मेडिकल कमीशन की सहमति मिलने के बाद पाठ्यक्रम आरंभ होगा। शुरू में एमबीबीएस की 100 सीटों की मान्यता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। विश्वविद्यालय की योजना पहले एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू करने की है। उसके बाद भविष्य में बीडीएस, बीबीए इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, बीएससी नर्सिंग, बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, एमडी, एमएस, एमडीएस समेत विभिन्न डिप्लोमा- सर्टिफिकेट कोर्स जैसे साइकोलॉजिकल मेडिसिन, पब्लिक हेल्थ, ऑर्थोपेडिक्स, इंडस्ट्रियल हाइजीन, डायबिटोलॉजी, चाइल्ड हेल्थ, एनेस्थीसिया, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, मेडिकल रेडियोलॉजी, ऑप्थॉलमोलॉजी, क्लिनिकल पैथोलॉजी, ऑब्सट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, डर्मेटोलॉजी आदि चलाए जाने की योजना है। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए एक अस्पताल होना भी जरूरी है। विश्वविद्यालय की योजना है कि किसी सरकारी अस्पताल के साथ मिलकर यह पाठ्यक्रम शुरू किया जाए। इसकी संभावना तलाशने के लिए समन्वयक प्रो. वीके गिरि को गोरखपुर जिला चिकित्सालय, राजकीय क्षय रोग चिकित्सालय के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संपर्क स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया है। एमएमएमयूटी में वर्तमान में चिकित्सा क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान चल रहा है। इनमें ईसीजी रिकॉर्डिंग का डिजाइन और विकास, एचआरवी विश्लेषण, टेलीमेडिसिन, डेटा संपीड़न, व्याख्या और रोग निदान, मायोइलेक्ट्रिक हाथ, मानव शरीर क्रिया विज्ञान पर योग का प्रभाव, बायोमेडिकल उपकरण, मस्तिष्क कंप्यूटर इंटरफेस, न्यूरो रोगों के लिए सिग्नल प्रोसेसिंग, ग्रामीण महिलाओं की स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के लिए चैट बॉट शामिल हैं।

### डॉक्टर-इंजीनियर मिलकर कर सकेंगे अविष्कार

वर्तमान में, इंजीनियरों को किसी समस्या के बारे में सोचने का तरीका डॉक्टरों के दवा के बारे में सोचने के तरीके से बहुत अलग है। बिग डेटा, व्यक्तिगत चिकित्सा और एआई के युग में इंजीनियरिंग का महत्व, विशेष रूप से चिकित्सा में बढ़ रहा है। कार्डियोवैस्कुलर बायोइंजीनियरिंग के क्षेत्र में इंजीनियरों ने रक्त प्रवाह के रोगी-विशिष्ट कंप्यूटर मॉडल बनाए हैं, जो डॉक्टरों को हृदय रोग का निदान और उपचार करने में मदद करते हैं। ये अभूतपूर्व आविष्कार केवल शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और इंजीनियरों की बहु-विषयक टीमों के योगदान से ही संभव है।



विश्वविद्यालय में एमबीबीएस समेत मेडिकल के विभिन्न पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए अलग संकाय खोले जाने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। एमबीबीएस की 100 सीटों से चिकित्सा संकाय खोलने की योजना है। इसे मूर्त रूप देने के लिए समिति गठित की गई है।

**- प्रो. जेपी सैनी,** कुलपति, एमएमएमयूटी

# हैंडबॉल चैंपियनशिप 23 से



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। 36वीं महिला एवं पुरुष फेडरेशन कप हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 23 मई से 26 मई तक वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ, लक्ष्य हैंडबॉल अकादमी एवं खेल प्रोत्साहन समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग में देश की शीर्ष 10-10 टीमें भाग लेंगी। इस टीम में पुरुष वर्ग में इंडियन रेलवे, एसएससीबी, पंजाब, चंडीगढ़, केरल, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, और मेज़बान उत्तर प्रदेश और महिला वर्ग में इंडियन रेलवे, राजस्थान, पंजाब, गुजरात, बिहार, केरल और मेज़बान उत्तर प्रदेश शामिल है। सभी प्रतिभागी टीमों के रहने व भोजन की व्यवस्था वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में की गई है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के प्रमुख आयोजन समिति के सदस्यों में डॉ. आनंदेश्वर पांडेय कार्यकारिणी निदेशक, अमित पांडेय सचिव, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ, डॉ. राजेश यादव आयोजन अध्यक्ष, डॉ. त्रिलोक रंजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंद कुमार यादव सचिव, संजय राय कोषाध्यक्ष, नफीस अहमद कोच है।

# कर्नल कमांडेंट की मानद उपाधि से सम्मानित हुईं कुलपति

## एनसीसी को समर्पण और नेतृत्व के लिए रक्षा मंत्रालय ने दी ऐतिहासिक मान्यता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन को रक्षा मंत्रालय द्वारा कर्नल कमांडेंट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें एनसीसी के प्रति उनके अद्वितीय योगदान और प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ शोधपीठ में आयोजित प्रभावशाली पिपिंग समारोह में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर परिमल भारती, ग्रुप कमांडर ने यह उपाधि प्रदान की।



प्रो. पूनम टंडन यह सम्मान प्राप्त करने वाली देश की एकमात्र महिला कुलपति हैं, जो न केवल विश्वविद्यालय के लिए बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। सम्मान ग्रहण करते हुए प्रो. टंडन ने कहा यह केवल मेरा नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के सामूहिक प्रयासों का सम्मान है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई में 350 से अधिक कैडेट्स सक्रिय हैं, जो सामाजिक सेवा, रक्तदान, और आपदा प्रबंधन जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। ब्रिगेडियर परिमल भारती ने अपने संबोधन में कहा कुलपति महोदया के नेतृत्व में एनसीसी गतिविधियां सशक्त हुई हैं। उन्होंने प्रशिक्षण अवसंरचना, हथियार एवं आधुनिक सिम्युलेटर की व्यवस्था में जो सहयोग दिया है, वह अनुकरणीय है। सेवानिवृत्त डीआईजी कीर्ति चक्र से सम्मानित एनएनडी दुबे ने कहा गर्ल्स बटालियन का प्रदर्शन भारत की नई सामाजिक चेतना का प्रतीक है। हमें प्रो. टंडन जैसी दूरदर्शी कुलपति पर गर्व है। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही एनसीसी कैडेट्स की संख्या 20 लाख के आंकड़े को पार करेगी। समारोह का समापन प्रो-वाइस चांसलर प्रो. शंतनु रस्तोगी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें उन्होंने कुलपति के नेतृत्व को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि पूरा विश्वविद्यालय उनके दिखाए मार्ग पर चलता रहेगा।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे कोई भी लाभार्थी : कमिश्नर

## सीएम डैशबोर्ड से जुड़े मण्डल स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने बुधवार को आयुक्त सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे।



कमिश्नर ने सीएम डैशबोर्ड से संबंधित मण्डल स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मण्डल में सोलर पावर प्लांट की स्थापना का जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा में उन्होंने अधिकारियों को ट्रांसफार्मर समय से बदलने, विद्युत आपूर्ति की स्थिति बेहतर करने और राजस्व संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिया और कहा हर घर नल योजना के अंतर्गत उन्होंने जल निगम ग्रामीण को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण परीक्षा आकलन, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण तथा मध्यान्ह भोजन योजनाओं में सुधार लाने पर ज़ोर दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, कृषि विभाग, पशुधन विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग समेत विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। राजस्व विभाग को धारा 24, 34, 80 तथा 116 के अंतर्गत लंबित वादों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिए। जनसुनवाई समाधान प्रणाली की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे जनता का भरोसा बना रहे। बैठक में गोरखपुर के डीएम कृष्णा करुणेश, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी सहित देवरिया, कुशीनगर व महाराजगंज के डीएम, सीडीओ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# एम्स में लगायी जाएगी ऑटोमेटिक टोकन मशीन

**गोरखपुर।** एम्स में अब ओपीडी में पर्चे बनवाने के लिए लंबी लाइनों में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक टोकन मशीन लगाने का फैसला किया है। जिससे मरीजों को पंजीकरण और डॉक्टर से मिलने के लिए तुरंत टोकन मिलेगा। इस नई व्यवस्था से न केवल समय की बचत होगी बल्कि मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। पहले चरण में यह सुविधा मेडिसिन और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में शुरू होगी। एम्स की ओपीडी में रोजाना करीब 4000 मरीज आते हैं। सुबह 7 बजे से ही पर्चा बनवाने के लिए कतार लग जाती है। इससे मरीजों, विशेषकर बुजुर्गों को काफी परेशानी होती है।

# धर्मशाला बाजार में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गत दिनों में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए न केवल आतंकवादियों के कई ठिकानों को ध्वस्त किया, बल्कि कई खूंखार आतंकवादियों को भी मार गिराया। इस अद्वितीय सैन्य अभियान ने पूरे देश में सेना के पराक्रम, साहस और शौर्य की मिसाल पेश की है। इस सफलता पर देश भर में उत्साह की लहर दौड़ गई है और भारतीय सेना के अदम्य साहस का सम्मान करते हुए शहर में तिरंगा शौर्य यात्राएं आयोजित की जा रही हैं।



इसी कड़ी में धर्मशाला बाजार वार्ड में भव्य तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा धर्मशाला बाजार से किया गया। सभी ने मिलकर भारतीय सेना के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिनके नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध यह निर्णायक अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष जसपाल सिंह, भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद शशांक शेखर त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सिद्धांतों घोष, राजेश तिवारी, पूर्व पार्षद प्रत्याशी धर्मशाला बाजार, बब्लू गुप्ता पार्षद धर्मशाला बाजार , जगनयन सिंह नीटू, अनुसूचित मोर्चा के महानगर महामंत्री दुर्गेश कोरी, श्विक्की कुकरेजा महानगर कार्यमिति सदस्य भाजपा , जितेन्द्र चौधरी जीतू दिवाकर पाण्डेय, विनय वैश्य वार्ड अध्यक्ष भाजपा, मोनू खान युवा नेता, सचिन गुप्ता, पूर्व पार्षद प्रत्याशी शैलू गुप्ता, सन्तोष चौहान, संतोष गुप्ता, डब्लू खान, मो.आलम, विक्की सिंह, चन्दन गुप्ता, रवि गुप्ता, रामू गुप्ता, मुकेश जायसवाल, शक्ति सोनकर सफी अहमद बाबू भाई, उत्तम कुमार, अरविन्द गुप्ता, शशांक जायसवाल, गंगेज जायसवाल, सक्षम सिंह उपस्थित रहे।

# चार दिन में पकड़े 765 बिना टिकट यात्री

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल के निर्देश पर वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक, दावा, टिकट जांच, पीएम एवं सामान्य के नेतृत्व में 16 मई से 20 मई तक गोरखपुर से मनकापुर, गोरखपुर से बस्ती, गोरखपुर से गोण्डा एवं गोरखपुर से सीवान खंड में वाणिज्य विभाग द्वारा गहन मॉनिटरिंग एवं विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया, जिसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जॉच की गयी, जिसके फ्लस्वरूप कुल 765 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामलें में कुल रूपया 5,65,140 का रेल राजस्व की वसूली किया गया।

# बढ़नी के रास्ते चलेगी अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** लखनऊ मंडल के टिनिच-गौर स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 214/सी एवं 119/सी पर सीमित ऊँचाई के सब-वे निर्माण कार्य हेतु ब्लॉक दिए जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण व नियंत्रण किया जाएगा।

**मार्ग परिवर्तन :** आनंदविहार टर्मिनल से 22 मई को चलने वाली 15530 आनंदविहार टर्मिनल - सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी। तिरूवनंतपुरम नार्थ से 21 मई को चलने वाली 12512 तिरूवनंतपुरम नार्थ - गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 22 मई को चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलायी जायेगी। गोरखपुर से 26 मई को चलने वाली 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फ्लस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव खलीलाबाद, बस्ती एवं मनकापुर स्टेशनों पर नही रहेगा। सहरसा से 25 मई को चलने वाली 05577 सहरसा-आनंदविहार टर्मिनल विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढनी-गोण्डा के रास्ते चलायी जायेगी।

**शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन :** प्रयागराज संगम से 23, 26 मई एवं 2 जून को चलने वाली 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस बस्ती के स्थान पर मनकापुर में यात्रा समाप्त करेगी। बस्ती से 23, 26 मई एवं 2 जून को चलने वाली 14232 बस्ती-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस बस्ती के स्थान पर मनकापुर से चलायी जायेगी।

**पुनर्निर्धारण :** दिल्ली से 22 मई को चलने वाली 04026 दिल्ली-रक्सौल विशेष गाड़ी दिल्ली से 180 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। अयोध्या धाम से 23 मई को चलने वाली 65116 अयोध्या धाम-बढनी मेमू गाड़ी अयोध्या धाम से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। गोरखपुर से 26 मई को चलने वाली 12587 गोरखपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस गोरखपुर से 30 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी। गोमतीनगर से 2 जून को चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कमाख्या एक्सप्रेस गोमतीनगर से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी।

**नियंत्रण :** साबरमती से 22 मई 2025 को चलने वाली 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 75 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायगी। कटिहार से 25 मई को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस वाराणसी मंडल पर 35 मिनट एवं लखनऊ मंडल पर 35 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायगी। कामाख्या से 25 मई को चलने वाली 15655 कामाख्या - श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस वाराणसी मंडल पर 25 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायगी। दरभंगा से 26 मई को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी वाराणसी मंडल पर 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायगी। बरौनी से 26 मई को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी वाराणसी मंडल पर 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायगी। आनंद विहार टर्मिनस से 1 जून को चलने वाली 14012 आनंद विहार टर्मिनस - राधिकापुर एक्सप्रेस मार्ग में 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**चौरीचौरा।** सरदारनगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मंडल अध्यक्ष राजदेव पासवान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला। यह यात्रा सोनबरसा बाजार में शर्मा कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर पंचायत भवन पर जाकर समाप्त हुई। मंडल अध्यक्ष ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता के उपलक्ष्य में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सरदार नगर हरेंद्र यादव, भाजपा नेता राजेंद्र पांडेय, जिला पंचायत सदस्य सुरेश पासवान, विनोद शर्मा, सोनू चौरसिया, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र प्रजापति, पवन सिंह, अनिल शामिल रहे।

# राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**सहजनवा।** कांग्रेस कैम्प कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार पांडेय ने राजीव गांधी के बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में आत्मघाती हमले में राजीव गांधी शहीद हुए थे। पांडेय ने कहा कि यह बलिदान भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के लिए था। निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष गब्बू लाल प्रजापति ने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। संचालन पूर्व जिला महासचिव घटोत्कच शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश मिश्रा, छेदीलाल चौबे, राजदेव तिवारी, बलिराम कनौजिया, संजय सिंह, सुनील पांडे, महेश तिवारी, सर्वेश पांडेय मौजूद रहे।

# रेलकर्मियों को दी गई अहिंसा की शपथ

**गोरखपुर।** आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर 21 मई को अपर महाप्रबन्धक डीके सिंह द्वारा महाप्रबन्धक कॉन्फ्रेंस हॉल, पूर्वोत्तर रेलवे में रेलकर्मियों को अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखने की शपथ दिलाई गयी। इस दौरान सामान्य प्रशासन विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी एवं रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर स्थित विभिन्न विभागों, कार्यालयों, कारखानों सहित मंडल, मुख्यालयों- लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर में भी रेलकर्मियों को आतंकवाद विरोध दिवस की शपथ दिलाई गई।

# बाढ़ के खतरे से मुक्त होगा राम जानकी महामार्ग, बनेंगे रेगुलेटर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** चिल्लूपार के दक्षिणांचल स्थित सैकड़ों ग्रामवासियों की जीवनरेखा राम जानकी मार्ग के उच्चीकरण और चौड़ीकरण के तेजी से चल रहे कार्य के बीच मार्ग के निर्माण की तकनीकिक चिंताओं के समाधान के लिये चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने एन एच आई, सिंचाई विभाग और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।



बुधवार को विधायक राजेश त्रिपाठी ने अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन अयोध्या जनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 227 (राम जानकी मार्ग) के निरीक्षण के दौरान मार्ग के निर्माण से सम्बन्धित शंकाओं पर चर्चा किया और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बता दें कि चिल्लूपार के दक्षिणांचल में ग्रामीणों को बाढ़ और आवागमन के साथ अन्य समस्याओं के समाधान हेतु राप्ती नदी के किनारे आच्छीडीह से सराय तक करीब 6 किमी के क्षेत्र में तटबंध प्रस्तावित है।

इसी क्रम में एनएचआई के अधिकारियों से ज्ञात हुआ कि निर्माणाधीन राम जानकी मार्ग पर खड़ेसरी से पटना गांव के बीच 16 किमी सड़क के बीच 2 मीटर चौड़ा और 2 मीटर ऊंचा 11 कलवर्ट (पुलिया) बनाई जाएगी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों ने चिन्ता जताई कि इस कलवर्ट के बनने से आच्छीडीह सरया तटबंध को खतरा उत्पन्न हो जायेगा और ग्रामीणों को बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ेगा। विधायक राजेश त्रिपाठी ने भारत सरकार को पत्र लिख कर जानकारी दी और संभावित खतरों से अवगत कराते हुये, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी इसकी जानकारी दिया। जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और विधायक से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। विधायक ने स्थानीय परिस्थितियों का समझे बिना मार्ग का डीपीआर तैयार करने के लिए अधिकारियों को लताड़ भी लगाया। अन्ततः सभी बिन्दुओं पर चर्चा के बाद सहमति बनी कि मार्ग पर खड़ेसरी से सीधेगौर के बीच में पूर्व प्रस्तावित 7 कलवर्ट के स्थान पर केवल तीन कलवर्ट बनेंगे और तीनों क्लवर्ट में रेगुलेटर लगाए जाएंगे। इसी तरह सीधेगौर और पटना के बीच 03 क्लवर्ट बनेंगे। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश त्रिपाठी, जनसेवा संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, ओमप्रकाश त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, बृजेश वर्मा, गुड्डू बाबा, एनएचआई के प्रोजेक्ट इंचार्ज बी सुब्रमण्यम, टेक्निकल इंचार्ज अरविन्द श्रीवास्तव, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नीरज राय, कार्यदायी संस्था जानकी कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर एस गोस्वामी मौजूद थे।

# सब्जी तोड़ते समय गिरी आकाशीय बिजली, बेटे की मौत, मां झुलसी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हृदय विदारक घटना उस वक्त हुई जब मां-बेटे खेत में सब्जी तोड़ रहे थे। घायल मां का इलाज जारी है।

रजहीं गांव में सुबह 9 बजे आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान परिवार के दो सदस्य चपेट में आ गए। घटना उस समय हुई जब रजही शिव टोला निवासी कैलाशी और उनका 19 वर्षीय बेटा धीरज मौर्य खेत में सब्जी तोड़ रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली मां-बेटे पर गिर गई। दोनों घायलों को तुरंत एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने धीरज मौर्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कैलाशी को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। सुबह अचानक मौसम बदला और तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई. इसी दौरान एक जोरदार चमक के साथ आकाशीय बिजली धीरज मौर्य और कैलाशी पर गिरी। बिजली का झटका इतना जबरदस्त था कि धीरज मौर्य मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े. उनकी मां कैलाशी भी बुरी तरह झुलस गई। डॉक्टरों ने धीरज मौर्य को मृत घोषित कर दिया, जबकि कैलाशी देवी को गंभीर हालत में भर्ती कर लिया गया। कैलाशी देवी का इलाज जारी है। स्थानीय प्रशासन ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# बड़े मंगलवार पर बांटे गई हनुमान चालीसा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार को श्री शिव जी के शक्ति एवं भगवान श्रीराम के प्रति आस्था रखने वाले हनुमान जी के अदम्य साहस और अलौकिक शक्तियों अनन्य भक्त बड़हलगंज नगर पंचायत के लालगंज मोहल्ला निवासी एवं अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गी महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गोरखपुर के जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल द्वारा रामलीला रंगमंच के बगल में सिद्ध पीठ श्री ठाकुर द्वारा मंदिर के प्रांगण में ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार के दिन भव्य सुंदरकांड एवं भजन संध्या तथा भक्तगणों के बीच प्रसाद व हनुमान चालीसा आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को धर्म कर्म में रुचि रखनी चाहिए। इसीलिए क्षेत्रों में मेरे द्वारा उचित अवसरों पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है और आगे भी बालाजी की कृपा से तारीख 27 मई को इसी तरह बाबा जलेश्वर नाथ श्री हनुमान जी के प्रांगण में सुंदरकांड एवं भजन संध्या तथा विशाल भंडारा व प्रसाद एवं हनुमान चालीसा का वितरण होना सुनिश्चित है।जिसमें भजन गायक चंदन मोदी द्वारा संगीतमयी सुंदर कांड भजन संध्या किया जाएगा। इस दौरान भक्तगणों में प्रमुख रूप से उमेश जायसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, कृष्ण कुमार राय, बबलू आमोद गौड़ राजकुमार, रमेश, मनोज जायसवाल, ईश्वर जायसवाल, राजीव जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, अभिषेक जायसवाल गणेश जायसवाल, अमन जयसवाल दिनेश चौरसिया, अभिषेक चौरसिया अर्पित वर्मा, साहस पांडेय, गोपाल साहनी, भोलू सैनी, संजय जायसवाल रवि, सूरज, शुभम , मुकेश मद्धेशिया मंटू जायसवाल, अरविंद मद्धेशिया अनिल जायसवाल, किशन चौरसिया सनी, संदीप वर्मा, आकाश गुप्ता, राजेश तिवारी, अभिषेक सोनकर रिंकू सोनकर मौजूद रहे।



# एमजीयूजी में दो केंद्रों पर हुई प्रवेश परीक्षा

## परीक्षार्थियों और अभिभावकों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने किए बेहतरीन इंतजाम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2025-26 में दूसरे चरण के अंतर्गत फार्मेसी संकाय, कृषि संकाय व संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा बुधवार को विश्वविद्यालय के दो केंद्रों नर्सिंग व पैरामेडिकल संकाय तथा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सकुशल संपन्न हुई।



प्रवेश परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों के लिए सहायता केंद्र, अभिभावकों के लिए परिसर में जल के साथ गुड़, वाहनों के लिए समुचित पार्किंग, निशुल्क स्वस्थ्य जांच और आपात स्थिति के लिए सम्पूर्ण चिकित्सीय प्रबंध कर रखे थे। प्रवेश परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने परीक्षा केंद्रों समेत समस्त महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर परीक्षा के कुशल क्रियान्वयन हेतु जरूरी दिशानिर्देश दिए। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि बुधवार को हुई प्रवेश परीक्षा में 92 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। डॉ. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन और पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा 25 मई को होगी।

# मुख्य वनरक्षक ने भारत नेपाल सीमा का दो दिवसीय भ्रमण



रूपईडीहा बहराइच।उत्तर प्रदेश के प्रधान मुख्य वनरक्षक सुनील चौधरी ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत नेपाल सीमावर्ती जिला बहराइच का दो दिवसीय भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। सर्व प्रथम वह भारत नेपाल सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा के वन विभाग में बने विश्रामगृह में रात्रि लगभग 10 बजे पहुंचे तथा वहीं पर रात्रि विश्राम किया।मौजूदा स्थिति को देखते हुए प्रधान वनरक्षक का यह दौरा सीमावर्ती क्षेत्र के लिए बहुत अहम माना जा रहा है। प्रभागीय वन अधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह में जानकारी देते हुए बताया की प्रधान वनरक्षक उत्तर प्रदेश के बहराइच दौरे के क्रम में मंगलवार को रूपईडीहा विश्रामगृह पहुंचे जहां पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया और सुबह 10 बजे इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट रुपईडीहा में देवीपाटन मंडल जिसमें बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती,गोंडा तथा कतर्निया घाट वनप्रभागों के प्रभागीय वन अधिकारीयो, डीएफओ, एसडीओ एवं वन क्षेत्र अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों के संबंध में बैठक ली।उन्होंने संबंधित सीमावर्ती वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमा से लगे आरक्षित वन क्षेत्र तथा देश की सुरक्षा के लिए एस एस बी व स्थानीय पुलिस के साथ बराबर संयुक्त ग्रस्त करने का निर्देश दिया। जिसमें वन विभाग द्वारा ग्रीन चौपाल आयोजित करने का भी निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान रूपईडीहा रेंज व अब्दुल्लागंज रेंज कार्यालय तथा वन क्षेत्र में किए गए वृक्षारोपण का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वन संरक्षक देवीपाटन मंडल मनोज कुमार सोनकर, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, डीएफओ कतर्नियाघाट शिव शंकर, डीएफओ श्रावस्ती धनराज, डीएफओ गोंडा पंकज शुक्ला सहित समस्त एसडीओ वह रेंज अधिकारी सहित वन विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्षेत्राधिकारी की लापरवाही से काटे जा रहे हरे पेड़

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** पर्यावरण को लगातार चोट पहुंचाने का कार्य वन माफियाओं द्वारा वन विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से किया जा रहा है। लगातार हरे पेड़ों की कटाई के कारण ग्लोबल वार्मिंग दस्तक दे रही है उसके बावजूद ये दो पैर वाले प्राकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे है जिसका खामियाजा इनके वंशजों को भुगताना होगा। वन रेंज लालगंज अन्तर्गत कोतवाली लालगंज क्षेत्र लालगंज से जलेशरगंज मार्ग पर स्थित शिव लाल का पुरवा मजरे असराही मे बुधवार को वन माफियाओं ने एक जूना महुआ पेड़ को धरती से जुदा कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्रा को उनके दूरभाष पर सूचित किया गया उसके बावजूद एक घंटे से अधिक समय तक वन विभाग का कोई जिम्मेदार वहां नहीं पहुंचा यही नही कोतवाल नीरज यादव के सीयूजी पर भी सूचित किया गया लेकिन कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा जिस कारण वन माफिया थार गाड़ी खड़ीकर दबंगई पूर्वक प्रतिबंधित हरे महुआ पेड़ की बोटी बोटी करके ट्रैक्टर ट्रॉली पर लाद ले गए।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

**नानपारा बहराइच।** , भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गाँधी जी की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी नानपारा के तत्वावधान में फल मण्डी में राशिद अली के अध्यक्षता में आयोजित संकल्प सभा के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नेता विनय सिंह धर्मेन्द्र चौधरी के साथ उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने राजीव गाँधी जी के चित्र पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर हार्दिक शैल्यूट किया। इस दौरान संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सादिक अली के द्वारा कार्यक्रम के आयोजक जो एन एस यू आई के पूर्व जिलाध्यक्ष तथा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राशिद अली को नगर कांग्रेस कमेटी नानपारा का अध्यक्ष बनाने हेतु किए गए प्रस्ताव पर उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने हाथ उठा कर पुरजोर समर्थन किया। जिसे जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी भावनाओं का सम्मान रखने तथा संगठन हित में कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे सम्पूर्ण जनपद के संगठन तैयार कर रहे हैं जिसकी विधिवत् घोषणा उत्तर प्रदेश व ए आई सी सी से नियुक्ति प्रभारियों तथा कोआर्डीनेटर के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान नानपारा कोतवाली पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न पर आर पार का संघर्ष करने का ऐलान किया गया। किसान कांग्रेस के पुर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गाँधी जी को युग परिवर्तन कारी बताते हुए उनके स्वप्नों के अनुरूप भारत बनाने पर बल दिया। वरिष्ठ नेता विनय सिंह ने कहा कि राजीव गाँधी जी के द्वारा 18वर्षीय मताधिकार, संचार क्रांति पंचायती राज व्यवस्था जवाहर रोजगार योजना आदि जनहितैषी कार्यो पर प्रकाश डालकर वर्तमान नेताओं को राजीव गाँधी जी से प्रेरणा लेने की बात कही। हमजा शाहिद ने कहा कि शीघ्र जनपद, ब्लॉक और नगर कमेटियों का प्रकाशन कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के अनुमोदन के पश्चात कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजीव गाँधी जी के सादा जीवन, त्याग संघर्ष और बलिदान का हमे अनुकरण करना चाहिए। इस अवसर शरीफ खां इस्लाम अली एहसान वारिस प्रेम श्रीवास्तव विकास तिवारी रिषभ सिंह सहित कई नेताओं ने अपने अपने सम्बोधन में राजीव गाँधी जी के कृतित्व और ब्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## खबर एक नजर

### 60 वाहनों का हुआ चालान

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती ।** थाना सिरसिया पुलिस' द्वारा अभियुक्त भूरे उर्फ छोटकउ पुत्र झल्लर उर्फ तैयब निवासी घोघवा कला थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के कब्जे से '10 लीटर' अवैध कच्ची शराब बरामद होने के अपराध में थाना सिरसिया पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।थाना हरदत्त नगर गिरंट पुलिस' द्वारा अभियुक्त आजाद खां पुत्र नसीरुद्दीन खां निवासी छेदागांव थाना नवाबगंज जनपद बहराइच के कब्जे से '01 नाजायज चाकू' बरामद होने के अपराध में थाना हरदत्त नगर गिरंट पर धारा 4च्25 शस्त्र अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। जनपद श्रावस्ती के विभिन्न थाना क्षेत्रों से शांतिभंग करने के आरोप में कुल '28' व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंदी हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैरियरध्चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गयी, जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान '60 वाहनो' का मोटर वाहन अधिनियम से ई-चालान कर 'रू0 1,43,100 का शमन किया गया।

### खाते से ठगे गए रूपयों को कराया वापस

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चैरसिया' के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद श्रावस्ती गौरव सिंह के प्रयास से शिकायतकर्ता प्रज्ञा सिंह के बैंक खाते से साइबर अपराधियों द्वारा धोखाध?ी कर रुपयें ठग लिये गये थे। साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद श्रावस्ती द्वारा कार्यवाही कर 15,000 रू0(पन्द्रह हजार रूपये) वापस कराये गए।शिकायतकर्ता प्रज्ञा सिंह निवासी जजेज कालोनी जनपद श्रावस्ती द्वारा दिनांक 03.05.2025 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया गया था। जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा टेलीग्राम ग्रुप ÷।ांतपजप÷ रखते हुए भावनात्मक रूप से माॅ के रोड एक्सीडेन्ट का हवाला देते हुए आर्थिक मदद की गुहार करके कुल 26,500 रूपये का फ्रॉड किया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह व उनकी टीम द्वारा तत्परता से 'कार्यवाही करते हुए वादी पी?ित के बैंक खाते में 15,000 रु0 की धनराशि को वापस कराया गया। शेष धनराशि वापस कराने की कार्यवाही प्रचलित है।

### नायब तहसीलदार बलहा पर रिश्वत लेने का आरोप

**स्वतंत्र भारत,नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ककरहा , बोधवा निवासी कंधईलाल, सुरेश, गुरप्रसाद ने नायब तहसीलदार बलहा पर आरोप लगाया है, कि उनके द्वारा हम लोगों से 1 लॉक 10 हजार रुपये व 1 किलो बर्फी लेकर न्यायालय में चल रहे वाद का उचित फैसला हमारे पक्ष में सुना दिया जाएगा, और रिश्वत ले ली गई। वहीं मुकदमे के विपक्षीगणों ने प्रार्थी द्वारा दी गई रकम से दुगनी रकम दे दी गई जिससे फैसला प्रार्थी के पक्ष में न होकर विपक्ष को कर दिया गया। जब प्रार्थी ने अपने पैसे की मांग की तो हीला हवाली होने लगी। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब जमकर वायरल होने लगा। पीड़ित की फरियाद को सुनते हुए जिलाधिकारी बहराइच ने नायब तहसीलदार बलहा राजदीप यादव को जिला मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। वहीं अब तो लोगों का विश्वास न्यायालय से भी उठने लगा, कि न्याय की कुर्सी पर बैठे हुए लोग जब इस तरह गरीबों का दोहन करके तथा उनका खून चूस कर न्याय देंगे तो कैसे लोग करेंगे न्यायालय पर विश्वास, यथार्थ कहावत सही सिद्ध हो रही है, पैसा बोलता है।

### तेज हवा के साथ झूम के बरसे बदरा गिरे ओले

**स्वतंत्र भारत,नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत सुबह 7 बजे झूम कर तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से आम जनमानस को गर्मी से तो राहत मिली साथ ही कृषि कार्य शुरू हुआ। किसानों ने धान का बीज डालकर धान की फसल की तैयारी शुरू की, कहीं-कहीं ओले भी पड़े जनपद बहराइच के नानपारा क्षेत्र में हुई 1 घंटे की बारिश से आम जनमानस को गर्मी से राहत मिली कहीं-कहीं कृषकों ने मक्का की खेती कर रखी थी जो खेतों में काटकर छिलाई करके रखी थी उसके भीग जाने से किसानों का नुकसान भी हुआ अचानक हुई वर्षा से उसे उठाकर घर नहीं पहुंचा सके किसान जिससे मक्का भीग जाने से किसानों का नुकसान भी हुआ है। तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर ओले भी पड़े तेज हवा और पानी के कारण कहीं कहीं पुराने पेड़ पौधे भी गिर गए तेज हवाओं ने टीन शेड से बने हुए मकानों की टीन उड़ा कर काफी दूर फेंक दी जिससे कहीं गर्मी से राहत तो कहीं नुकसान भी हुआ।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**स्वतंत्र भारत,नानपारा बहराइच।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गिरधरपुर गांव में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव गांव के समीप लगी बाग में पेड़ से लटकता देखा गया, खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार थाना मोतीपुर क्षेत्र के जोगनिया गांव निवासी अमृतलाल उम्र लगभग 35 वर्ष मंगल वार को अपने ससुराल गिरधरपुर गांव में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में आए थे। यही किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया विवाद होने के बाद अमृतलाल नशे की हालत में घर से चले गए बुधवार सुबह लगभग 8 बजे गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसका शव पेड़ से लटका हुआ देखा। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानपारा रामाज्ञा सिंह पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंचे डेड बॉडी को पेड़ से नीचे उतरवा कर पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमृतलाल ने दुपट्टे से फंदा बनाकर खुदकुशी की है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रमुख सचिव श्रम ने विहान बालिका एवं बालक विद्यालयों का किया भ्रमण

**बहराइच ।** प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव के साथ जनपद बहराइच का भ्रमण किया। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम द्वारा विहान बालिका आवासीय विद्यालय व विहान बालक आवासीय विद्यालय तथा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया गया ।एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विहान बालक व बालिका आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जाय?ा लिया तथा छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता, बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों से उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि की बाबत पूछते हुए उन्हें पूरी शिद्दत के साथ प?कर समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार दे तथा खेल व कला सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित किया जाय।विहान विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को परखने के लिए प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम ने अन्य अधिकारियों के साथ कतारबद्ध बैठ कर बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता व उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जाय?ा लेते रहें। श्री सुन्दरम ने निर्देश दिया कि अध्ययनरत बच्चों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जायें। विहान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय पहुंचे प्रमुख सचिव के सम्मुख सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योगाभ्यास की मनमोहक प्रस्तुति भी की गई। जिला सेवायोजन कार्यालय के भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव महोदय द्वारा एमसीसी सेंटर का निरीक्षण किया एवं पिछले एक वर्ष में की गई करियर काउंसिलिंग की प्रगति का फीडबैक प्राप्त करने और काउंसिलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। सहायक श्रम आयुक्त बहराइच के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव द्वारा साफ सफाई एवं कार्यालय के रख रखाव एवं कार्यालय संचालन पर संतुष्टि व्यक्त की गई एवं श्रमिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर त्वरित निस्तारण कराने निर्देश दिये गये। सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिया गया कि 12 जून को अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद में बाल श्रम उन्मूलन हेतु वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाय। जिसमें मा. जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय। भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपश्रम आयुक्त मुख्यालय शमीम अख्तर, उपश्रम आयुक्त देवीपाटन मण्डल अनुभव वर्मा, सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, वार्डन विहान बालिका विद्यालय प्रिया, बालक विद्यालय के असद, लखनऊ यूनिवर्सिटी से शिप्रा ,प्रभाकर आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने निर्माणधीन सड़कों का किया औचक निरीक्षण



**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल ने तहसील तुलसीपुर में पीडब्लूडी प्रांतीय खंड द्वारा 02 निर्मित एवं निर्माणाधीन सडक कार्यो का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने हरैया चौधरीडीह मार्ग से संगीतपुर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं नन्दमहरा- पिपरहवा- कौवापुर मार्ग के संचालित चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य का औचक निरीक्षण किया। हरैया चौधरीडीह मार्ग से संगीतपुर मार्ग के पुनर्निर्माण के पूर्ण कार्य का डीएम ने खुदाई कराकर गुणवत्ता परखी एवं निर्माण सामग्री का सैंपल कलेक्ट करा लैब में जांच कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मार्ग पर पुलिया निर्माण का भी निरीक्षण किया , पुलिया निर्माण में प्रयुक्त ईट की गुणवत्ता चेक कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मार्ग पर परियोजना का बोर्ड लगा न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं तत्काल परियोजना का बोर्ड लगाए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने नन्दमहरा- पिपरहवा- कौवापुर मार्ग के संचालित चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य का निरीक्षण किया , उन्होंने मार्ग की चौडाई की माप कराई एवं प्रोजेक्ट में लिए गए अन्य प्रावधानों के अनुसार कार्य का जायजा लिया।

# जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में समर कैम्प का आयोजन

**श्रावस्ती, ।** सू0वि0। शासन के आदेशानुसार जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर आज से जनपद के समस्त विकास खण्डों में समर कैम्प का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खण्ड हरिहरपुररानी के कम्पोजिट विद्यालय पाण्डेय पुरवा में समर कैम्प का आयोजन किया गया है। कैम्प का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद द्वारा किया गया। जिसमें प्रतिदिन प्रथम सत्र के रूप में योग अभ्यास, इनडोर खेल, आनंददायक शिक्षण गतिविधियां, क्राफ्ट व रचनात्मक कार्य किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर उनकी तार्किक क्षमता को ब?ाने के उद्देश्य से अपने विचार साझा किये तथा मन लगाकर प?ने हेतु प्रेरित किया। अन्त में बच्चों के साथ ग्रुप फोटो सेशन भी कराया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परिषदीय विद्यालय में प?ने वाले विशेषकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले अधिकांश बच्चे अपने घरों में ही रहते हैं। बच्चों के लिए नये अनुभव की खोज करना, नये दोस्त बनाना और खेल-खेल में कुछ करके सीखने का यह सही समय है। इस बात को ध्यान में रखते हुए समग्र शिक्षा अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों हेतु शानदार नवाचार ''कमाल का कैम्प॰ कैच-अप अभियान'' समर कैम्प का संचालन 21 मई 2025 से 10 जून 2025 तक प्रतिदिन प्रातःकाल 7 से 10 बजे तक जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों की रूचि के अनुरूप सीखने के आनन्ददायक अनुभव प्रदान करना एवं रचनात्मकता विकसित करना है। इसके अलावा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करना, शिक्षक-विद्यार्थी आत्मीय संबंध एवं जीवन कौशल का विकास करना, बच्चों में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना, ग्रीष्मावकाश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सक्रिय रखना, खेल-कूद, कला, विज्ञान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इसके अलावा जनपद के अन्य विकास खण्डों के विद्यालयों में भी समर कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मनपुर बाजार में समरकैम्प का उद्घाटन मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र द्वारा किया गया। विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय कन्या इकौना में समर कैम्प का आयोजन मा0 विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय के द्वारा किया गया।

# बीडीओ की समीक्षा बैठक में ब्लॉक कर्मियों के छूटे पसीने



**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** गांव के विकास को लेकर सरकार तरह-तरह से ब्लॉक कर्मचारियों पर बंदिशे लगाने का तरीका खोज रही है। जिस कारण समीक्षा बैठकों मे पंचायत सचिवों समेत तकनीकी सहायक आदि के पसीने छूट रहे है।विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ मे बीडीओ विजय शंकर मणि त्रिपाठी के द्वारा ब्लॉक कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमे शासन मंशानुरूप कार्य करने के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक दौरान कई पंचायत सचिव बीडीओ की बातों को बड़े गौर से सुन रहे थे। बीडीओ ने मनरेगा कार्य,कूप मरम्मत,जलाशयों को पानी से लबालब करना, हैण्ड पम्प मरम्मत रिबोर,फैमिली आईडी,सीएम आवास,मियां बाकी पद्धति से वृक्षारोपण, गौशाला मे संरक्षित गौवंशों की देखभाल,पंचायत भवनों को खुला रखने जहां ग्रामीणों के कार्य हो सके,मॉडल गांव,रेट्रो फिटिंग,भूसा दान आदि कार्य कर समीक्षा बैठक की गई।फैमिली आईडी और सीएम आवास में असंतोषजनक प्रगति पर बीडीओ ने पेंच कसे और निर्देशित किया कि एक सप्ताह मे लक्ष्य पूर्ण कर लें अन्यथा विभागीय कार्यवाही के लिए तैयार रहे।दो घंटे की समीक्षा बैठक मे सभी के पसीने छूट गए।

# जुगाड़ू कैटल कैचर की निराश्रित गौवंशों ने की सवारी



**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ क्षेत्र पंचायत से लगभग नौ लाख रुपए से खरीदी गई जुगाड़ू कैटल कैचर की निराश्रित गौवंशों को सवारी करने का सौभाग्य मिला।ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार ने ग्राम पंचायत मोठीन और खंडवा से निराश्रित गौवंश को पकड़कर उन्हें गौशाला मे संरक्षित किया गया।हरे-भरे निराश्रित गौवंश को बुढ़यिापुर और पूरे बीरबल में बने गौशाला मे जुगाड़ू कैटल कैचर से पहुंचाया गया।खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर मणि त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने का कार्य निरंतर चलता रहेगा।गौशाला मे गौवंशों के खाने पीने की पर्याप्त व्यवस्था है।इसलिए इस भीषण गर्मी मे कोई भी गौवंश को आवारा घूमने नही दिया जाएगा।

# गुलरिहवा घाट पर बने लकड़ी के पुल को वन विभाग ने उखाड़ा,आवागमन बाधित



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** विकास खण्ड रेहरा बाजार में स्थित वनरेंज सादुल्लाहनगर अन्तर्गत ग्राम इटई अब्दुल्लाह में स्थित कुआनों नदी के गुलरिहवा घाट पर बने दशकों पुराने लकडी के पुल को वन विभाग ने उखाड कर फेंक दिया है। इस पुल से ग्रामीण लोग नदी पार करते थे, लेकिन वन विभाग की कार्यवाही के बाद अब ग्रामीणों को नदी पार करने के लिए दस किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काटना पड रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस पुल से लगभग पांच वर्षो से अवैध वसूली की जा रही थी, जिसकी शिकायत वन विभाग से की गई थी। लेकिन वन विभाग ने अवैध वसूली पर कार्यवाही करने के बजाय पुल को ही उखाड कर फेंक दिया। ग्रामीण बीरू मलिक, श्याम नारायण,सजीवन आशीष कुमार, मनीष कुमार, प्रज्ञान ओझा आदि लोगों ने बताया कि पूर्व में पुल की नीलामी होती थी,लेकिन लगभग पांच वर्षो से पुल की नीलामी विभाग के द्वारा नहीं की गई। बिना नीलामी के ही वन विभाग की मिली भगत के चलते कुछ स्थानीय लोग लकडी के पुल से नदी पार करने के लिए मनमानी तरीके से धन की वसूल करते थे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अवैध वसूली की शिकायत करने पर वन विभाग ने वसूली करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की, बल्कि पुल को ही उखाड कर फेंक दिया। इस पुल के उखडने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। उन्हें अब नदी पार करने के लिए दस किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काट ना पडता है, जिससे उनका समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहा है, ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान की जाए, जिससे वे आसानी से नदी पार कर सकें। वन रेंजर अधिकारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लकडी के पुल संचालन की जानकारी नहीं थी मुझे केवल वसूली की शिकायत मिली थी। इसीलिए पुल को उखाड कर फेंक दिया गया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का आधुनिकीकरणः केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की पैथ लैब में ऑटोमेटेड ब्लड कल्चर सिस्टम का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** रेलवे कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के केंद्रीय चिकित्सालय के माइक्रोबायोलॉजी एवं पैथोलॉजी विभाग में आज अत्याधुनिक ऑटोमेटेड ब्लड कल्चर सिस्टम (एफ़/वी 33) का उद्घाटन किया गया। यह प्रणाली फ्रांस की कंपनी BIOMÉRIEUX द्वारा निर्मित है और रक्त संक्रमण की त्वरित, सटीक एवं प्रभावी पहचान में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है।

इस प्रणाली का उद्घाटन उत्तर मध्य रेलवे के माननीय प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. हिमांशु मंडल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति एनसीआर की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. एस. के. हंडू चिकित्सा निदेशक केंद्रीय चिकित्सालय, डॉ. प्रकाश मुर्मू अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ. तुलिका मिश्रा अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ. उषा एस.पी. यादव अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक सहित अन्य चिकित्सकगण एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

यह प्रणाली एक साथ 120 कल्चर नमूनों की जांच करने में सक्षम है, जो व्यस्त अस्पतालों के लिए अत्यंत उपयोगी है। यह प्रणाली बैक्टीरिया, फंगस एवं माइकोबैक्टीरिया सहित विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीवों की वृद्धि के लिए उत्तम वातावरण प्रदान करती है। BACT/ALERT 3D यह सभी सुविधाएं एक ही अत्याधुनिक, कॉम्पैक्ट, मॉड्यूलर एवं लचीले



प्लेटफॉर्म में प्रदान करता है। जब प्रयोगशालाएं अधिक कार्यभार, कम समय में रिपोर्ट देने की अपेक्षा और सीमित संसाधनों के प्रभावी उपयोग जैसी चुनौतियों का सामना कर रही हैं, तब यह आवश्यक हो जाता है कि प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली स्केलेबल, कुशल और स्मार्ट हो - और यह प्रणाली इन सभी आवश्यकताओं को पूर्ण रूप से पूरा करती है। डॉ. हिमांशु मंडल, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक ने कहा, 'हम अपने कर्मचारियों और उनके आश्रितों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। इस ऑटोमेटेड ब्लड कल्चर सिस्टम की शुरुआत से हम रक्त संक्रमणों की पहचान में बहुमूल्य समय की बचत कर सकेंगे और उपचार के परिणामों में सुधार होगा। यह रेलवे की स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'उन्होंने यह भी कहा कि रोगों की समय पर पहचान और नियंत्रण में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।'

डॉ. उषा एस.पी. यादव, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक के नेतृत्व में उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य प्रयोगशाला अधीक्षक शिव सागर साव, प्रयोगशाला अधीक्षक श्री उमेश कुमार भारती एवं सभी प्रयोगशाला कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इस प्रणाली की सफल स्थापना सभी विभागों के समन्वित प्रयास का परिणाम है। उद्घाटन कार्यक्रम में सभी चिकित्सकगण, तकनीकी स्टाफ एवं अन्य अस्पताल कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि एनसीआर चिकित्सा क्षेत्र में एकजुट होकर कार्य कर रहा है।

# रेनू पुष्कर छिब्बर ने महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** रेनू पुष्कर छिब्बर ने महानिरीक्षक/आईजी,रेलवे सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया।

रेनू पुष्कर 1994 बैच की अधिकारी है और मूलरूप से लखनऊ की मूल निवासी है।रेनू पुष्कर छिब्बर वर्ष-2022 में महानिरीक्षक/आईजी ने पद पर पदोनन्त होने के उपरान्त DFCCIL नई दिल्ली में महाप्रबन्धक के पद पर कार्य किया। इससेपूर्व इनके द्वारा उत्तर रेलवे,उत्तर पश्चिम रेलवे,रेलवे बोर्ड में महत्वपूर्ण स्थानों पर जिम्मेदारियों कानिर्वाहन किया गया है।रेनू पुष्कर की पहचान प्रारम्भ से ही आरपीएफ कीतेजतर्रार अधिकारी के रूप में रही है। उत्तर



मध्य रेलवे में भी महोदया की तेजतर्रार व ईमानदार छवि के कारण रेलवेमें बढ़ रहे अपराध कम होगें तथा आरपीएफ व रेलवे की अलग छवि देखने को मिलेगी। महानिदेशक/आरपीएफ रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के द्वारामहानिरीक्षक/आईजी अमिय नन्दन सिन्हा को महाकुम्भ-2025 में उनके किये गये अविश्वसनीय व कठिन परिश्रम के कारण एकबड़ी जिम्मेदारी प्रदान करते हुए पूर्व रेलवे कोलकाता में महानिरीक्षक के पद पर नई जिम्मेदारी प्रदान की गयी है।

# आपरेशन सिन्दूर : वीर सैनिकों के सम्मान में मेजारोड में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा, प्रयागराज।** भारत के वीर सैनिकों द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के बाद पूरे विश्व में भारत देश का गौरव बढ़ गया है। आज पूरा देश सेना के पराक्रम को सलाम कर रहा है। भारतीय सेना के हौसले और - शौर्य की गाथा को सलाम करने के लिए बुधवार को मेजारोड में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मेजा शैलेश पाण्डेय इस यात्रा के मुख्य ध्वजवाहक रहे।

मेजारोड चौराहे से शुरू - हुई तिरंगा यात्रा में लोग तिरंगा लेकर भारतीय सेना की शौर्य गाथा की जय जयकार कर रहे थे। हाथों में तिरंगा और मुंह से भारत माता की जय के नारे लगाते हुए लोग सेना के पराक्रम को सलाम कर

**सेना ने दम झोंका है, आतंकवाद को ढोका है**
**चुन-चुन कर मारा है, बदला अब उतारा है**

रहे थे और पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए धन्यवाद भी दे रहे थे। कमलेश मिश्र ने कहा कि सेना ने बार-बार देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है।



इस यात्रा में रहा जन समूह विश्व को बस एक संदेश पाकिस्तान आतंकी देश शहीद भारत माता की जय वंदे मातरम पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे गुंजायमान रहे। यात्रा में रहे भाजपा जिला मंत्री नाथू गुप्ता सुकून है सेवा का गौरव गान जन-जन में हो रहा है। साथ मनीष तिवारी ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है जो जन्मों जन्मों तक याद रखेगा।

## फरहत अली क्लब के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम बोर्डिंग छात्रावास स्थित मैदान पर संचालित होने वाली फरहत अली क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षु खिलाड़ियों का स्थानीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने पर उत्साह बढ़ाया गया। फरहत अली अकादमी की टीम बीते एक साल में कई प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंची है और कई में उसने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। एक सप्ताह पूर्व फरहत अली अकादमी ने ईश्वर शरण मैदान पर अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता बनी थी। मुस्लिम बोर्डिंग छात्रावास के वार्डन इरफान अहमद खान को अकादमी के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी सौंपी। वार्डन ने इनका उत्साह बढ़ाते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के प्रशिक्षक पूर्व रणजी क्रिकेटर सलीम अहमद ने किया। इस मौके पर अंजुम परवेज, सचिन वर्मा, अभिषेक पाठक, वजाहत महमूद आदि मौजूद रहे।



# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत पर चौपाल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** गंगापार श्रृंगवेरपुर धाम के वेरांवा में भारत रत्न-पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत पर महाचौपाल का आयोजन किया गया तत्पश्चात का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद का फूल मालाओं से स्वागत किया गया स्वागत के दौरान अहमद ने कहा कि राजीव गांधी सूचना क्रांति की बुनियाद रखी जिसने भारत को पूरी तरह बदल दिया उन्होंने असम पंजाब मिजोरम और दार्जिलिंग जैसे क्षेत्र में शांति बहाल करने एवं इन्हें विकास के रास्ते पर वापस लाने के लिए कई समझौते किए उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने सबसे बड़ा काम 18 साल की उम्र में युवाओं को वोट देने का अधिकार दिया राजीव गांधी

**राजीव गांधी ने सूचना क्रांति की नींव रखी**



पंचायती राज व्यवस्था के जनक थे।अहमद ने कहा कि राजीव गांधी ने पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी की विरासत को ही नहीं संभाला बल्कि देश को तत्कालीन और वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किया उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने इंटर नेट की सुविधा कंप्यूटर राइट टू इनफार्मेशन कानून देश में शिक्षा के लिए की विकास को शिखर तक ले जाना चाहते थे। पीसीसी सदस्य आशीष पाण्डेय ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत देश को विकसित देश और शिक्षित देश बनाकर गरीबों को भी उननति को की ओर ले जाना चाहते थे स्वर्गीय गांधी के व्यक्तित्व को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। डा.जगत नारायण सिंह ने कहा कि राजीव गांधी पंचायतों और नगर पालिकाओं को महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के साथ एक तिहाई दर्जा दिलाने का व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व किया महिलाओं को उनकी प्रेरणा से सीख लेने की जरूरत है। संचालन विनोद तिवारी एवं अध्यक्षता अनिल पाल ने किया।इस अवसर पर राजेश पटेल,गिरधारी गौतम,सुरेश पटेल,राम नाथ पाल,शिव प्रसाद मौर्या, मोहम्मद फारुक,जंग बहादुर पटेल, सावित्री देवी,रंजना,मंजू पाल,विद्यावती देवी,अनीता देवी पाल,रेनू,राम नाथ पाल,धर्मेंद्र पटेल,जगनाराण मिश्रा,सुरेन्द्र कुमार सरोज,आनन्द पाण्डेय,शिव मूरत विश्वकर्मा ,तिर्थराज भगत, मोहम्मद सद्दाम,आदि लोग उपस्थित रहे।

# डर्मीकूल प्रिक्ली हीट टैल्क द्वाराभारत के 35 स्थानों पर यात्रियों के लिए ओवरहेड ट्रैफिक सिग्नल शेड्स लगाया जाएगा

- इससे गर्मियों की 'चुभती जलती गर्मी' के भीषण प्रहार से आवश्यक राहत मिलेगी
- राजरूपपुर नगर में ओवरहोड ट्रैफिक शेड के साथ प्रयागराज ने गर्मियों में राहत की सांस ली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** क्या आप रोज़ सफर करते हैं? अगर आपका जवाब हाँ है तो इस चुभती-जलती गर्मी में ट्रैफिक सिग्नल पर लम्बे समय तक रुके रहने से आप परेशान तो होते ही होंगे। दिन में तपती गर्मी तो आप सहते ही हैं पर इसके साथ चिलचिलाती धूप, पसीना, शरीर की दुर्गंध और घमौरियों से होने वाली खुजली जैसी गमिर्यों की दूसरी समस्याओं का भी आपको सामना करना पड़ता है। डर्मीकूल, ईमामी लिमिटेड परिवार की ओर से भारत का प्रमुख प्रिक्ली हीट पाउडर घमौरियों के लिए डर्माटोलॉजिस्ट द्वारा अनुमोदित एक समाधान है और इसमें 'नीम' और 'तुलसी' का डबल पावर है। इस साल की गमिर्यों के लिए ब्राण्ड ने प्रयागराज में एक शानदार पहल की शुरुआत की है। इस पहल के ज़रिये पूरे शहर के प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल्स पर अस्थायी शेड्स लगाया गया है। इससे पैदल यात्री मतलब खरीदारी करने और आफिस जाने वाले लोग, विद्यार्थी, साइकिल, टू-व्हीलर और कार चालकों को गर्मी से राहत मिलेगी। एक महीने के लिए लगाए गए इन टेम्परारी शेड्स से लोगों को कुछ दिनों के लिए ही सही पर थोड़ी राहत मिलेगी। इन शेड्स से सूरज की सीधी रौशनी आँखों में भी नहीं पड़ती है और ड्राइवरों को और भी साफ दिखता है जिससे संभवत एक सुरक्षित



ट्रैफिक परिस्थिति भी तैयार होती है। इस पहल के तहत प्रयागराज के राजरूपपुर नगर में डर्मीकूल ओवरहेड ट्रैफिक सिग्नल शेड्स लगाए गए हैं।

गर्मी के इस मौसम में भारत के कई राज्यों में 35 स्थानों पर कई चरणों में ऐसे ही पहलों की शुरुआत की गई है। इन राज्यों में शामिल है आन्ध्र प्रदेश, तमिल नाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली जहाँ पर गमिर्यों का तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक ही रहता है।इन पहलों के साथ गमिर्यों के कारण होने वाली असुविधा और त्वचा की समस्या से तुरंत राहत प्रदान करने के लिए ब्राण्ड द्वारा सड़क पर लोगों को डर्मीकूल कूलिंग प्रिक्ली हीट टैल्क के सैंपल भी दिए जा रहे हैं। अनुमान के अनुसार 2025 के गर्मी के मौसम में, पिछले साल की तुलना में और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है। इसलिए डर्मीकूल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 35 स्थानों में समर ट्रैफिक शेड्स लगाते हुए इस पहल का विस्तार किया जाएगा। इससे समाज के कल्याण की भावना रखने वाले एक ब्राण्ड के रूप में गमिर्यों की चुभती जलती गर्मी से ठंडक भरी राहत प्रदान करने की डर्मीकूल की प्रतिबद्धता को फिर एकबार सबके सामने पेश किया जाएगा।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसान पंचायत आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक यमुनापार प्रभारी बजरंगी मिश्रा के नेतृत्व में ब्लाक पंचायत को लेकर 22 मई को तहसील क्षेत्र के समस्या को लेकर एसडीएम मेजा को ज्ञापन सौंपा तहसील क्षेत्र समस्त गांवो में समस्या को लेकर निरन्तर जल की समस्या बिजली की समस्या आवागमन हेतु रास्ते की समस्या प्रधान एवं ग्राम सचिव तथा लेखपालो के द्वारा निरन्तर किसानो का शोषण किया जा रहा है। इस समस्या का निदान के लिए तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी मेजा के किसान पंचायत की बैठक करेंगे। वही ज्ञापन सौप कर एसडीएम मेजा को अवगत कराया कि ग्राम समहन में ठेकेदार के द्वारा सरकारी विद्यालय का भवन बनाया गया है जो मानक के विपरीत है इसकी जांच कराकर इसे ध्वस्त कराया जाय किसी भी समय गिर सकता है जिससे बच्चो की जान का खतरा है ।आवारा पशुओ से सभी किसान परेशान है। लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले मेजा तहसील प्रांगण में किसान पंचायत मे एसडीएम मेजा की उपस्थित अनिवार्य रहेगी।

## समर कैंप 2025 का भव्य उद्घाटनः-

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** कैंटोनमेंट बोर्ड स्कूल,सदर बाजार,न्यू कैन्ट प्रयागराज में आयोजित समर कैंप 2025 का आज उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिस रजनी डोगरा(प्रोपराइटर, व्हिजकिड) उपस्थित रही, जिनके कर कमलों द्वारा कैंप का उद्घाटन किया गया।विशिष्ट अतिथि कैप्टन ए. के.सिन्हा(स्कूल कॉर्डिनेटर) रहे। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। कैंप में 21 मई से 9 जून तक विभिन्न गतिविधियाँ जैसे कि-कला एवं क्राफ्ट, खेलकूद(क्रिकेट,फुटबाल आदि).

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विरोधाभासी बयानों के चलते 12 वर्ष की नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। याची 12 मार्च 25 से जेल में बंद था। यह आदेश उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने सूरज कुमार की अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। अर्जी पर अधिवक्ता अक्षय कुमार सिंह और ऋतेश कुमार सिंह ने बहस की। इनका कहना था कि पीडि़ता ने स्वयं ही कहा है कि ब्रीडिंग हो रही थी सड़क किनारे छोड़ दिया जहां से पुलिस ले आई। यह भी कहा कि पिता ने मारा तो घर छोड़ दिया था। मेडिकल जांच में डाक्टर को दिए बयान में सहमति बताई। कहा उसे अलीगढ़ ले जाया गया था।एफ आई आर विवेचना अधिकारी और मजिस्ट्रेट को दिये बयान में विरोधाभास है।याची के खिलाफ मिर्जापुर की कोतवाली चुनार में एफआईआर दर्ज की गई है। पीडि़ता की मां का आरोप है कि उसकी 12 साल की लड़की को याची 6 मार्च 25 को घर से भगा ले गया है। याची अधिवक्ता का यह भी कहना था कि एफआईआर दर्ज करने में तीन दिन की देरी की गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर वीर जवानों का गौरव, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य

**स्वतंत्र भारत संवाददाता थरवई प्रयागराज।** फाफामऊ विधानसभा के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य के नेतृत्व मे पांडेश्वर नाथ धाम मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा रैली निकाला यह तिरंगा यात्रा फाफामऊ मलका चौराहे से होते हुए कौड़िहार,मंसूराबाद चौराहे पे तिरंगा यात्रा रैली का समापन किया गया। इस मौके पर फाफामऊ




विधायक गुरू प्रसाद मौर्य ने कहां कि जिस वीरता से हमारे देश के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर मिशन को पकिस्तान को मुँहतोड़ जवान दिया है और ऑपरेशन सिंदूर मिशन को सफल बनाया है। हम सभी देश वासियो को अपने वीर जवानों पर गर्व है। इस तिरंगा यात्रा रैली मे फाफामऊ विधायक गुरू प्रसाद मौर्य,पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय,प्रदेश मंत्री सुरेश मौर्या,मंडल अध्यक्ष महेंद्र गिरी,पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल पांडेय,जिलामंत्री अमरजीत कुशवाहा,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील महाराज,महामंत्री नीरज त्रिपाठी,देवेंद्र गिरी,राहुल चौधरी,ओम प्रकाश गिरी,राजू तिवारी,गिरिन्द्र मणि शुक्ला,पवन कुशवहा,प्रवीण गौड, प्रमोद मौर्या,राजबहादुर मौर्या,प्रफुल्ल तिवारी,मीडिया प्रभारी लव गुप्ता, भाजपा कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# फूलपुर में किसान चौपाल का आयोजन, नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी बने चर्चा का केंद्र

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज के कादीपुर, फूलपुर गांव में आज इफको फूलपुर इकाई द्वारा एक विशेष किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को उनन्त और पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों से अवगत कराना था।चौपाल का मुख्य आकर्षण रहा नैनो यूरिया प्लूस और नैनो डीएपी जैसे नवीनतम नैनो उर्वरकों पर आधारित जानकारी सत्र। इफको के कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि ये




उर्वरक न केवल फसल को बेहतर पोषण देते हैं, बल्कि मिट्टी की सेहत को भी बनाए रखते हैं।वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि नैनो यूरिया प्लुस पत्तियों द्वारा सीधे पोषण पहुंचाता है, जिससे फसल की वृद्धि तेज होती है। वहीं नैनो डीएपी फसल की शुरुआती बढ़वार में बेहद सहायक है, और इसकी थोड़ी मात्रा ही पर्याप्त होती है।कार्यक्रम में किसानों को इन उर्वरकों के प्रयोग का तरीका, समय, मात्रा और सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# हिंदी में विधिक जानकारी के लिए हुआ पुस्तक का प्रकाशनः विक्रम डी चौहान

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद की ई पत्रिका न्यायाभाः न्याय की किरण के दूसरे संस्करण का विमोचन सोमवार को किया गया। ई पत्रिका का विमोचन उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के संरक्षण में ए आई असिस्टेड लीगल ट्रांसलेशन एडवाइजरी एवं ई लॉ रिपोर्ट समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अजित कुमार एवं न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने किया। ए आई असिस्टेड लीगल ट्रांसलेशन एडवाइजरी एवं ई लॉ रिपोर्ट समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अजित कुमार एवं सदस्य न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान द्वारा डिजिटल ई पत्रिका के प्रकाशन अवसर पर समिति के अंतर्गत संचालित सुवास प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों एवं इस पत्रिका के संपादक मण्डल को पत्रिका के दूसरे अंक के सफलता पूर्वक प्रकाशन के लिए बधाई दी। न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विधिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बनाना और इलाहाबाद उच्च न्यायालय की समृद्ध विधिक विरासत को पाठकों के लिए सरलता से उपलब्ध कराना था।




# एसडीओ पर गंभीर आरोप लगा टावर पर चार घंटे चढ़ा रहा संविदाकर्मी, अधिकारियों के आश्वासन पर उतरा नीचे

**मेजा प्रयागराज ।** बुधवार को एसडीओ मांडा पर संविदा कमिर्यों से अवैध वसूली, धमकी और मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक संविदा कर्मी उपकेंद्र के टावर पर सवा चार घंटे तक भीषण धूप और गर्मी में तब तक चढ़ा रहा, जब तक अधीक्षण अभियंता और इंस्पेक्टर मांडा मौके पर पहुंच कर उसे आशवस्त नहीं किये। मांडा क्षेत्र के 400/132 केवी उपकेंद्र मसौली में कार्यरत संविदा कर्मी धर्मराज बिंद (22) पुत्र राम शंकर बिंद निवासी उल्दापुर, ऊंचडीह, मेजा बुधवार सुबह साढ़े दस बजे उपकेंद्र के टावर पर चढ़ गया। सूचना पर मांडा पुलिस के साथ इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुँच कर युवक को मनाकर टावर से नीचे उतारने का प्रयास करते रहे.

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सही कदम

वैसे तो आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की असलियत दुनिया में अब किसी से छिपी नहीं है और अधिकतर देश उसे इसका गढ़ मानते हैं तथा विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह सबसे ऊपर रखा गया है, फिर भी पहलगाम नरसंहार के बाद से भारत से साथ हुए युद्ध में कुछ देशों ने प्रत्यक्ष और कुछ ने अप्रत्यक्ष रूप से उसकी हिमायत की। इन देशों का यह रवैया इस तथ्य बावजूद रहा कि भारत ने इस बारे में पहले साफ कर दिया था कि उसका मिलिटरी ऑपरेशन आतंकवाद को खत्म करने के उद्देश्य को लेकर चलाया गया। इसके पुख्ता सबूत भी सबके सामने प्रस्तुत कर दिए गए थे। इसीलिए पाक तथा उसके समर्थक इन देशों द्वारा भ्रम फैलाने के किसी भी तरीके पर लगाम लगाने के विश्व को पड़ोसी देश द्वारा आतंकवाद को पाले-पोसे जाने का विस्तृत विवरण विश्व को देने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारत के पास पुख्ता सबूत भी हैं। ऐसे ही प्रमाण के रूप में दुनिया ने एक फोटोग्राफ देखा जब ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए एक आतंकी के जनाजे में पाक फौज के आला अफसर और राजनेता बेहद गमगीन होकर शामिल हुए थे। उधर चीन ने इस ऑपरेशन के बाद शांति की बात भले ही की हो लेकिन उसके फौरन बाद वह पाक के समर्थन में ही सुर निकालने लगा। सुरक्षा परिषद में भी वह अपने वीटो पावर का इस्तेमाल कर पाक को बचाता रहा है। अमेरिका का भी दोहरा रवैया ही इस मामले में रहा है। ऐसे में जरूरी था कि भारत की ओर से इस बारे में विस्तृत जानकारी पूरी दुनिया को दी जाए। इसके लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का विदेश दौरा शुरू भी हो गया है। यह भी अच्छी बात है कि एक-दो प्रसंगों को छोड़कर विपक्षी दलों ने सरकार की इस रणनीति का स्वागत किया और वे इसमें पूरा सहयोग दे रहे हैं। इसका भी पूरी दुनिया में सकारात्मक संदेश जाएगा। जब किसी मुद्दे पर देश के सभी एकमत होकर राय प्रकट करने के लिए तैयार हों तो इसका विशेष महत्व इसलिए होता है कि तब यह एक तरह से पूरे देश के मत के रूप में सामने आता है और इसकी उपेक्षा करना आसान नहीं होता। इसी महत्व को महसूस करके पाकिस्तान ने भी अपने प्रतिनिधियों को विदेश भेजने का निर्णय लिया है लेकिन इसका क्या असर पड़ेगा, इस बात को वह भी अच्छी तरह से जानता है।

## सदा की समस्या

स्कूली बच्चों का पोषण एक विश्वव्यापी समस्या बनकर सामने आया है। इस बारे में एक रिपोर्ट बताती है कि कुल 187 देशों में से केवल 93 देशों में ही स्कूलों के भोजन और पेय पदार्थों पर कानून, अनिवार्य मानक या मार्गदर्शन हैं। हालांकि इनमें से केवल 29 प्रतिशत देशों में ही स्कूलों के भीतर खाद्य और पेय पदार्थों के विपणन को प्रतिबंधित करने के उपाय हैं, जबकि 60 फीसदी देशों में ही खाद्य और पेय पदार्थों को नियंत्रित करने वाले स्पष्ट मानक हैं। स्कूलों में भोजन के प्रावधान पर एक अलग सर्वेक्षण से पता चलता है कि 72 फीसदी देशों में स्कूल परिसरों में खाद्य पदार्थों के विपणन पर किसी न किसी तरह की पाबंदी है। इसके अलावा इनमें से 52 फीसदी देशों में स्कूलों के पास खाद्य पदार्थों की बिक्री पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद रिपोर्ट में दो तथ्यों की ओर खासतौर पर ध्यान दिया जाना चाहिए। एक, अस्वास्थ्यकर भोजन या पेय पदार्थों की खपत कम करने पर जोर नहीं दिया गया है। दूसरा, स्कूली भोजन में विधायी सुधारों के बजाय व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर दिया गया है। यह भी पाया गया कि अधिकांश स्कूल भोजन कार्यक्रमों का उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करना था, लेकिन मोटापे से निपटने या इसकी रोकथाम पर कम ही ध्यान दिया गया। रिपोर्ट में जहां जलवायु परिवर्तन, वैश्विक संघर्ष और अस्थिरता के कारण बढ़ती खाद्य सुरक्षा चुनौतियों के बीच पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता को शिक्षा के लिए आवश्यक बताया गया है, वहीं भारत के संदर्भ में बताया गया है कि मध्याह्न भोजन योजना से स्कूलों में लड़कियों और वंचित वर्गों की उपस्थिति पर सकारात्मक असर पड़ा है। निष्कर्ष के तौर पर रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और खाद्य प्रणालियों सहित कई क्षेत्रों में शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**पीओके लीपा घाटी से पाक सैन्य ठिकाने साफ**
हमारा ही हिस्सा है तो साफ सफाई जरूरी है!

**सोने की तस्करी में फंसी मान्या राव को जमानत**
कोयले की दलाली में मुंह काले हो जाते हैं!

**दिल्ली दूर बताकर ज्योति ने की थीं पाक यात्राएं**
काह न अबला करि सकै जो मनमर्जी होय!

**खड़गे ने आपरेशन सिंदूर को बताया छोटा युद्ध**
भारत सरकार ने तो इसे युद्ध भी नहीं कहा!

**यूपी में गरीब बच्चा पायेगा आधुनिक शिक्षा-योगी**
ध्यान दें, गरीब और बच्चा दोनों एकवचन हैं!

**बड़े मंगल पर लखनऊ में दिखी भंडारों की धूम**
लखनवी गंगाजमुनी तहजीब की अनूठी परंपरा!

♦♦♦

# सार्वजनिक खरीद और जीइएम

सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जीइएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है. यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है. इस डिजिटल पहल के नौ वर्षों के दौरान जीइएम ने भ्रष्टाचार को समाप्त और

**– पीयूष गोयल**

स्टार्टअप, एमएसएमइ, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान कर सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है. उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माने जाने वाले इस प्लेटफॉर्म ने आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है।

**शानदार प्रगति :** वर्ष 2016 में अपनी स्थापना के बाद से ही जीइएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है. वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गयी. जीइएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर सात लाख करोड़ रुपये करना है. इसने ईमानदारी से व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किये हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है।

**न्यायसंगत विकास का वाहक :** जीइएम प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है. यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है. प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर कर, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को इ-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है. इसने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है।

**लक्ष्य से आगे :** जीइएम पर 'स्टार्टअप रनवे' और 'वुमनिया' जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में इनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है. इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से तीन प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है. जीइएम पर किये गये कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग चार प्रतिशत है. अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीइएम के जरिये 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है. इसके अतिरिक्त, 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीइएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किये हैं।

बड़ी बचत : इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है. यह देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में


> सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जीइएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है. यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है. इस डिजिटल पहल के नौ वर्षों के दौरान जीइएम ने भ्रष्टाचार को समाप्त और स्टार्टअप, एमएसएमइ, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान कर सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है. उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माने जाने वाले इस प्लेटफॉर्म ने आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है।

आसानी (इज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवनयापन में आसानी (इज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागतयोग्य बदलाव है. विश्व बैंक के एक स्वतंत्र मूल्यांकन के अनुसार, जीइएम पर खरीदार औसत कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं. इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है।

**प्रौद्योगिकी, एआइ :** यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग कर व्यापार करने के नये एवं आसान तरीके पेश करता हुआ लगातार विकसित होता जा रहा है. जीइएम ने 'जीइएम एआइ' नामक एक एआइ संचालित चैटबॉट का समावेश किया है. यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीइएम पोर्टल पर व्यापार करने को और आसान करने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है. जीइएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है. इस प्लेटफॉर्म ने जीइएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है. जीइएम पोर्टल भारत के आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री मोदी के प्रगति संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में सक्रिय है. यह समाज के हाशिये पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाने एवं उनका उत्थान करने तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अतिरिक्त प्रयास करेगा।




## प्रेमचंद की कहानियां



### दो बैलों की कथा

पीछे से हांकता तो दोनों दायें-बायें भागतेः पगहिया पकड़कर आगे से खींचता, तो दोनों पीछे को जोर लगाते। मारता, तो दोने सींग नीचे करके हुंकारते। अगर ईश्वर ने उन्हें वाणी दी होती, तो झूरी से पूछते-तुम हम गरीबों को क्यों निकाल रहे हो? हमने तो तुम्हारी सेवा करने में कोई कसर नहीं उठा रखी। अगर इतनी मेहनत से काम न चलता था तो और काम ले लेते। हमें तो तुम्हारी चाकरी में मर जाना कबूल था। हमने कभी दाने-चारे की शिकायत नहीं की। तुमने जो कुछ खिलाया, वह सिर झुकाकर खा लिया, फिर तुमने हने इस जालिम के हाथ क्यों बेच दिया?

सन्ध्या समय दोनों बैल अपने नए स्थान पर पहुंचे। दिन-भर के भूखे पे लेकिन जब नांद में लगाए गए, तो एक ने भी उसमें मुंह न डाला। दिल भारी हो रहा था। जिसे उन्होंने अपना घर समझ रखा था, वह आज उनसे छूट गया था। यह नया घर, नया गांव, नए आदमी, सब उन्हें बेगानों से लगते थे।दोनों ने अपनी मूक भाषा में सलाह की, एक-दूसरे को कनखियों से देख और लेट गए। जब गांव में सोता पड़ गया, तो दोनों ने जोर मारकर पगहे तुड़ा हुने और घर की तरफ चले। पगहे बहुत मजबूत थे। अनुमान न हो सकता था कि कोई बैल उन्हें तोड़ सकेगा; पर इन दोनों में इस समय दूनी शक्ति आ गई थे। एक-एक झटके में रस्सियां टूट गईं। झूरी प्रातःकाल सोकर उठा, तो देखा कि दोनों बैल चरनी पर खड़े हैं। दोनों की गर्दनों में आधा-आधा गरांव लटक रहा है। घुटनों तक पांव कीचड़ से भरे हैं और दोनों की आंखों में विद्रोहमय स्नेह झलक रहा है।

झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गद्गद हो गया। दौड़कर उन्हें गले लगा लिया। प्रेमालिंगन और चुम्बन का वह दृश्य बड़ा ही मनोहर था।

घर और गांव के लड़के जमा हो गए और तालियां बजा-बजाकर उनका स्वागत करने लगे। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्गं समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# 'विकास' उड़ गया आंधी में

दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज़ आंधी,बारिश व तूफ़ान का सामना करना पड़ा। इस तेज़ आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के क़रीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गये।



**–निर्मल रानी**

जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है। परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांज़िट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज़ हवा के चलते उड़ गई। और छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। ग़ौर तलब है कि अभी क़रीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांज़िट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है। और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफ़ान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपये की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुये इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहाँ एक बात यह भी क़ाबिले ग़ौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्सप्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्रायः कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज़ करते हुये कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेज़ी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि 'मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज़ गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को 'विकसित भारत' के रूप में देखना है।' परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मज़बूत भी चाहिये। याद कीजिये 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने ज़िला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गये थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुदरेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर क़रीब 14 हज़ार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुनः चित्रकूट को जाने वाली लेन पर क़रीब एक दर्जन गढ्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किये गए थे और काफ़ी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफ़ी फ़ज़ीहत हुई थी। ज़ाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा ज़िले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुज़रने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्ढा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहाँ भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुज़रने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था । इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के



इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपये की लागत आई थी। 12 फ़रवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुये इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस 'उत्कृष्ट निर्माण' की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गये या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गयीं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुज़रने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुज़रने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे 'गड्ढे ' विकसित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी ज़िम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आख़िर क्या है ? कौन हैं इन कंपनीज़ के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इसतरह खुलकर लूट करते हैं ? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आख़िर कभी ख़त्म भी होगा या नहीं ? इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है ? क्या वजह है कि जिन मुग़लों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाये हुये हज़ारों निर्माण आज भी पूरी मज़बूती के साथ अपना सिर बुलंद किये खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेज़ों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आजतक क्षतिग्रस्त नहीं हुये। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिज़ाइन किये गये पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नये संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक़्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का 'विकास' कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है ?

## प्रेरक प्रसंग — खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### विदेश नीति की समीक्षा हो

हाल में घटित हुए भारत पाक संघर्ष में तात्कालिक विराम हुवा प्रतीत होता है।विजय के अपने अपने दावे हैं; किंतु इन पंक्तियों के माध्यम से हमारा यह वर्ण्य विषय नहीं है। बात करते हैं इस घटनाचक्र में वैश्विक समर्थन की, जिससे हमारी विदेश नीति की परीक्षा हुई है। पाकिस्तान की तरफ से चीन, तुर्किये और अजरबैजान खुलकर बोले हैं और इस्लामिक देशों के विश्व स्तरीय संगठन आईओसी ने हमें चेतावनी देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। संघर्ष विराम के बाद अमेरिका अपने बयानों से कभी हमें परेशान करता नज़र आया, तो कभो पाक की प्रशंसा करते। रूस चुप रहा, जिससे हमने रिकार्ड तेल खरीद तब की, जब उसपर प्रतिबंध लगे थे और आर्थिक संकट में था। स्पष्टतया हमारी तरफ कोई नहीं दिखा। विजय तो इसलिये हुई कि भारत की सैन्य शक्ति पाक पर हमेशा भारी रही। अब तक सभी तुद्धों में भारत ही जीता है। ऐसे में वैश्विक परिदृश्य की इस स्थिति के लिये हमें अपनी विदेश नीति की समीक्षा करनी होगी। सम्प्रति विदेश विभाग एक पूर्व नौकरशाह के पास है, जबकि भाजपा में राजनेता और कूटनीतिज्ञों का अभाव नहीं है। जवाहरलाल नेहरू विदेश विभाग अपने पास रखते थे और इन्दिरा के समय नटवर सिंह, जिनकी प्रशंसा स्वयं अटल विहारी बाजपेयी ने की थी। मोरार जी देसाई ने अटल जी जैसे दिग्गज को विदेश विभाग सौंपा था। हम समझते हैं कि हालिया विजय का जश्न मनाने के साथ साथ हमें अपने वैदेशिक छिद्रों को भी भरना होगा। अलग थलग पड़ना ठीक नहीं। इस समय हालिया संघर्ष के सदर्भ में विश्व शक्तियॉ भारत पाक दोनों को बराबर मानती दिख रही हैं, जबकि पाक आतंकवाद की फैक्टरी माना जाता रहा है। बात यहॉ तक पहुॅच गई है कि ट्रम्प कश्मीर मसले में भी टॉग अड़ाकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करते का प्रयास कर रहे हैं।

**रघोत्तम शुक्ल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक, स्वतंत्र भारत 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# ऑफिस में दिखना है स्टाइलिश, ट्राई करें ये आउटफिट



हर कामकाजी महिला के लिए सुबह सबसे बड़ा सवाल होता है कि वो दफ्तर में नया क्या पहनकर जाएं। पुरुषों के लिए इस सवाल का जवाब काफी आसान होता है। उनके पास दफ्तर में पहनने के लिए आउटफिट के ज्यादा विकल्प नहीं होते, लेकिन महिलाओं के साथ ऐसा नहीं है। महिलाओं की जिंदगी में आउटफिट की कोई कमी नहीं है। हर जगह के हिसाब से महिलाएं अलग रंग और अलग तरह का आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। खासतौर पर जब बात आती है दफ्तर की, तो महिलाएं सोचने पर मजबूर हो जाती हैं, कि कैसा आउटफिट उनके ऑफिस लुक को क्लासी बनाने का काम करेगा। अगर आप नए ऑफिस में अपना जलवा दिखाना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में कुछ खास आउटफिट शामिल करें। यहां आज हम आपको कुछ ऐसे ही क्लासी और स्टाइलिश आउटफिट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दफ्तर के लिए परफेक्ट हैं।

**जमसूट और ब्लेजर :** जमसूट पहनना बहुत सी महिलाओं को पसंद होता है। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से हैं, तो आप भी दफ्तर ऐसा ही जमसूट पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ मैचिंग का ही ब्लेजर भी पहनें। जमसूट के साथ ब्लेजर आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगा।

**ट्राउजर-शर्ट :** अगर फॉर्मल लुक कैरी करना पसंद है तो आप इस तरह का ट्राउजर और उसके साथ शर्ट कैरी कर सकती हैं। ध्यान रखें कि हाई वेस्ट ट्राउजर के साथ शर्ट को हमेशा टक इन करके ही पहनें। उसी से आपका लुक अच्छा दिखेगा।

**मिडी-डेनिम जैकेट :** वैसे तो हर रंग की मिडी दफ्तर में आप कैरी कर सकती हैं, लेकिन अगर आपके पास ब्लैक रंग की मिडी है, तो उसे दफ्तर में अवश्य पहनें। इसके साथ डेनिम जैकेट आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगी।

**जींस-टीशर्ट :** अगर आरामदायक परिधानों की तलाश कर रही हैं तो जींस और टीशर्ट आपके लुक को स्टाइलिश भी बनाएगी। ब्लैक रंग की जींस के साथ सफेद टी शर्ट आपके लुक को क्लासी बनाएगी। इसके अलावा आप चाहें तो ओवरसाइज टीशर्ट का चयन भी कर सकती हैं।

**साड़ी :** साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप दफ्तर में भी कैरी कर सकती हैं। ये पहनकर आपका अंदाज प्रोफेशनल लगेगा। दफ्तर के लिए कॉटन या फिर सिल्क की साड़ी ही पहनें। वैसे तो ऑर्गेंजा फैब्रिक की साड़ी भी आपको खूबसूरत लुक देगी। बस ध्यान रखें कि ये साड़ी ज्यादा चमक-धमक वाली न हो।

**सूट :** अगर आप चाहें तो इस तरह का सिंपल चिकनकारी सूट अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। सफेद या अन्य पेस्टल रंग का चिकनकारी सूट आपके ऑफिस लुक को क्लासी बनाने का काम करेगा। इसके साथ माथे पर बिंदी लगाकर कानों में झुमके जरूर पहनें।

# खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं गोटा पट्टी वर्क



गोटा पट्टी वर्क, जो पहले बस राजघरानों की शान हुआ करता था अब हर महिला के वॉर्डरोब तक पहुंच चुका है। गोटा पट्टी से सजे लहंगे हो या साड़ी, आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। गोटा पट्टी को लप्पे का काम भी कहा जाता है। इसके आउटफिट्स इतने अलग नजर आते हैं कि बस देखने वाले ही नजरें ही थम जाती हैं। इस वर्क की सबसे बड़ी खूबी है कि यह भड़कीला लगे बिना आपको रॉयल लुक देता है।

**चकाचौंध के बिना ग्लैमर**

शादी या किसी फंक्शन में रॉयल लुक चाहिए, लेकिन इसके लिए ड्रेस बहुत गॉडी भी नहीं चाहिए, तो आपके लिए सेफ एंड बेस्ट ऑप्शन है गोटा पट्टी वर्क वाले आउटफिट्स। सबसे अच्छी बात कि इस वर्क के कपड़े पहनने में भारी भी नहीं होते, जैसे- दूसरी तरह के एम्ब्रॉयडरी के साथ अकसर देखने को मिलता है। गोटा किनारी वाला लहंगा शादी से लेकर दूसरे फंक्शन्स में भी पहनने के लिए परफेक्ट च्वॉइस है। बीकानेर, जयपुर और उदयपुर के कारीगरों को इस वर्क में महारथ हासिल है।

**नाजुक कपड़ों को खास बना देता है गोटा पट्टी वर्क**

गोटा सिल्वर या गोल्डेन कलर की रिबन होती है, जो आपको मार्केट में अलग-अलग चौड़ाई में मिल जाएगी। इन रिबन्स को जब पट्टियों का आकार दिया जाता है, तो इसे गोटा पट्टी कहा जाता है। वहीं जब गोटे के रिबन को कपड़ों में लंबाई में इस्तेमाल किया जाता है तो इसे गोटा किनारी कहते हैं। गोटा पट्टी का काम सैटिन, जॉर्जेट, शिफॉन फैब्रिक पर बहुत ज्यादा खिलता है। इस वर्क की खासियत है कि इसमें बिना ज्यादा एफर्ट के लुक को शानदार बनाया जा सकता है।

**फंक्शन में अलग लुक देंगे गोटा-पट्टी के आउटफिट्स**

फैमिली फंक्शन में आपको खूबसूरत भी दिखना है और बहुत ज्यादा पैसे भी इनवेस्ट नहीं करने, तो गोटा पट्टी आउटफिट्स बेस्ट रहेंगे। इनका टच साड़ी से लेकर सूट, शरारा तक को खास बना देता है। गोटा लगी लहरिया साड़ी हो या शिफॉन, कॉटन के दुपट्टे काफी हैं आपको हटके लुक देने के लिए। इनके साथ हल्की पोल्की या गोल्ड की ज्वैलरी खूब फबेगी।

**येलो गोटा पट्टी साड़ी**

श्वेता तिवारी की तरह आप येलो गोटा पट्टी साड़ी खरीद सकती हैं। नई नवेली दुल्हन इस तरह से स्टाइल करके सासू मां का दिल जीत सकती हैं। साड़ी के बॉर्डर पर गोटा पट्टी लगा है। साड़ी के बीच में प्रिंट डिजाइन दिए गए हैं।

**रॉयल ब्लू लेस वर्क साड़ी**

सिल्वर जरी से सजे रॉयल ब्लू साड़ी के बॉर्टर पर कट आउट लेस लगाया गया है। जिससे साड़ी में एक ड्रामा जुड़ गया है। फेयर गर्ल पर इस तरह की साड़ी गॉर्जियस लगेगी। जॉर्जेट फैब्रिक की यह साड़ी आप किसी भी ओकेजन पर कैरी कर सकती हैं।

**ज्वैलरी क्या पहनें?**

गोटा पट्टी वाले आउटफिट्स के साथ अगर आपको रॉयल लुक चाहिए, तो थोड़ी हैवी ज्वैलरी पहनें। शादी में गोटा वर्क वाला आउटफिट पहनने वाली हैं, तो इसके साथ मीनाकारी ज्वैलरी पहनने का आइडिया अच्छा रहेगा। फ्यूजन लुक चाहिए, तो टैंपल ज्वैलरी का ऑप्शन चुनें।

# उम्र से पहले बूढ़ा होने से बचने के लिए खाएं ये चीजें



बिगड़ता लाइफस्टाइल हमारी न सिर्फ सेहत को नुकसान पहुंचाता है बल्कि इसकी वजह से हमारे चहरे को भी नुकसान होता है, जैसे कि समय से पहले ही बूढ़ा दिखना। इसके साथ चेहरे पर फाइन लाइन्स, काले धब्बे और पोर्स ओपेन होने लगते हैं। ऐसे में महिलाएं इन सब से छुटकारा पाने के लिए बहुत से प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन कुछ खास असर नहीं होता। ऐसे में अगर आप अपने खानपान थोड़ा ध्यान रखती हैं तो आप इस परेशानी से हमेशा के लिए निजात पा सकती हैं। जी हां , हम आपको आज कुछ ऐसे फूड्स बताने जा रहे हैं जिनका सेवन रोजाना करने से आप समय से पहले बुढ़ापा आपको बिलकुल परेशान नहीं करेगा और साथ ही आपकी त्वचा टाइट भी रहेगी।



**अंकुरित अनाज** -अंकुरित मूंग, चना, गेहूं, सोयाबीन आदि को रोजाना नाश्ते में खाने से शरीर में प्रोटीन की कमी दूर होती है, साथ ही तमाम विटामिन और मिनरल्स भी मिलते हैं जो त्वचा को अंदर से तरोताजा बनाकर रखते हैं।

**टमाटर** - टमाटर को खाना भी चाहिए और स्किन पर लगाना भी चाहिए। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है जो त्वचा के लिए काफी अच्छा माना जाता है। ये आपके शरीर को बढ़ती उम्र से बचाता है।

**हरी सब्जियां** -बथुआ, गाजर, पालक, मेथी, खीरा, लौकी, मूली, सरसों का साग, तोरई आदि सब्जियां खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन मेंटेन रहता है। इसकी वजह से आपके शरीर में भी भरपूर एनर्जी रहती है, साथ ही चेहरे पर नेचुरल ग्लो आता है।

**ग्रीन टी** -अपनी चाय को ग्रीन टी से रिप्लेस कीजिए क्योंकि एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर ग्रीन टी त्वचा की खूबसूरती बरकरार रखने में काफी मददगार है। साथ ही शरीर का एक्सट्रा फैट और टॉक्सिन्स भी हटाती है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड**

जिन फूड्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, वे स्किन ही नहीं बल्कि सेहत के लिए भी काफी अच्छे माने जाते हैं। इन्हें खाने से स्किन पर कसाव आता है। इसके लिए आप अखरोट, अलसी, बादाम और मछली आदि को अपने खानपान में शामिल करें।

# गर्मियों के लिए स्टाइलिश और कंफर्टेबल कुर्ती आइडियाज



गर्मियों में कॉटन कुर्ती पहनना न केवल आरामदायक होता है बल्कि स्टाइलिश भी लगता है। कॉटन एक ऐसा कपड़ा है जो शरीर को ठंडक देता है और स्किन-फ्रेंडली होता है। अगर आप समर सीज़न में सिंपल लेकिन ट्रेंडी दिखना चाहती हैं, तो यहां कुछ बेहतरीन कॉटन कुर्ती डिज़ाइन आइडियाज दिए गए हैं, जो गर्मियों के लिए स्टाइलिश, कंफर्टेबल और ट्रेंडी हैं।

**स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती**

ऑफिस और कॉलेज के लिए इससे परफेक्ट और कुछ हो ही नहीं सकता। इसमें प्लेन या ब्लॉक प्रिंटेड डिज़ाइन दोनों ही अच्छे लगते हैं। इसे प्लाज़ो या लेगिंग्स के साथ पेयर करें।

**अनारकली कॉटन कुर्ती**

अनारकली का फैशन कभी आउट नहीं होता, हैवी हो या लाइट इसमें हर तरह के ऑपशन आसानी से मिल जाते हैं। अनारकली कॉटन कुर्ती इस मौसम के लिए बेस्ट है। इसमें बुटीक स्टाइल या ट्रेडिशनल प्रिंट का ज्यादा इस्तेमाल होता है। समर पार्टीज और घर में किसी फंक्शन में यह बढ़िया लगती है।

**शॉर्ट कुर्ती विद जींस**

लड़कियां जींस के साथ शॉर्ट कुर्ती पहनना बेहद पसंद करती हैं, मार्केट में इसके कई तरह के डिजाइन मिल जाते हैं। जींस के साथ जॉर्जेट या मलमल के हल्के वजन वाले फैब्रिक ही चलता है।

**काफ्तान कुर्ती**

लाइट एंब्रॉयडरी या प्रिंट वाली काफ्तान कुर्ती गर्मियों के लिए आदर्श है। बीच वेयर से लेकर कैजुअल डिनर तक ढीली और आरामदायक कुर्ती को आसानी से पहन सकते हैं।

**ब्लॉक प्रिंटेड कुर्ती**

राजस्थान या गुजरात के ब्लॉक प्रिंट वाली कुर्तियां अब हर जगह आसानी से मिल जाती है। अगर आप ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं तो इसके साथ दुपट्टा भी कैरी कर सकती हैं।

**रंग और प्रिंट के सुझाव**

-हल्के रंग जैये पीच, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, ऑफ व्हाइट, मिंट ग्रीन चुनें।

-ब्लॉक प्रिंट, बुटीक प्रिंट या फ्लोरल प्रिंट का ट्रेंड चलन में है।

-झुमके, ओक्सिडाइज़्ड चूड़ियां और हल्के दुपट्टे के साथ लुक को कंप्लीट करें।

- कुर्ती के साथ फ्लैट सैंडल या कोल्हापुरी चप्पल पहनें।

# ग्लोइंग स्किन पाने के लिए इन ड्रिंक्स का करें सेवन

ग्लोइंग स्किन पाने की सबकी चाहत होती है। लेकिन फिर भी चेहरे पर एक्ने और झुर्रियां सब बिगड़ देती है। त्वचा को निखारने के लिए न जाने हम सभी क्या-क्या नहीं करते। महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का यूज करते हैं।

**एबीसी जूस**-ग्लोइंग स्किन पाने की चाह रखने वाले अब आप इस फार्मूला जिसका नाम एबीसी के नाम से जाना जाता है। यह तरह-तरह का जूस जिसमें ए से एप्पल, बी से बीटरूट और सी से कैरेट होता है। इन 3 चीजों से बना जूस हमारी स्किन को अंदर से डिटॉक्स करता है और खून साफ करने में काम करता है।

**रेड जूस**- चेहरे को ग्लोइंग स्किन बनाने के लिए अगर आप एबीसी जूस नहीं पीना चाहते हैं जो रेड जूस जरुर पिएं। इसे बनाने के लिए गाजर, अनार, आंवला, पुदीना और अदरक का इस्तेमाव किया जाता है। इतना ही नहीं, यह आपके गट को हेल्दी रखने में मदद करता है और जब गट हेल्दी रहेगा तो स्किन अपने आप स्वस्थ रहेगी।

**विटामिन सी जूस**-ग्लोइंग स्किन के लिए विटामिन सी बेहद जरुरी माना जाता है। ग्लोइंग स्किन के लिए कई तरह के सीरम का यूज करते हैं, जिनमें विटामिन सी सीरम जरुर शामिल होते हैं।

# बॉडी टाइप के हिसाब से चुनें स्कर्ट



क्या आप भी अपनी स्कर्ट से स्टाइलिश और खूबसूरत लुक पाना चाहती हैं? तो सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए स्कर्ट का चुनाव करें। स्कर्ट एक ऐसा फैशन है जिसे हर लड़की अपनी वार्डरोब में रखना पसंद करती है, क्योंकि यह विभिन्न अवसरों पर पहनने के लिए बहुत अच्छा ऑप्शन होता है। चाहे वह ऑफिस हो, पार्टी हो या फिर कैजुअल आउटिंग हो, स्कर्ट हर जगह पहनी जाती है। अब मार्केट में कई तरह की स्कर्ट जैसे पेंसिल स्कर्ट, शॉर्ट और लॉन्ग स्कर्ट मौजूद हैं। लेकिन हर बॉडी टाइप के लिए एक ही तरह की स्कर्ट सही नहीं होती। आइए जानते हैं कि आपकी बॉडी टाइप के हिसाब से कौन सी स्कर्ट आपके लुक को और भी खूबसूरत बना सकती है।

**पियर शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

अगर आपका बॉडी टाइप पियर (नाशपाती) है, तो आपकी हिप्स थोड़ी चौड़ी होती हैं। इस बॉडी टाइप के लिए ए-लाइन, हाई-वेस्टेड, रैप और फ्लेयर्ड स्कर्ट सबसे अच्छे विकल्प हैं। ये स्कर्ट आपके हिप्स को बैलेंस करने में मदद करती हैं और आपकी वेस्टलाइन को हाइलाइट करती हैं। मिडी या नी-लेंथ स्कर्ट आपके लिए सबसे उपयुक्त रहेगी। ये स्कर्ट आपके शरीर के निचले हिस्से को खूबसूरती से फिट करती हैं और आपके लुक को स्टाइलिश बनाती हैं। आप इन स्कर्ट्स को टॉप्स या शर्ट्स के साथ मैच कर सकती हैं।

**एप्पल शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

एप्पल शेप बॉडी की महिलाओं का मिड-सेक्शन अधिक भरा हुआ होता है। ऐसे में हाई-वेस्ट, फ्लेयर्ड, ए-लाइन और ट्यूलिप स्कर्ट पहनना अच्छा रहता है, क्योंकि ये स्कर्ट आपकी वेस्टलाइन को डिफाइन करती हैं। इसके अलावा, फ्लेयर्ड स्कर्ट आपके लोअर बॉडी में वॉल्यूम जोड़ने में मदद करती है। इन स्कर्ट्स का लेंथ शॉर्ट या मिड लेंथ होना चाहिए, ताकि आपका लुक हल्का और फिट दिखाई दे। जब आप इस तरह की स्कर्ट्स को फिटेड टॉप्स के साथ पहनेंगी तो आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा।

**रेक्टेंगुलर शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

अगर आपकी बॉडी रेक्टेंगुलर शेप की है, तो इसका मतलब है कि आपके कंधे, वेस्टलाइन और हिप्स की चौड़ाई लगभग समान है। इस बॉडी टाइप के लिए फ्लेयर्ड, रफल्ड, लेयर्ड, प्लीटेड और ए-लाइन स्कर्ट बहुत अच्छी रहती हैं। ये स्कर्ट आपकी बॉडी को कर्व्स का इल्यूजन देती हैं। मिनी स्कर्ट आपके लुक को उभार सकती है, जबकि हाई-वेस्ट स्टाइल आपको और अधिक डिफाइन लुक दे सकता है। आप इसे स्लिम फिट टॉप्स या क्रॉप टॉप्स के साथ भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और ज्यादा आकर्षक बनाते हैं।

**ऑवरग्लास शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

ऑवरग्लास शेप की महिलाओं को अधिकतर स्कर्ट्स अच्छी लगती हैं, क्योंकि इस बॉडी टाइप में कर्व्स पहले से ही डिफाइन होते हैं। पेंसिल स्कर्ट, हाई-वेस्ट स्कर्ट और रैप स्कर्ट आपकी बॉडी के कर्व्स को और उभार कर खूबसूरत लुक देती हैं। ये स्कर्ट ना सिर्फ आपके लुक को स्टाइलिश बनाती हैं, बल्कि आपको एक क्लासी और एलीगेंट फील भी देती हैं। इनकी लेंथ नी-लेंथ स्कर्ट होनी चाहिए, जो आपके कर्व्स को और निखार कर दिखाती है। इसके साथ आप अपनी पसंद के एंकल-बूट्स या हील्स भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और आकर्षक बनाते हैं। फिट और कंफर्ट अपनी स्कर्ट को हमेशा आरामदायक और फिट रखें।

बहुत टाइट या बहुत ढीली स्कर्ट पहनने से आपको कंफर्ट नहीं मिलेगा और आपका लुक भी खराब हो सकता है। मटेरियल का चयन स्कर्ट का मटेरियल भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। सर्दियों में ऊनी या वूलन स्कर्ट का चुनाव करें, जबकि गर्मियों में कॉटन या लिनन की स्कर्ट आरामदायक रहती है। कॉलर और रंग का ध्यान रखें अगर आप अपनी स्कर्ट को पार्टी या फॉर्मल इवेंट्स में पहन रही हैं, तो गहरे रंगों की स्कर्ट का चयन करें, जबकि कैजुअल आउटिंग्स के लिए लाइट रंग या प्रिंटेड स्कर्ट बेहतर रहती है। खासतौर से सर्दियों में स्कर्ट को जैकेट या ब्लेज़र के साथ स्टाइल करें, यह आपके लुक को और भी शार्प और क्लासी बना सकता है। जैसा कि आप देख सकती हैं, स्कर्ट का चयन करते वक्त यह बहुत जरूरी है कि आप अपनी बॉडी टाइप को समझकर ही उसे पहनें। सही स्कर्ट के चुनाव से आपका लुक न केवल बेहतर होगा, बल्कि आप और भी ज्यादा आत्मविश्वास से भरी हुई महसूस करेंगी। तो अगली बार जब भी आप स्कर्ट पहनें, अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखें और उसे पूरी तरह से स्टाइल करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 22 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, दशमी तिथौ गुरु वासरे 25/13/ पूर्वाभाद्रपद नक्षत्रे 17/48/ विष्कुम्भ योग 21/50/ वणिज करणे 14/18/ मीन राशिगत चन्द्रमा 14 घं. 08 मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- महापंचक। पंचक। भद्रा प्रारंभ घं.14 मि25 से घं. 25मि.13 तक। राष्ट्रीय ज्येष्ठा मासारम्भ।

**मेष :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।

**वृष :** वराजनीतिक योजना को बल मिलेगा। पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्यों को निष्पादन तथा लेनदेन शीघ्र कर लें। उसके बाद समय व्यवधान कारक रहेगा। लाभ खर्च का संतुलन रहेगा।

**कर्क :** व्यक्ति विशेष के कारण समस्या आ सकती है। चली आ रही समस्या का समाधान होगा। सावधानी रखें।

**सिंह :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता होगी।

**कन्या :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देगी। अवरुद्ध लाभ की प्राप्ति होगी।

**तुला :** समय का सदुपयोग करें। राज्य अधिकारियों पर विजय प्राप्त होगी। किसी पुराने काम को निपटा लें तो अच्छा होगा।

**वृश्चिक :** व्यर्थ ही समय नष्ट हो जाएगा। परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है।

**धनु :** मनोवांछित लाभ का हर्ष होगा। गृहस्थ जीवन सुखी संपन्न होगा। श्रेष्ठ जनों से पथ प्रदर्शन मिलेगा।

**मकर :** शांति से कार्य करें। सफलता की आशा है। जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता मिलेगी।

**कुंभ :**जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

**मीन :** कार्य क्षेत्र में प्रभाव स्थापित होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। व्यस्तता से दाम्पत्य जीवन प्रभावित होगा।

# हाईटेंशन में बॉस सटने से चार की मौत

**स्वतन्त्र भारत मरदह।** गाजीपुर के मरदह थाना के नरवर गांव में श्री काशीदास बाबा पूजन के तैयारी के दौरान विद्युत तार से बॉस के स्पर्श होने से चार लोगों की मऊ स्थित फातिमा चिकित्सालय मौत हो गयी है। मृतकों में छोटेलाल यादव (उम्र 35) वर्ष,रविंद्र यादव उर्फ कछू उम्र( 29 वर्ष) ,गोरख यादव (उम्र 23 वर्ष) ,अमन यादव (उम्र 19)वर्ष सभी नरवर गांव के निवासी है, कई लोगों के घायल होने की सूचना है अत्यंत पीड़ादायी है। मृतक जनों के परिवार को सबलता मिले और घायल लोग शीघ्र स्वस्थ हो। मौके पर जिलाधिकारी, कप्तान क्षेत्राधिकारी स्थानीय विधायक जंगीपुर आदि लोग पहुँचे, घटना पर दुख व्यक्त किये।

**मृतकों में पुलिस सिपाही भी**

## खबर एक नजर

### दहेज उत्पीड़न के मामले में चार को दो-दो वर्ष की सजा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीएडब्लू) एफटीसी काजल श्रीवास्तव ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में नामजद चार आरोपियों कसारा गांव निवासी रामदरश यादव, रामकरन, रामजन्म, निर्मला को दोषी पाया। मामला कोपागंज थाना क्षेत्र का है। दोषी पाए जाने के बाद सभी को दो-दो वर्ष की सजा के साथ ही 4500-4500 रूपया अर्थदंड लगाया।अर्थदंड न देने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं कोर्ट में अभियोजन अधिकारी अभिनव कुमार शुक्ला ने साक्षियों को पेशकर अपने कथानक को साबित कराया। वही दूसरा मामला मधुबन थाना क्षेत्र का है। दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में नामजद चार आरोपियों में एक आरोपी पति मधुबन थाना के सिहुलिया गांव निवासी अनिल यादव को 2 वर्ष की सजा सुनाई गई।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाला तिरंगा यात्रा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रानीपुर ब्लाक प्रांगण से बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में तथा माँ भारती के वीर जवानों को सम्मान देने हेतु एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति का अद्भुत जज़्बा देखने को मिला। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि रानीपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष पंकज सिंह की उपस्थिति में हुआ, जबकि आयोजन का नेतृत्व अजय सिंह कक्कू ने किया द्य सैकड़ों ग्रामीण, युवाओं एवं बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगाए ङ्क ÷भारत माता की जय÷, ÷वन्दे मातरम्÷, और वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मण्डल अध्यक्ष पंकज सिंह ने इस अवसर पर कहा, ÷ऑपरेशन सिंदूर न केवल हमारी सेना की रणनीतिक सफलता का प्रतीक है, बल्कि यह संपूर्ण राष्ट्र के आत्मगौरव का विषय है। हमें अपनी सेना पर गर्व है।÷ कार्यक्रम के अंत में शहीद जवानों को नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसी के साथ भूतपूर्व सैनिको को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता अजय सिंह कक्कू विनय सिंह अमिताभ कुंवर सिंह राजकुमार दुबे यशवंत पांडेय कृष्णा मिश्रा मानस तिवारी प्रेम प्रतीक दुबे योगेन्द्र सिंह रानीपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मन्नू चौहान अखंड प्रताप सिंह शिवम पांडेय दीपक सिंह,विजय पाल, आदि लोग सैकड़ो की संख्या मे मौजूद रहे।

### दुष्कर्म इत्यादि के मामलों में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन 21 मई को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रायपुर पुलिया के पास से 6 पॉक्सो एक्ट आदि संबंधित में वांछित अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार पुत्र श्रीनाथ राम निवासी सिकन्दरपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान किया गया ।

### सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी समिति ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न सा वर्ग के पदों को समाप्त किया गया इसके विरोध में सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी समिति उत्तर प्रदेश के आवाहन पर बुधवार को सिंचाई खंड मऊ के प्रांगण में सभी कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया विरोध प्रदर्शन करने वालों में विनोद कुमार यादव अतुल कुमार चंद्रभूषण यादव सुधीर कुमार मौर्य वीरेंद्र कुमार राम मोहन लाल यादव योगेश कुमार यादव विपिन श्रीवास्तव रतन कुमार भारती मोहम्मद सलमान कन्हैया धर्मेंद्र आदि सिंचाई खंड के कर्मचारी ने विरोध प्रदर्शन किया।

### साईबर पुलिस टीम द्वारा ठगी का रुपया कराया गया वापस

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में साईबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा वादी मुकदमा के साथ अज्ञाक व्यक्ति के द्वारा फर्जी ट्रेजरी आफिसर बनकर रिटायर्ड कर्मी से किये गये फ्राड मे साइबर क्राइम थाना जनपद मऊ पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर क्राइम थाना जनपद मऊ टीम द्वारा 21 मई को वादी के खाते मे 271336 (दो लाख इकहत्तर हजार तीन सौ छत्तिस ) रुपये वापस कराया गया।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रट सभागार में कार्यशाला का आयोजन

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत 597 आवेदन स्वीकृत हुए है और 475 युवाओं को लोन वितरित कराकर जनपद प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में और अधिक गति प्रदान करने के उददेश्य से लाभार्थियों और बैंकर्स के बीच समन्वय के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें लाभार्थियों और बैंकर्स के बीच संवाद कराया गया और ऋण वितरण में आने वाली समस्याओं हेतु सम्बन्धित बैंक के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो भी बैंक के



अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य नही कर रहे है उन्हे चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाएगी और जिन्होने भी अच्छा कार्य किया है उन्हे उनके प्रदर्शन के आधार पर ए, बी और सी कैटेगरी में चयन करते हुए सम्मानित किया गया है और भविष्य में भी सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा रविन्द्र कुमार यादव, सदानन्द शर्मा, प्राची गुप्ता, अनिरूद्ध पाडेय, और प्रकाश चन्द्र को ऋण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने बडौदा यूपी बैंक के शाखा प्रबन्धक शंकरगज बबिता गौड, करंजाकला के राजीव यादव और चाचकपुर के ललिता, यू0बी0आई0 के शाखा रामपुर के प्रबन्धक अभिजित आर्य, रामनगर भडसरा के रजनीश कुमार और कजगांव के अनुराधा चौहान, शाखा प्रबन्धक स्टेट बैंक आफ इण्डिया टीडी कालेज के गिरीश कुमार यादव को अंगवस्त्रम और मिष्ठान देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंको की शाखाओं में स्वस्थ वातावरण का माहौल बनाया जाए। बैंको में सीएम युवा योजना में जिन प्रपत्रों की आवश्यकता है, उसकी चेक लिस्ट जारी की जाए और इसके अलावा अन्य प्रपत्र की मांग न की जाए। आवेदकों के आवेदन पत्र में जो भी दस्तावेज नही है उन्हे पूर्ण कराते हुए शीघ्र ऋण देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद के युवा इस अभियान के माध्यम से लाभान्वित होंगे तथा रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ेंगे और जनपद के विकास मे सहयोग प्रदान करेंगे। इस इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, एलडीएम, प्रबन्धक गौरव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ढैंचे की बुवाई से मृदा संरचना में सुधार होता है : डॉ. दिनेश चंद्र

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने किसानों को ढैचे की खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि ढैचे की बुआई से मृदा संरचना में सुधार होता है जिससे आगामी फसल के उत्पादन में बृद्धि होती है। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री का लाभ बताते हुए कहा कि जनपद के समस्त किसान अपनी किसान आईडी अनिवार्य रूप से बनवा ले क्योंकि पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसान ही प्राप्त कर सकेंगे, गांवो में कैम्प आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान दिवस आयोजित करने का उददेश्य है कि किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाए और उनसे जुडी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी पीडी आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उप निदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, कृषि वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. आरके सिंह, उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा सहित अन्य अधिकारीगण और किसान उपस्थित रहे।

# पीड़ित महिला ने डीएम के गाड़ी के सामने बैठकर किया प्रदर्शन

**जौनपुर।** मड़ियाहूं तहसील के बरसठी क्षेत्र की किसान यूनियन ब्लॉक अध्यक्ष मंजू विश्वकर्मा बुधवार को प्रशासनिक उपेक्षा से नाराज होकर डीएम कार्यालय पहुंचीं और जिलाधिकारी की गाड़ी के सामने बैठकर धरना कर लगी। उनके साथ किसान संगठन के कुछ अन्य सदस्य भी मौजूद थे। आपको बता दे कि पीड़ित महिला मंजू विश्वकर्मा का आरोप है कि वह अपने रास्ते और नाली विवाद को लेकर कई बार तहसील, थाना और डीएम कार्यालय का चक्कर काट चुकी हैं। लेकिन अब तक उसे न्याय नहीं मिला। हर जगह से उसे डांटकर भगा दिया जाता है। जिससे परेशान होकर आज डीएम की गाड़ी के आगे बैठकर आत्मदाह तक की चेतावनी दे डाली। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर राजस्व विभाग और पुलिस बल पहुंचा। भूराजस्व अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर महिला की शिकायत सुनी और तत्काल मड़ियाहूं के एसडीएम से फोन पर वार्ता कर निर्देश दिया। साथ ही सीआरओ ने मडियाहू एसडीएम से कहा है कि विवादित स्थल पर अस्थायी रास्ता बनवाने और नाली की निकासी को लेकर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। करीब एक घंटे तक चला यह प्रदर्शन तब समाप्त हुआ जब अधिकारियों ने महिला को चार दिन में समाधान का भरोसा दिया। महिला ने जाते हुए चेतावनी दी कि यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा डीएम कार्यालय का रुख करेंगी। अपर जिलाधिकारी ( भू राजस्व )अजय अंबष्ट ने बताया कि मामले कि जानकारी मडियाहू एसडीएम को दे दिया गया है और उन्होंने आश्वासन दिया है।

# दो दुकानों से लाखों के आभूषण व नगदी चोरी

**जमानियां (गाजीपुर)।** बीते सोमवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा हरपुर में एक साथ तीन दुकानों से की गई चोरी की वारदात का अभी तक पुलिस ने खुलासा नहीं किया तब तक एक बार फिर चोरों ने दो दुकानों से भीषण चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस की निंद उड़ा दी है। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के जीवपुर गांव का है, जहां मंगलवार की रात जीवपुर चट्टी पर स्थित आभूषण व कपड़ा दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने लाखों का आभूषण व नगदी पार कर दिया। जानकारी के मुताबिक जीवपुर चट्टी स्थित तान्या ज्वेलर्स की दुकान के शटर का ताला तोड़ चोरों ने करीब 10 किलोग्राम चांदी की पायल, 230 ग्राम सोना व 3.5 लाख नगद और 90 हजार रुपये का बर्तन भी चुरा लिए। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह जब आभूषण दुकानदार गौतम कुमार को हुई तो वह दुकान पर पहुंच गए और अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। इसके साथ ही चोरों ने बगल में ही अमन वस्त्रालय की दुकान को भी अपना निशाना बनाया और दुकान से 40 हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड, पासबुक तथा सीसीटीवी का डीवीआर भी उठा ले गए। घटना की सूचना जब कोतवाली पुलिस को मिली तो पुलिस के भी कान खड़े हो गए। सूचना पर कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदारों से घटना की जानकारी लेकर मामले की छानबीन में जुट गए। इसके बाद पुलिस टीम आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। वहीं पीड़ित दुकानदारों से मिलने पहुंचे जिला पंचायत सदस्य बसंत यादव ने बताया कि आये दिन हो रही चोरी कि घटनाओं से दुकानदारों के अलावा आम जनमानस में भी दहशत फैला हुआ है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है।

# अच्छे प्रतिशत लाने वाले बच्चों को मिला टैबलेट व स्कॉलरशिप

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे के सदरपुर गालीबपुर में स्थित किंग ईडेन इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड में अच्छे परसेंटेज लाने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप एवं छात्रवृत्ति वितरित कर सम्मानित किया गया। इस लैपटॉप एवं छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 9 बच्चों को बारी-बारी से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर प्रवीण कुमार मद्धेशिया एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर मोनिका गुप्ता ने वितरित किया। विद्यालय टॉप करने वाले इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड के छात्र मानव राज मद्धेशिया जिन्होंने 96



प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी तरह सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल में विद्यालय टॉप करने वाली छात्रा सोनाया राज मद्धेशिया जिन्होंने 97 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता, शिक्षकों व जिले का नाम रोशन किया। जिन्हें डॉक्टर प्रवीण मद्धेशिया एवं डॉ मोनिका गुप्ता द्वारा इन दोनों विद्यालय टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को 25-25 हजार रुपए छात्रवृत्ति के रूप में दी गई। इसी तरह हाई स्कूल में शिवांगी चौहान, तथा इंटरमीडिएट में आकांक्षा सिंह, अंशिमा यादव, श्वेता मौर्य, सान्या चौरसिया, जान्हवी बरनवाल अदिति चतुर्वेदी आदि छात्र-छात्रा ने सीबीएसई बोर्ड से अच्छे प्रतिशत लाकर किंग इडेन इंटरनेशनल स्कूल को जनपद में ही नहीं पूरे प्रदेश में नाम रोशन कर दिखाया हैं। जो लैपटॉप, प्रमाण पत्र तथा स्कॉलरशिप पा कर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरों पर एक अलग ही खुशी की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर अवधेश यादव, सुरेंद्र चौबे, उत्तम चौरसिया, हेमंत गुप्ता, प्रिंसिपल भूपेंद्र शर्मा, मोहम्मद सालिम, सबाहत फातिमा, श्रेया दुबे, शराफत अली, विवेक कुमार गुप्ता, आदि विद्यालय के शिक्षक व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित गौ मांस के साथ तीन गिरफ्तार, जेल

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** रामपुर पुलिस ने मुखबिर कि सूचना पर मंगलवार को लगभग साढ़े दस बजे ग्रामसभा रोपनपुर से तीस किलो प्रतिबन्धित गौमांस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते हैं कि संगठित अपराध व क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के निर्देश पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र उपाध्याय अपने हमराह हे0का0 असरफ,का0 अमरजीत व अजय कुमार आदि नेमडाड़ चट्टी पर मौजूद थे कि उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रोपनपुर बाग में प्रतिबंधित गौवंश का मांस लेकर कुछ लोग बेचने जा रहे है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंचे जहाँ कुछ लोगों द्वारा दो बोरे में कुछ लेकर जाते हुए दिखाई दिये लेकिन जैसे ही वो लोग पुलिस को देखे तो भागने लगे, पुलिस ने सतर्कता पूर्वक तीनों लोगों को धरदबोचा। तीनों से नाम पता पूछने पर क्रमशः आरिफ उर्फ राजू कुरैशी पुत्र अली निवासी फतहपुर मंडाव, भुटेली शाह पुत्र स्व रईस निवासी रोपनपुर, व अतिउल्लाह पुत्र शरीय उल्लाह निवासी महमूदसराय बताया। दोनों बोरे कि तलाशी लेने पर उसके अंदर तीस किलो मांस के साथ ठीहा, चाकू, मोटरसाइकिल,दाब और 1120 रुपए के साथ अन्य सामान बरामद हुआ। बताया जाता है कि फतेहपुर निवासी आरिफ उर्फ राजू कुरैशी अपने यहां चोरी छिपे पड़वा की आड़ में गौ बछड़ा काटकर आसपास के एक धर्म विशेष के गांवों में ले जाकर बेचता है।

# गहमर पुलिस की पशु तस्करों से मुठभेड़, एक घायल, एक गिरफ्तार गोवंश बरामद

**स्वतन्त्र भारत संवाददाता सेवराई।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव के समीप बुधवार की रात पुलिस और गौ तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक तस्कर घायल हो गया जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ लिया इनके पास से पिकअप पर लदी गौवंश भी बरामद की गई। जानकारी अनुसार थानाध्यक्ष रेवतीपुर मय टीम नगसर तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे कि सामने से एक पिकअप वाहन आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो वाहन चालक वाहन को पुलिस टीम पर चढ़ने का प्रयास करते हुए गहमर चौसा की तरफ भागने लगा। थानाध्यक्ष रेवतीपुर द्वारा जरिये आर टी सेट सूचना देते हुए घेराबंदी करने के लिए पिकअप का पीछा किया। उक्त सूचना को सही मानते हुए प्रभारी निरीक्षक गहमर द्वारा उक्त वाहन को पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई। करहिया मोड़ के पास सामने से खुद को घिरा देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नीयत से देशी तमंचे से 1 राउंड फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्रवाई में



फायर किया गया तो एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। घायल बदमाश इरशाद पुत्र जुमाराती निवासी ताजपुर कुर्रा थाना दिलदार नगर को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भेजा गया जहा से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया एक अन्य बदमाश असगर पुत्र रविऊवल अंसारी ग्राम ताजपुर कुर्रा थाना दिलदारनगर को पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में कोतवाल अशेष नाथ सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है एक पुलिस की हिरासत में है इनके पास से 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर, 1 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं 5 राशि गोवंस सहित 1 अदद पिकअप वाहन बरामद किया गया है।

# जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर- जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा वसूली व मनमानी का कारोबार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। मरीजों को अधिकतर दवाई बाहर से लिखी जाती है। इतना ही नहीं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत का मरीजों तक लाभ नहीं पहुंच पा रहा है।आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों से भी पैसा वसूला जा रहा है ऐसा ही एक मामला संज्ञान में आया है। जगवंती देवी का पैर टूट गया है वह जिला अस्पताल में विगत 8 दिनों से भर्ती है।और 8000 रूप की बाहर से दवा भी ले चुके हैं। वह आयुष्मान कार्ड धारक भी है उसका इलाज डॉक्टर वैभव सिंह की देखरेख में चल रहा है। उन्होंने मरीज के परिजनों से ऑपरेशन के नाम पर ?30000 की डिमांड की।जब परिजन बताएं कि मेरे पास आयुष्मान कार्ड है।तो उन्होंने कहा कि हम आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं करेंगे।नगद कैश दोगे तब हम ऑपरेशन करेंगे।तत्पश्चात इसकी शिकायत परिजन 19-05-2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील पांडेय से किया।उन्होंने आश्वासन दिया कि जब आपके पास आयुष्मान कार्ड है तो आपका निःशुल्क इलाज होगा। इस संदर्भ में मैं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अवगत करा देता हूं। इसकी सूचना जैसे ही डॉक्टर वैभव को प्राप्त हुई उन्होंने मरीज के परिजनों को ड़ाटने फटकारने लगे। और कहे कि तुमको जहां शिकायत करना कर लो मैं तुम्हारा ऑपरेशन नहीं करूंगा। 20-05-2025 को परिजन हताश होकर फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आकर अपना प्रार्थना पत्र देकर सारी बातों से अवगत कराया। शाम 3.30 बजे परिजनों को प्राचार्य के पी.ए. ने फोन कर कहा कि एक एप्लीकेशन आप प्राचार्य के नाम से दीजिए आपका शनिवार को ऑपरेशन होगा। 21-05-2025 की सुबह जैसे ही मरीज के पास राउंड पर डाक्टर वैभव सिंह आए तो परिजनों को देखकर भड़क गए। और कहे की बगैर ?30000 लिए में ऑपरेशन नहीं करूंगा। अन्यथा की स्थिति में तुमको यहां से डिस्चार्ज कर दूंगा। तुमको जो बनाना है बना लो। तुम डीएम,एसपी सीएमओ किसी से भी शिकायत कर लो बगैर पैसे दिए मैं ऑपरेशन नहीं करूंगा। आगे जो होगा मैं देख लूंगा। ऐसे बहुत लोगों ने मेरी शिकायत की है लेकिन मेरा कुछ नहीं हुआ।

# जमानिया ब्लॉक संसाधन के कंपोजिट स्कूल पर समर कैम्प का आयोजन

**स्वतन्त्र भारत जमानिया।** ग़ाज़ीपुर/जमानिया प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना समर कैंप का ब्लॉक स्तरीय शुभारंभ कंपोजिट स्कूल हेतिमपुर,जमानिया में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्णा कुशवाहा एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश राम द्वारा किया गया। शिक्षा क्षेत्र जमानिया में कुल 50 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैंप का शुभारंभ हुआ है।समर कैंप का आयोजन 21 मई से 10 जून तक कुल 17 दिनों तक चलेगा ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास ,अध्यापक छात्र के बीच में आत्मीय संबंध विकसित करना ,समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना है।इस कार्यक्रम के संचालक तृप्ति यादव एवं फिरदौस बानो हैं।इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंह,विनीत कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, सुनील शर्मा,ए आर पी अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे। अन्त में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया।


द्वितीय काल

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर।**

पता :-विकास भवन, निकट कलक्ट्रेट अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 247/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2025-26/ दिनांक 14.05.2025

**अल्प कालीन मैनुअल निविदा की प्रेस सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अम्बेडकरनगर मे पूर्वान्चल विकास निधि योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो की ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी. एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैनुअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वांटिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित हैं, जी0सी0टी0 का भुगतना सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार पृथक से किया जायेगा । निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | अधि0 अभि0 कार्यालय कक्ष सं0 6 अम्बेडकरनगर | अधी0 अभि0 ग्रा0अ0वि0 परि0 अयोध्या | जिलाधिकारी कार्यालय अम्बेडकरनगर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अम्बेडकर नगर | ग्राम सभा मेंढी सुलेमपुर में अंशु के घर से राजितराम के घर होतं हुए ब्रिजेन्द्र तिवारी के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 7.78 | 0.16 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह | अधि0 अभि0 कार्यालय कक्ष सं0 31 अम्बेडकर नगर | अधी0 अभि0 ग्रा0अ0वि0 परि0 अयोध्या | जिलाधिकारी कार्यालय अम्बेडकर नगर |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में विड् डाक्यूमेण्ट की उपलब्धता की तिथिः 23.05.2025 से 28.05.2025 तक ।
3. निविदा विक्री प्रारम्भ तिथि समय व स्थानः तिथिः 23.05.2025 को कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-अयोध्या एवं जिलाधिकरी, जनपद अम्बेडकरनगर पूर्वान्ह 10.00 बजे से।
4. निविदा विक्री के लिए अन्तिम तिथि समय व स्थानः तिथिः 28.05.2025 को कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-अयोध्या एवं जिलाधिकरी, जनपद अम्बेडकरनगर अपरान्ह 4.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि समय व स्थानः 29.05.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर ।
6. निविदा खोलने के लिए अन्तिम तिथि समय व स्थानः 29.05.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर ।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ-पत्र मान्य नही होगा ।
8. निविदा आमंत्रण कर्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज 09 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार-पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा । अधिक जानकारी हेतु कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर में सम्पर्क करें ।
9. सभी सम्भावित निविदा-दाताओं को सलाह दी जाती है कि विड् सम्मिट करने से पूर्व विड् डाक्यूमेण्ट को भली-भाँति पढ़ लें ।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से

उ0प्र0 233890 दिनांक- 19.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



**कार्यालय उपनिदेशक लखनऊ मण्डल, लखनऊ।**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय उपनिदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ मण्डल, लखनऊ 19-बी विधानसभा मार्ग, लखनऊ वाहन संख्या- यू0पी0-32 बी0जी0- 6806 मॉडल टाटा सूमो गोल्ड जो वर्तमान में आर0 के0 मोटर्स कल्याणपुर, रिंगरोड, लखनऊ में खड़ी है की नीलामी दिनांक 24 मई, 2025 को अपरान्ह 12 बजे होनी है। वाहन का न्यूनतम मूल्य रु0 240000/- है। जो व्यक्ति/फर्म उपरोक्त वाहन को क्रय करने के इच्छुक हो,वह 24 मई,2025 को ही अपनी निविदा तथा रु0 5,000.00 अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट उक्त पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें। किसी भी व्यक्ति/फर्म की निविदा निरस्त करने का अधिकार निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0,प्रयागराज में निहित होगा तथा इस संबंध में कोई वाद मान्य नहीं होगा।

(नीरज कुमार गुप्ता)
उपनिदेशक
लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

उ0प्र0 234071 दिनांक- 20.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

**अल्पकालीन निविदा-सूचना**

पत्रांक : 176/EE-1/नि0 दिनांक : 20.05.2005

निम्नलिखित कार्य / आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 27.05.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 27.05.2025 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| Sr. No. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reboring of 1.5 HP submersible pump 02 nos near Ho.No. 136/170 Sri Vineet Chaurasiya house, Durvijayganj and Galla Mandi near kuwan, Subhash Marg, Bashiratganj-Ganeshganj ward Lko. | 6600.00 | Rs 400 | 7 दिवस |
| 2. | Reboring of 1.5 HP submersible pump infront of Dr. Shyama Prasad Mukharjee Hospital Narahi and near Kamlesh Yadav House, Gulista Colony | 6600.00 | 400 | 7 दिवस |
| 3. | Boring work of mini tubewell Size 200X200 in Hanuman mandir Parisar Aminabad. | 8500.00 | 450 | 7 दिवस |
| 4. | Development, supply of P-Gravil & other mechanical work for mini tubewell bored in Hanuman Mandir Pariser Aminabad. | 8500.00 | 450 | 7 दिवस |
| 5. | 90mm dia PVC 120 mtr pipe line 6 kg laying at Mohmmad wali gali Raja Ram Mohan Rai Marg | 3200.00 | 200 | 7 दिवस |
| 6. | Complete Plaster work tiles work and interlocking work etc. at LDA Colony Lalbagh. | 8500.00 | 450 | 7 दिवस |
| 7. | Supply & fixing of by pass system & electrical / civil work for newly bore mini tubewell in Hanuman Mandir Parisar Aminabad. | 7000.00 | 350 | 7 दिवस |
| 8. | Complete Renovation work of store situated at LDA Office underover Head Tank Zone-1 | 8500.00 | 450 | 7 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्तः 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी०एस०टी० में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये

अधिशासी अभियन्ता, जोन-1,
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ




स्वतंत्र भारत

# अयोध्या

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 22 मई. 2025 (9)

अंबेडकरनगर




## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गौवंश संरक्षण की व्यवस्था पर हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में देर शाम गोवंश संरक्षण एवं गौ आश्रय स्थलों से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में भूसा दान/क्रय, हरे चारे की बुवाई, गोवंश चिकित्सा, टीकाकरण, टैगिंग, गर्मी से बचाव, भूसा टेंडर एवं मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्दगी की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी आवारा पशु वंश रोड़ों पर घूमता दिखाई ना दे और किसी भी पशु वंश द्वारा फसलों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मात्रा में जन सहभागिता के माध्यम से भूसा गोशालाओं में दान के माध्यम से



प्राप्त कराने हेतु निर्देशित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा प्राप्त ज्वार को पशु चारे हेतु गोशालाओं से सम्बद्ध गोचर भूमि पर बुआई कराई गई है। गोवंश चिकित्सा, टीकाकरण, टैगिंग का कार्य पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कराकर पोर्टल पर अपलोड कराया जा रहा है। गौ आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को लू/ गर्मी से बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा सभी व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद के सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/ पशु चिकित्सा अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी व सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों की प्रगति गोआश्रय पोर्टल पर अपलोड करने तथा समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।


## शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को लेकर मंडलीय समीक्षा बैठक 24 को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह अप्रैल 2025 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में 24 मई को पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया गया है। विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा 10.30 बजे से 12.30 बजे तक, कानून व्यवस्था की समीक्षा 12.30 बजे से 1.30 बजे तक व राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 02:30 बजे से 04:00 बजे तक की जाएगी। अधिकारी गण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें। उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त, अयोध्या मण्डल राजेश कुमार झा ने दी है।

## अवध विवि की एनईपी पीजी सम-सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

### सेमेस्टर की दो पालियो में 97802 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से आच्छादित एमए, एमएससी एवं एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर पीजी सेमेस्टर परीक्षा कराई जायेगी। दो पालियों की परीक्षा में कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें 30681 छात्र व 67121 छात्राएं होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति कर्नल डॉ0 बिजेन्द्र सिंह के निर्देश पर शासन के मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न



03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि विवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों की पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। सकुशल परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है। सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा कराई होगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पारदर्शीपूर्ण परीक्षा के लिए समस्त केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है।

## जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों का पूरा करेगी सहयोग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की समीक्षा के उपरान्त भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों से विभिन्न विषयक कुल 09 आवेदन प्राप्त हुये। प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आदेशित किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों/आश्रितों को जिला प्रशासन की ओर से सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा उनकी समस्याओं/शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0 कर्नल संजीव कुमार ने सैनिक कल्याण से सम्बन्धित शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिजनों ने प्रतिभाग किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अयोध्या प्रसाद सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा तथा ओ0आई0सी0, ई0सी0एच0एस0, स्टेशन मुख्यालय, कर्नल सुनील कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका अकबरपुर में बजट बोर्ड की बैठक का सभासदों ने किया बहिष्कार

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** नगर पालिका परिषद अकबरपुर में चल रहे प्रशासनिक असंतोष और कार्यों की विफलता को लेकर बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। पालिका अध्यक्ष के प्रति नाराजगी जताते हुए कई सभासदों ने बजट बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर दिया। सभासदों का आरोप है कि पालिका अध्यक्ष द्वारा विकास कार्यों को समय पर न कराए जाने और पूर्व में किए गए कार्यों की जानकारी ना देने के चलते उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। उनका कहना है कि बार-बार मांग के बावजूद न तो उन्हें अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराई गई, न ही क्षेत्र में कोई ठोस कार्य होता दिख रहा है। सभासदों की नाराजगी इस हद तक पहुंच गई कि उन्होंने बैठक में शामिल होने से ही इनकार कर दिया, जिससे पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस घटनाक्रम से नगर की राजनीति में हलचल मच गई है, और आने

## लिंग अनुपात विषय पर विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना वर्ष-2025-26 के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशानुसार अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या के निर्देश पर लिंग चयन तथा बाल लिगानुपात में गिरावट के उपबन्ध पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय (महिला), अयोध्या पर किया गया। उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या अनिल कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश में कन्या भ्रूण हत्या एवं घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए वर्ष 1994 में पीसीपीएनडीटी अधिनियम बनाया गया जिसमें जन्मपूर्ण लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन्होने कहा कि ऐसा करने अथवा इसका विज्ञापन देने पर सम्बन्धित को तीन वर्ष तक की कैद और 10 हजार रूपए जुर्माना हो सकता है। अन्य परिस्थितियों में यह सजा पांच वर्ष तक और जुर्माना 50 हजार रूपए तक हो सकता है। यह अधिनियम अल्ट्रासाउंड मशीन जैसी प्रसवपूर्व निदान तकनीकों के उपयोग को नियंत्रित करता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया। उक्त विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन पी0एल0 वी0/ अधिकार मित्र प्रियंका त्रिपाठी द्वारा किया गया जिसमें सी.एम.एस. डॉ0 विभा सिन्हा, चिकित्सालय के डॉक्टर, कर्मचारी, महिला पुलिसकर्मी तथा दूर दराज से दवा कराने आयी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गांव में लगायी चौपाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने ग्राम सभा सहनवा में चौपाल लगाकर आमजन को राजीव गांधी के द्वारा गांव और किसानों के लिए किए गए योगदान पर चर्चा किया। चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह तथा संचालन कार्यक्रम के संयोजक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर ने की। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने न केवल जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की राजनीतिक विरासत को संभाला, बल्कि देश को तकनीक व वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। राजीव गांधी को भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति लाने का क्रेडिट दिया जाता है. उन्होंने न सिर्फ कंप्यूटर को भारत के घरों तक पहुंचाने का काम किया, बल्कि भारत मेंइनफार्मेशन टैक्नोलॉजी को आगे ले जाने में भी अहम भूमिका निभाई। महानगर



अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा स्वर्गीय राजीव गांधी ने अपने शासनकाल में 21वीं सदी के भारत का जो सपना देखा था उसके लिए वे सदैव वे प्रयासरत रहे। अपने पूरे शासन काल में उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए कई योजनाएं लागू कीराजीव गांधी ने लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए 73वां संविधान संशोधन प्रस्तावित किया, जिससे ग्राम पंचायतों को अधिकार, उत्तरदायित्व और संसाधन मिले। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा श्री राजीव गांधी की नीतियों का प्रभाव आज भी ग्रामीण भारत में देखा जा सकता है। उनका यह विश्वास कि भारत एक गांवों का देश है और इसका भविष्य गांवों की समृद्धि में छिपा है, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा तथा पीसीसी सदस्य महेश वर्मा ने कहा टेलीफोन सेवाओं और डाक व्यवस्था, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा गांव में रोजगार पैदा करने की योजनाएं राजीव गांधी प्रदेश का दूरदर्शी और विकासशील सोच वाला नेता बनाती हैं। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शाहनवा ग्राम सभा के चौपाल में प्रमुख रूप से मोहम्मद रईस उर्फ रज्जू, प्रशांत पांडे ब्लॉक अध्यक्ष मिल्कीपुर, शेर बहादुर दुबे, रामसागर रावत, शीतला पाठक, उमेश उपाध्याय सेवा दल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, कविंद्र साहनी, प्रेम कुमार पांडे, बजरंग सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दीप कृष्ण वर्मा, अरुण साहू, उग्रसेन मिश्रा, मोहम्मद अकरम उर्फ चांद, द्वारिका पांडे, कपिल देव, उमेश उपाध्याय, कुलदीप वर्मा, पंकज सिंह, मोहम्मद मुस्लिम शेख, आशुतोष शांडिलअध्यक्ष सोशल मीडिया प्रकोष्ठ, अनीस अहमद, शकील अहमद, जमील अहमद, इंतजार, रिजवान अहमद, रफीउल्लाह, मोइन खान, मोहम्मद राजिब, बादशाह हुसैन, दानिश अली, जमशेद आलम, कबीर अहमद, वकार अहमद, लाल मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामोद्योग बोर्ड के कौशल सुधार प्रशिक्षण में पचास लाभार्थी हुए प्रशिक्षित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की कौशल सुधार प्रशिक्षण योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग के 50 लाभार्थियों (दर्जी हेतु 25 अभ्यर्थी एवं ब्यूटी पार्लर हेतु 25 अभ्यर्थी) तथा अनुसूचित जाति के 100 लाभार्थियों (ब्यूटी पार्लर हेतु 25 अभ्यर्थी दर्जी हेतु 50 अभ्यर्थी एवं फल प्रशोधन हेतु 25 अभ्यर्थी) को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु विभाग के वेबसाईट पर जाकर प्रशिक्षण के निर्धारित पोर्टल पर इच्छुक अभ्यर्थी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों में स्कोर कार्ड के अनुसार प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी का चयन जनपद स्तर पर गठित चयन कमेटी द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बहराइच द्वारा कराया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि 15 दिन हेतु प्रत्येक दिन रू0 250/- की दर से मानदेय उपलब्ध कराने का प्राविधान है। ग्रामीण क्षेत्र / नगर पंचायत (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जिनकी जनसंख्या 25,000 से अधिक न हो), के आवेदक ही प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे, तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष के मध्य हो। उपरोक्त पोर्टल पर निम्नलिखित अभिलेखों के साथ (नवीनतम फोटो 02, आधार कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता, राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व बैंक पासबुक) 30 मई तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन के उपरान्त सम्पूर्ण साक्ष्य सहित अपना आवेदन कार्यालय में जमा कर दें। असुविधा होने पर इच्छुक अभ्यर्थी अपने अभिलेखों के साथ किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सत्यवती सदन, बेनीगंज रोड, निकट देवकाली मंदिर, फैजाबाद अयोध्या में सम्पर्क कर कर सकते हैं। उक्त जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार द्वारा दी गई है।

## जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** इनायतनगर थाना क्षेत्र के देवनपारा पूरे दुबान निवासी सूर्यनायक दूबे पुत्र मनीराम दूबे ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। गंभीरावस्था में उन्हें राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर ले जाया गया जहां चिकित्सा के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। मृतक के बड़े पुत्र आदित्य ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत किया है कि उनके पिता ने एक व्यक्ति को कुछ रुपये उधार दिये थे और उधारी लिये गये पैसे को वह मांगने गये तो उन्हें पैसा नहीं दिया गया। इसी कारण उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्र छोड़ गये हैं। बताया जा रहा है कि मृतक ने एक सुसाइड नोट भी लिखकर छोड़ दिया है जिसमें कई लोग आरोपी बनाये गये हैं। इस संबंध में जब क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण की गहनता से जांच की जाएगी जो भी तथ्य प्रकाश में आएगा उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## विहिम मनायेगी स्वाभिमान सप्ताह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विश्व हिंदू महासंघ की मंगलम गेस्ट हाउस में संपन्न बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस को पूरे सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनकर ने चार उपाध्यक्ष, चार मंत्री, एक महामंत्री, कोषाध्यक्ष, मनोनीत किया गया। बैठक के विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह व विधि प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय शंकर पांडे रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनकर ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस को विश्व हिंदू स्वाभिमान सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 5 जून से 11 जून तक मनाया जाएगा। 5 जून को वृक्षारोपण व केसरिया ध्वज तिलक 6 जून को गोसेवा, 7 जून को वृक्षारोपण, 8 जून को साधु संतों का सम्मान, 9 जून मानव सेवा के वस्त वितरण, 10 जून को रक्तदान, 11 जून को सुंदर कांड, हनुमान चालीसा व भंडारे का आयोजन में किया गया है। बैठक में संरक्षक प्रदीप पाठक, जिला महामंत्री मृत्युंजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, शेर बहादुर सिंह, रामेश्वर प्रसाद तिवारी, सिकंदर उपाध्याय, मंत्री सागर सोनकर, अमित चौरसिया अंकित सोनकर, जवाहर सोनकर, कोषाध्यक्ष राजाराम यादव को मनोनीत किया गया।

## एनटीपीसी ने नैगमिक सामाजिक दायित्व सशक्तीकरण कार्यशाला का किया शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अंतर्गत बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला 2025 का शुभारंभ 21 मई 2025 को किया गया। यह एक माह की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 21 मई से 16 जून 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें आस-पास के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 40 बालिकाएं प्रतिभाग कर रही हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को बहुआयामी विकास के अवसर प्रदान करना है। प्रशिक्षण कायक्रम के अंतर्गत अंग्रेज़ी भाषा, कंप्यूटर शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण जागरूकता, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रथम दिन सभी प्रतिभागी बालिकाओं का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें



आवश्यक अध्ययन सामग्री, स्टेशनरी और आवश्यकताओं से युक्त एक प्रशिक्षण किट प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मंडल की अन्य वरिष्ठ सदस्याएं एवं एनटीपीसी टांडा के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत, कार्यशाला में प्रतिभाग कर रही जेम बालिकाओं में स्वच्छता और स्वच्छ आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन उनके सम्मुख करवाया गया। इस नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। यह कार्यशाला एनटीपीसी टांडा की सामाजिक प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण है, जिसके माध्यम से वह बालिकाओं को शिक्षा, आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्षम बना रहा है, साथ ही समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## मास्टर ट्रेनर द्वारा गन्ना कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली ब्लाक क्षेत्र के फिरोजपुर मखदूमी गांव में मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत रौजागांव चीनी मिल एवं गन्ना समित गनौली द्वारा गन्ना शोध संस्थान से विशेष प्रशिक्षण लेकर आए हुए मास्टर ट्रेनर द्वारा गन्ना कृषकों को गन्ना उत्पादन की नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराया।जिसमें



गन्ना किसानों को उन्नत गन्ना किस्मों, रोग प्रबंधन, कीट नियंत्रण, फसल विविधीकरण तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग की सैद्धांतिक व व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न किस्मों की उपज, रोग प्रतिरोधक क्षमता और गुणवत्ता संबंधी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही गन्ना फसल को प्रभावित करने वाले खतरनाक कीट पायरिला तथा उसके प्राकृतिक परजीवी की सजीव पहचान भी कराई गई, जिससे किसान जैविक नियंत्रण के प्रति जागरूक हो सकें। इस अवसर पर विभिन्न उन्नत कृषि यंत्रों का भी प्रदर्शन किया गया, जिनके प्रयोग से गन्ना किसानों की लागत में कमी और उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित हो सकेगी। प्रशिक्षण के टेक्निकल सत्र में गन्ना फसल में होने वाली प्रमुख बीमारियों, टिशू कल्चर तकनीक, कटाई उपरान्त ह्रास प्रबंधन तथा सिंगल बड नर्सरी की स्थापना एवं लाभों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर गन्ना सचिव गनौली अनिल कुमार, कपिल कुमार दीक्षित जेष्ठ गन्ना निरीक्षक, अजीत राय उप प्रबंधक (गन्ना), प्रमोद सिंह बरि. उप प्रबंधक (गन्ना ), सबीना खातून, विनय सिंह, शेष मौर्या, धर्मेन्द्र यादव, गंगा सागर तिवारी, परवेज सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## प्रमुख स्थलों का किया गया सौंदर्यीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पौराणिक गुप्तार घाट पर एक महत्वपूर्ण आयोजन के अंतर्गत सेना कैंटोनमेंट बोर्ड एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से दो प्रमुख स्थलों का सुंदरीकरण किया गया। इस अवसर पर 1971 युद्ध के महानायक फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ की प्रतिमा का अनावरण किया गया, साथ ही 1965 और 1971 के युद्धों में भाग ले चुके ऐतिहासिक टी-55 टैंक को भी स्थापित किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य अयोध्या को केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि एक समग्र पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहाँ देश की सेना के वीरों को सम्मानित किया जाए और जनता को देश की सैन्य विरासत से अवगत कराया जा सके। मण्डलायुक्त ने यह भी बताया कि अयोध्या में विभिन्न पिकनिक स्पॉट्स को चिन्हित किया जा रहा है, जहाँ सेना स्मारक स्थल विकसित किए जाएंगे।

## जिलाधिकारी ने दिए श्रवण धाम सोसाइटी गठन के निर्देश

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में श्रवण क्षेत्र धाम में संचालित विभिन्न पर्यटन विकास कार्यों एवं श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए एक आधुनिक धार्मिक पर्यटन स्थल के विकसित करने हेतु भविष्य के योजनाओं के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, खंड विकास अधिकारी कटेहरी एवं संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को श्रवण क्षेत्र धाम के संपूर्ण विकास कार्यों का नोडल बनाया, जो श्रवण क्षेत्र धाम में संचालित समस्त विकास कार्यों को



ससमय पूर्ण करने हेतु सभी कार्यदाई संस्थाओं से समन्वय एवं समीक्षा कर रिपोर्ट प्राप्त करेंगे साथ ही धाम में अवस्थापना सुविधाओं को लेकर और क्या-क्या हो सकता है का अनुमानित एस्टीमेट तैयार कराकर पर्यटन विभाग एवं शासन को पत्र/प्रस्ताव आदि प्रेषित कराने एवं श्रवण धाम सोसाइटी का गठन/रजिस्ट्रेशन कराने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम में कार्य कर रही सभी संस्थाओं को अपर जिलाधिकारी को रोजाना रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद परआयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम यथा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आदि को श्रवण क्षेत्र धाम में ही आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन हेतु समिति द्वारा फीस भी निर्धारित करने के निर्देश दिए, जिससे समिति स्वसंचालित हो और आर्थिक रूप से सरकार पर निर्भर न रहे और श्रवण क्षेत्र धाम की समस्त व्यवस्थाएं नियमित व्यवस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम में तमसा नदी के घाट, सीढ़ियों के निर्माण, हनुमान वाटिका के कार्यों, इंटरलॉकिंग कार्यों आदि कार्यों के प्रगति एवं पूर्ण हो चुके कार्यों के हैंडओवर की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा सभी कार्यों को गठित की जा रही श्रवण धाम सोसाइटी को ही हैंडोवर करने हेतु कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप सभी कार्यों की गुणवत्ता को चेक करने और नियमानुसार थर्ड पार्टी जांच कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य कार्यदाई संस्थाओं के साथ कार्यदाई संस्था सी एंड डीएस यूनिट 44 को समन्वय स्थापित कर वहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों/मेलों में क्राउड मैनेजमेंट, घाट, टूरिस्ट फैसिलेशन सेंटर, ब्यूटीफिकेशन, पाथवे, प्रकाश, पेयजल, शौचालय व्यवस्था सहित समस्त अवस्थापना सुविधाओं एवं जरूरतों आदि को सम्मिलित करते हुए संपूर्ण परिसर के विकास कार्य का 15 दिन में लेआउट बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुपम पांडेय सहित अधिशासी अभियंता आरईडी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता विद्युत, सहायक अभियंता सी एंड डीएस यूनिट 44 सहित संबंधित करदाई संस्थाओं एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पौहारी बाबा के तालाब में डूबने से युवक की मौत



अतरौलिया) आजमगढ़। जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के सरैया रसावे स्थित पौहारी जी के पोखरे में तहबरपुर थाना क्षेत्र से आए हुए कुछ युवक दर्शन पूजन कर गहरे पोखरे में नहाने चले गए की इसी दौरान एक युवक डूबने लगा, तो अन्य साथी उसे बचाने की कोशिश करने लगे, लेकिन वह युवक गहरे पोखरे में समा गया। तत्काल इसकी सूचना आसपास के लोगों को हुई तो काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई, मंदिर के व्यवस्थापक अजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने इसकी सूचना तत्काल थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा को दी। सूचना प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए, और कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह डूबे हुए युवक को बाहर निकाला गया, तब तक परिजन भी घटनास्थल पर काफी संख्या में पहुंच गए, और युवक को लेकर अस्पताल चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहबरपुर थाना क्षेत्र निवासी सौरभ यादव उर्फ संकटा कोटेदार पुत्र विजय यादव उम्र 18 वर्ष अपने साथी रवि यादव पुत्र इंद्रजीत यादव निवासी मदरसिया, आदित्य यादव पुत्र अशोक यादव निवासी मदरसिया के साथ आज बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे पौहारी जी के स्थान पर दर्शन पूजन करने आया था। और अपने साथियों के साथ पोखरे में नहाने चला गया की, इसी दौरान वह डूबने लगा और पानी में नीचे चला गया। पुलिस और ग्रामीणों तथा गोताखोर के सहयोग से काफी मसक्कत के बाद सौरभ को पानी से बाहर निकाला गया। इस दौरान परिजन अपनी संतुष्टि हेतु उसे लेकर अस्पताल चले गए। स्थानीय लोगों के अनुसार पोखरे में लगभग 2 घंटे डूबने के बाद युवक को बाहर निकाला गया जिससे उसका जिंदा होना असंभव है। मृतक 12वीं का छात्र था। थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र ने बताया कि युवक के परिजन भी काफी संख्या में आए थे, और संतुष्टि हेतु उसे अस्पताल लेकर चले गए। मौत की अभी पुष्टि नहीं हुई है। अजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा स्थानीय थाने को तत्काल सूचना दी गई, और पुलिस भी 10 मिनट के अंदर मौके पर पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद युवक सौरभ को बाहर निकाला गया, और परिजन उसे लेकर अस्पताल चले गए । लगभग 1 वर्ष पूर्व भी इसी तरह की घटना हुई थी जिसमें एक बालक की मृत्यु हो गई थी, उस समय भी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। यहां के स्थानीय लोगों का काफी सहयोग रहता है। पोखरा अत्यधिक गहरा होने की वजह से घटनाएं होती हैं।

## नपा अध्यक्ष ने छात्रों का किया उत्साह वर्धन

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शहर के टाउन हाल में पालिका द्वारा संचालित शिशु मन्दिर मान्टेसरी विद्यालय व इन्दिरा गाँधी बालिका इण्टरमीडिएट कालेज के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय में अध्ययनरत बालक/बालिकाओं के छह दिवसीय समर कैम्प के तीसरे दिन पालिकाध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह ने शिशु मान्टेसरी स्कूल के छात्राओं द्वारा हैण्ड मेकिंग क्राफ्ट एवं पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं शिक्षिकाओं के साथ बैठक कर उनके द्वारा सिखाये गये कार्यों की प्रशंसा कर संतोष व्यक्त किया। तदोपरान्त समस्त छात्र/छात्राओं एवं विद्यालयों के समस्त स्टाफ को जलपान इत्यादि की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी। स्कूल के प्रधानाध्यापक नीरज शुक्ला एवं इन्दिरा गांधी बालिका की प्रधानाचार्या श्रीमती नलिनी सिंह ने अध्यक्ष महोदया का विद्यालय के तरफ से आभार प्रकट किया।

# प्रदेश को सस्ती बिजली दो, मजदूरों को न्याय दो : संयुक्त संघर्ष समिति

**बलिया।** बताया जाता है कि संयुक्त संघर्ष समिति जनपद बलिया के घटक संगठन जूनियर इंजीनियर संगठन एवं विद्युत कर्मचारी तकनीकी संगठन जनपद बलिया के तत्वाधान में हाईडिल कालोनी स्थित अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय पर लगभग 5 माह से प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र के पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्काम के निजिकरण किये जाने के विरोध में ध्यानाकर्षण एवं जनजागरण कार्यक्रम के तहत '' प्रदेश को सस्ती बिजली दो, मजूदरों को न्याय दो '' दोनो डिस्कॉमों के निजिकरण के फैसले को वापस कराने हेतु 12:00 बजे से प्रतिरोध सभा किया गया एवं प्रदेश के गरीब जनता एवं किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक तीव्र विकास के लिए किये जा रहे निजिकरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री , उत्तर प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की। आज का कार्यक्रम केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर किया गया। स म र त वक्ताओं ने एक स्वर से धरने के माध्यम से मांग किया कि ऊर्जा क्षेत्र का शीर्ष प्रबन्धन सत्य से परे पावर

■ निजीकरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की

कारपोरेशन के घाटे को दर्शा कर प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र की सरकारी जमीनों एवं उसके संसाधनों को निजी घरानों के हाथों कौ?ियों के भाव बेचने के लिए आतुर प्रवृत्ति दर्शा रही है तथा प्रदेश की जनता एवं किसानों को निजी घरानो के हाथो लुटने के लिए विवश कर रही है। बिजली का मजदूर प्रबन्धन द्वारा किये जा रहे उत्पी?न एवं भयभीत करने के प्रयासों से पीछे नहीं हटेगा। बिजली का मजदूर प्रदेश को सस्ती बिजली देने एवं अपने न्याय पाने के लिए कोई भी शहादत देने के लिए किसी भी प्रकार का शहादत देने के लिए तैयार है। वक्ताओ ने कहा कि पूरे जनपद में बिजली का आन्दोलन गांधीवादी अहिंसात्मक एवं लोकतान्त्रिक तरीके से चलाया जायेगा। प्रबन्धन उक्त आन्दोलन को दमन करने का कार्य करेगी तो संघर्ष समिति संवैधानिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करेगा। बैठक को मुख्य रूप से निम्न वक्ताओं ने सम्बोधित किया।सर्वश्री आशुतोष पाण्डेय, हिमालय चैहान, श्रीकान्त विश्वकर्मा, तारकेश्वर यादव, विपिन कुमार सिंह, राजेश कुमार, जितेन्द्र कुमार यादव, नगीना, गोविन्द स्वरूप तिवारी, शुभम मौर्या, सुधीर मल्ल, अनिल राम, सलज सिंह, प्रवीण यादव, मनोज वर्मा, सुनिल पाल, विनोद भारद्वाज। प्रतिरोध सभा की अध्यक्षता सहदेव चौबे एवं संचालन रामबाबू राय ने किया।

## खबर एक नजर

### 6 अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई को लेकर 6 अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। ये अभियुक्तगण गंभीर आपराधिक मामले में वांछित हैं। जिसमें कृष्ण उर्फ कृष्णा यादव पुत्र जयराम यादव बढ़या हरदो थाना मई, निखिल उर्फ निकिल पुत्र महेन्द्र नोनहर थाना जैतपुर जनपद अम्बेडकर नगर, अमर यादव पुत्र अवधेश यादव बरवाँ उपाध्याय थाना खुखुन्दू, बृजेश यादव पुत्र चन्द्रिका यादव बरवाँ उपाध्याय, दीपक पुत्र हरेन्द्र यादव बरवाँ उपाध्याय थाना खुखुन्दू और अमरनाथ पाण्डेय पुत्र वासुकीनाथ पाण्डेय बरवाँ उपाध्याय थाना खुखुन्दू शामिल हैं। देवरिया पुलिस आम जनता से अपील करती है कि यदि कोई इन अभियुक्तों को पकड़ेगा या पकड़वाने के लिए पुलिस को सही सूचना देगा तो उसे इन अपराधियों के साथ अंकित ईनामी धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री करेंगे सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

**बलिया।** बताया जाता है कि अशोक कुमार जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि भारतीय रेल पर आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को देखते हुये रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु उनके पुनर्विकास का कार्य कार्य तेजी से किया गया है। इसी क्रम में, 22 मई, 2025 को राजस्थान के बीकानेर के पालना से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों उद्घाटन करेगें। इसी कार्यक्रम के बलिया जिला में स्थित सुरेमनपुर पूर्वोत्तर रेलवे के सुरेमनपुर स्टेशन का भी उद्घाटन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद लोकसभा (बलिया) श्री सनातन पाण्डेय , सांसद राज्यसभा श्री नीरज शेखर , विधायक (बैरिया) श्री जयप्रकाश अंचल , सदस्य विधान परिषद श्री रविशंकर सिंह (पप्पू) सहित नगर के गणमान्य नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बलिया जनपद में स्थित सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन अपने आस-पास के क्षेत्रों के लिए रेल यातायात की सुविधा प्रदान करता है। औ?िहार-छपरा रेल खण्ड पर स्थित सुरेमनपुर स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे का एन.एस.जी-4 श्रेणी का एक प्रमुख स्टेशन है जो सीधी ट्रेन सेवा से लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, कोलकाता, दरभंगा, अहमदाबाद, दिल्ली, अमृतसर, मुम्बई, सूरत, अम्बाला, रायपुर आदि नगरों से जु?ा है। विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर भारतीय रेल ने आगामी पांच दशक की आवश्यकताओं को देखते हुये 'अमृत स्टेषन योजना' के अन्तर्गत रू. 12.41 करो? की लागत से सुरेमनपुर स्टेशन को पुनर्विकसित कर उन्नत यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराई गई। स्टेशन भवन का नवीनीकरण कर फसाड में सुधार कर इसे आकर्षक स्वरूप दिया गया है। यात्रियों को धूप एवं वर्षा से बचाने के लिये स्टेशन के सभी 03 प्लेटफार्मों पर 34 बे के यात्री छाजन का कार्य पूर्ण किया गया है। स्टेशन परिसर में 2824 वर्गमीटर में सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार एवं विकास किया गया। एप्रोच रोड में सुधार के साथ ही नया प्रवेश द्वार बनाया गया है, जिससे यात्रियों को स्टेशन पहुंचने में काफी सुविधा हुई है। प्लेटफार्म संख्या 01 एवं 02 का उच्चीकरण एवं विस्तार, फुल लेंथ प्लेटफार्म बनाने के साथ ही इसके सतह में सुधार कर ग्रेनाइट लगाया गया है। यहाँ पर 658 वर्गमीटर में प्रतीक्षालय में सुधार एवं वी.आई.पी. लाउन्ज बनाया गया। प्लेटफार्मों पर यात्रियों के बैठने हेतु 39 स्टील तथा 90 कांक्रीट की बेंचें उपलब्ध कराई गई हैं। यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिये एक पैदल उपरिगामी पुल तथा 2 लिफ्ट का कार्य पूर्ण किया गया है तथा एक नया प्रसाधन केन्द्र बनाया गया है। स्टेशन पर दिव्यांगजनों के अनुकूल सभी सुविधाएं विकसित की गई है। स्थानीय संस्कृति के अनुरूप स्टेशन परिसर में सीमेंट के मुराल बनाये गये हैं तथा आकर्षक वाल पेंटिंग की गई है। यात्रियों की सहायता हेतु सहयोग काउंटर सुविधाजन्य तरीके से टिकट वितरण के 04 टिकट काउण्टर, पीने के पानी हेतु पर्याप्त नल की उपलब्धता के साथ एवं वाटरबूथ बनाया गया है। पूरे स्टेशन परिसर में उन्नत प्रकाश व्यवस्था के साथ ही आधुनिक फसा? लाइटिंग लगाई गई है। अन्तर्राष्ट्रीय मानक के साइनेज तथा ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया है। स्टेशन आने वाले दो एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग का प्रावधान किया गया है।

# बरहजवासियों को अब शीघ्र मिलेगा बस स्टैंड की सौगात

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** अब बरहजवासियों को शीघ्र बस स्टॉप की सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता जायसवाल ने इस निमित्त पहल

■ नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने परिवहन मंत्री को पत्र सौंप की बस स्टैंड बनाने की मांग

करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को ज्ञापन देकर बरहज में एक बस स्टैंड बनाने की मांग की है। जिसको लेकर परिवहन मंत्री ने बरहर अध्यक्ष को आश्वासन दिया है कि बरहज में शीघ्र ही बस स्टैंड बनवाया जाएगा। नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने मंत्री को दिए पत्र में बताया है कि नगरपालिका परिषद गौरा बरहज महर्षि बाबा राघव दास की कर्म-स्थली व सरस सलिला माता सरयू नदी के पावन तट पर स्थित है। यहाँ प्रतिदिन अनेक श्रद्धालु स्नान करने आते हैं तथा वर्ष में कार्तिक पूर्णिमा एवं अमावस्या पर दो बार मेला नगर में लगता है। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु बरहज नगर में आते है।हमारी नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की जनसंख्या वर्तमान समय में लगभग 75000 है। यहां से नित्य-प्रतिदिन हजारो यात्री/नागरिक इलाहाबाद, वाराणसी, मऊ, आजमगढ़, दोहरीघाट, बड़हलगंज, गोरखपुर, देवरिया, लार, सलेमपुर, बेल्थरा रोड, बलिया आदि नगरों के लिए बसो/टैक्सीयों से यात्रा करते है। जिसमें उपरोक्त अधिकांश नगरों हेतु राज्य परिवहन विभाग की गोरखपुर डिपो, देवरिया डिपो, आजमगढ़ डिपो व बलिया %डिपो की अनेक बसें बरहज नगर से होकर जाती हैं। देवरिया जनपद की सबसे प्राचीन, धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी बरहज में राज्य परिवहन विभाग की कोई बस स्टॉप नहीं है। जिसके कारण राज्य परिवहन विभाग की बसें मेन रोड की पट्टी पर खड़ी होती है। जिसके कारण सड़क पर जाम लगता है और यात्रियों व जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बरहज नगर में नित्य-प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों की यात्रा सुविधाजनक करने हेतु बरहज में राज्य परिवहन निगम की बस स्टॉप निर्माण करना जरूरी है। इस दौरान समाजसेवी श्याम सुन्दर जायसवाल भी मौजूद रहे।



देवरिया : प्रभारी मंत्री से मिलकर बस स्टैंड की मांग करती नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल-श्याम जायसवाल।

## सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय समर कैम्प का शुभारम्भ




**(मुबारकपुर) आज़मगढ़।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल, मुबारकपुर आजमगढ में पाँच दिवसीय समर कैम्प - 2025 का शुभारम्भ बच्चों द्वारा फीता काट कर किया गया। समर कैम्प - 2025 के कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। समर कैम्प - 2025 के पहले दिन के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने Commando Crawl, Wall Climbing, Commando Net, Hop-Scotch, Zorbing Roller, Double Rope Bridgeand Energiser आदि कार्यक्रम में भाग लिया। समर कैम्प की सुविधाओं एवं कार्य्रमों को देखकर अभिभावक काफी प्रसन्न दिखे एवं स्वयं समर कैम्प का भ्रमण भी किया। समर कैम्प - 2025 का समय सुबह 7:00 बजे से 10:00 तक का रहा है। इस पॉच दिवसीय समर कैम्प - 2025 का समापन 25 मई 2025 को होगा । इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने समर कैम्प - 2025 में भाग लिये छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# शराब की दुकानों के आसपास चलाया गया चेकिंग अभियान

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति/सुरक्षा/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अरविन्द कुमार वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर रात 8 बजे से लेकर 10.30 बजे तक शराब की दुकानों के आस-पास चेकिंग की गयी। इस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना एवं खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करना था। इस अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिलीप सिंह द्वारा उ0नि0 रिजवान अली, उ0नि0 अजय तिवारी, उ0नि0 संजय सिंह चंदेल, उ0नि0 अभिमीत कुमार व उ0नि0 संजय के साथ टीम बनाकर थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत कचहरी रोड, गोरखपुर ओवरब्रिज, रेलवे स्टेशन रोड, चिरैया ढाला आदि सहित कुल 7 स्थानों पर शराब की दुकानों के आस-पास चेकिंग करते हुए 42 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसमें से 25 व्यक्तियों को चेतावनी दिया गया तथा 17 व्यक्तियों का चालान किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने 18 मोटरसाकिलें भी पकड़ी। जिनका वैध प्रपत्र न होने के कारण के उन्हें सीज किया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त थानों द्वारा टीम बनाकर अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत कुल 67 स्थानों पर चेकिंग करते हुए कुल 558 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिसमें से 523 व्यक्तियों को चेतावनी दिया गया तथा 35 व्यक्तियों का चालान किया गया।

■ कुल 558 व्यक्तियों को पकड़ा गया, 35 का हुआ चालान

# पुलिस ने किया लूट की घटनाओं का सफल अनावरण




**(फूलपुर) आजमगढ।** फूलपुर पुलिस ने अन्तर्जनपदीय 1 लूटेरा अभियुक्त दीपांकल तिवारी को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट की धनराशि का 40,050/- रूपयें व अवैध असलहा व कारतूस बरामद किया है । दिनांक 15-04-2025 को वादी मुकदमा धर्मेन्द्र कुमार आर्य पुत्र स्व0 रुपचन्द राम, ग्राम सैदपुर, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ ने लिखित तहरीर दी कि दिनांक 15.04.2025 को समय 12 बजे से 12.15 के बीच वादी अपनी पत्नी के साथ पलिया बाजार स्थित बडौदा यू0पी0 ग्रामीण बैंक से एक लाख रुपया रुपये निकालकर अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, कि खन्जहाँपुर से सैदपुर रोड पर थोड़ी दूर बढ़ा था, कि पीछे की तरफ से एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति किसी चीज से मेरी पत्नी के सिर पर मार दिये जिससे मेरी गाड़ी लड़खडा कर गिर गयी और पत्नी के पहने हुए गले की सोने की चेन,पर्स दोनों अज्ञात व्यक्ति छीन लिये, जिसमे बैंक से निकाला हुआ एक लाख रुपया, एक मोबाइल 1द्व1श कम्पनी जिसमें जियो सिम 6393××××××, 945355××××× का लगा है तथा पासबुक,स्कूल की चाभी थी लेकर चले गये, के सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0 196/25 धारा 309(6) भादवि बनाम मोटर साईकिल पर सवार दो बदमाश नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत होकर विवेचना व0उ0नि0 गंगाराम विन्द द्वारा सम्पादित किया जा रहा है । विवेचना के ऋम में मुकदमा उपरोक्त में दो अभियुक्तों

01. सत्यम राजभर पुत्र भारत राजभर, निवासी ग्राम उर्नुखा, थाना अखण्डनगर, जनपद सुल्तानपुर, उम्र करीब 20 वर्ष

02. दिपांकल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी, निवासी चौबहा, थाना सरपतहाँ, जनपद जौनपुर का नाम प्रकाश में आया। जिसमें से दिनांक 10.05.2025 को अभियुक्त सत्यम राजभर पुत्र भारत राजभर, निवासी ग्राम उर्नुखा, थाना अखण्डनगर, जनपद सुल्तानपुर, उम्र करीब 20 वर्ष की गिरफ्तारी की जा चुकी है, तथा अभियुक्त दीपांकल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी, निवासी चौबहा, थाना सरपतहाँ, जनपद जौनपुर फरार चल रहा था।

आज दिनांक 15.05.2025 को व0उ0नि0 गंगाराम बिन्द मय हमराह को मुखबिर से सूचना मिली कि दिनांक 15.04.2025 को खानजहाँपुर में लूट की घटना में वांछित अभियुक्त दिपांकल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी, निवासी चौबहा, थाना सरपतहाँ, जनपद जौनपुर जो बिलारमऊ ढाबा के पास खड़ा है। प्राप्त सूचना के आधार पर हम पुलिस वालों द्वारा बिलारमऊ ढाबा के पास से समय करीब 02.50 बजे अभियुक्त दिपांकल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी निवासी चौबहा थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# तिरंगा यात्रा निकाल सेना के शौर्य को किया नमन



**माहुल(आजमगढ़)।** स्थानीय नगर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय की अगुआई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ की गई विध्वंसक कार्यवाही और आपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता का गुणगान किया गया। यह तिरंगा यात्रा नगर के रामलीला मैदान से शुरू होकर पूरी बाजार में घूमी और शंकर तिराहे पर जा कर संपन्न हुई।यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। इस मौके पर भाजपा मंडल माहुल अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आन बान शान को कायम रखा और सेना के आतंक विरोधी अभियान को आपरेशन सिंदूर का नाम देकर पाकिस्तान की छाती पर चढ़ कर करारा कबाब दिया। हमें सेना पर गर्व है। इस मौके पर भाजपा लालगंज के जिला मंत्री दिलीप सिंह, सुभासपा युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, अजय श्रीवास्तव, हरिकेश गुप्ता, प्रमोद राजभर, दिलशाद कुरैशी, धरणीधर पाण्डेय, अनीता गोस्वामी, महगू प्रजापति, विष्णु कांत पाण्डेय,सूर्यभान यादव आदि रहे।

# नाऊपुर घटना के बाद पीड़ित परिवार के घर पहुंचे पंचायती राजमंत्री

**(अतरौलिया) आजमगढ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नाऊपुर गांव में रामबली राजभर की पत्नी स्वर्गीय रामावती देवी की हत्या पर दुःख व्यक्त करने पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पीड़ित को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मीडिया से वार्ता कर

■ परिजनों को मदद का दिया भरोसा

उन्होंने कहा कि घटना में रामबली जी की पत्नी का देहांत हुआ है उनका कहना है कि हम पुलिस की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट हैं और कार्रवाई से सभी लोग संतुष्ट हैं ।जबकि बहुत से लोगों की शिकायत होती है कि पीड़ित का पुलिस बात नहीं सुनती लेकिन पीड़ित खुद कह रहे हैं की जितनी मदद होनी चाहिए उससे ज्यादा मदद पुलिस विभाग ने पीड़ित का किया है। फिलहाल उप जिलाधिकारी से बातचीत हुई है विवेकाधीन कोष से कोशिश करेंगे की क्या मदद हो सकती है । पीड़ित के इलाज के सवाल पर कहा कि हम लोग सरकार की तरफ से इलाज के लिए पैसे देते हैं केवल हम लोगों को इस्टीमेट की जरूरत होती है, अस्पताल जो भी पैसा लिखता है उतना इलाज के लिए भेजा जाता है । तीनों भाइयों के नाम से पट्टे मिले हैं ,एसडीम महोदय व हम लोगों ने देखा भी है जो पट्टा उनके नाम से है उनको उसका कब्जा मिल जाएगा। यूपी में अखिलेश यादव और बृजेश पाठक डीएनए विवाद पर बोले की देश में रोटी कपड़ा मकान शिक्षा और दवाई की जरूरत है। देश और प्रदेश की जनता चुनकर भेजती है कि सबको समय से खाद पानी बीज मिले, प्रदेश में अमन चैन रहे, जो विकास की योजनाएं केंद्र और प्रदेश सरकार से चल रही है वह योजनाएं जनता तक पहुंचे, यह उद्देश्य सबका होना चाहिए। भारत तुर्की विरोध पर बोले की जो भी देश भारत पर उंगली उठाने की कोशिश करेगा उसके लिए भोजपुरी की भाषा में कहावत है, ÷जो तोको कांटा बोये, ताको बोयो भाला, वह भी समझ जाएंगे की पड़ा किसी से पाला÷। आजमगढ़ में लॉ एंड ऑर्डर के सवाल पर पर बोले की आज अगर कहीं भी अपराध हो रहा है तो 24 घंटे के अंदर अपराध करने वाला व्यक्ति सलाखों के अंदर जा रहा है, कल तक प्रदेश में जब कांग्रेस सपा बसपा की सरकार हुआ करती थी तो बड़े पैमाने पर प्रदेश में दंगे होते थे कर्फ्यू लगते थे। आज 8 वर्ष से प्रदेश में योगी जी की सरकार और देश में मोदी जी की सरकार है कर्फ्यू और दंगे की हिम्मत नहीं पड़ती ,अगर कोई हिम्मत करता है तो या तो जमीन के अंदर या तो जेल के अंदर होता है। संभल जामा मस्जिद विवाद को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर बोले की सुप्रीम कोर्ट सर्वोपरि है। न्यायालय का जो फैसला होता है उसे सभी लोग मानते हैं ,140 करोड़ देश की आबादी है सबको न्यायालय के आदेश को मनाना पड़ता है। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि आज पाकिस्तान ने सबूत पेश किया है कि हमारे 9 आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया गया यह पहली बार यह देखा गया ,इससे पहले विपक्ष सबूत मांगता था, अब पाकिस्तान खुद सबूत दे रहा है। भारत के सैनिकों ने जो वीरता दिखाए उसे लेकर देशवासियों को गर्व है। जो देश के प्रधानमंत्री जी ने सेना को खुली छूट दिया और कहां की जो भी चाहो कर सकते हो ।आज ऐसे वीर सैनिकों पर लोग गर्व कर रहे हैं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी बु?नपुर, क्षेत्राधिकारी, पुलिस निरीक्षक भी मौजूद रहे।



# मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक कर प्रगति की ली जानकारी

**पानी है अनमोल, न करे इसे बर्बाद, पानी के महत्व के बारे में लोगों को किया जाए जागरूक : मण्डलायुक्त**



**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र एवं भदोही में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) से सम्बन्धित कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें यदि निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर पानी की टंकी लगाई गई हैं उन सभी स्थानों पर पानी के आने व जाने का समय व सम्बन्धित ऑपरेटर का नाम व मोबाइल नम्बर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्लोगन के माध्यम से जगह-जगह पानी की उपयोगिता के बारे में लोगों को अवगत करायें कि यह पानी पीने के लिए आ रहा है, इसे अन्य किसी उपयोग में न लें। आयुक्त ने कहा कि जो अधिकारी क्षेत्र में पानी की जाँच के लिए जा रहे है जाँच के साथ-साथ लोगों से भी वार्ता कर पानी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी लें। यह भी कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न हो रही है तो सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराए ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था रामकी बाबा के द्वारा बताया गया कि 04 गाँव अभी तक बचे हुए है एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा। जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए अवगत करायें। मण्डलायुक्त द्वारा पानी के आपूर्ति की समय सारिणी लिखवाने का दिशा निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क कटिंग एवं रेस्टोरेशन तथा ओएचटी का कार्य जहां पर पाईपलाइन बिछाई जा चुकी है उन सभी जगहों पर सड़क दुरूस्त कर लिया जाय।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भदोही, जिला विकास अधिकारी सोनभद्र, संयुक्त विकास आयुक्त रमेशचन्द, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही एवं सभी कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या देख बीडीओ ने टैकर से शुरू कराया आपूर्ति




**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा गांव के अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या को देखते हुए खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने तत्काल टैकर से पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित कराया है। बस्ती में टैकर से पानी पहुंचते ही बस्ती के लोग पानी के लिए बाल्टी डब्बा लेकर टैकर के पास पहुंच गए और बारी बारी से पानी लिया है। ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा गांव में पेयजल के समस्या होने आ आरोप लगाया और ग्राम प्रधान की ओर से टैकर से पेयजल आपूर्ति सप्ताह में एक बार करने का आरोप लगाया। जिसकी सूचना जैसे ही खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी को हुई बीडीओ ने तत्काल ग्राम सचिव कौशलेन्द्र राय व ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद यादव को टैकर से बस्ती में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिस पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचकर बस्ती में टैकर से पेयजल आपूर्ति शुरू करा दिया है। इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या संज्ञान में आने पर तत्काल टैकर से पेयजल आपूर्ति शुरू करा दिया गया है।

# महाविद्यालय में परास्नातक एवं शोधार्थियों के लिए सात दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला का शुभारंभ



**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 मई आईक्यूएसी, कला, मानविकी एवं वाकोवाक्यम शोध संस्थान वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में शोध प्रविधि विषयक सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला एवं विशेषज्ञ द्वय प्रो0 अनुराग कुमार, डॉ अमिता सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन एवं स्वागत भाषण कार्यक्रम की समन्वयक द्वय डॉ शेफालिका राय एवं डॉ कुसुमलता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोव माधवी शुक्ला ने शोध कार्यशाला में उपस्थित समस्त अतिथियों एवम् विशेषज्ञों का स्वागत एवं शोध कार्यशाला का एन.ई.पी. 2020 में उपयोगिता एवं महत्व की सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा की। व्याख्यान के प्रथम सत्र के दौरान हिंदी विभाग के कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रो. अनुराग कुमार ने साहित्य में शोध प्रस्ताव की प्रक्रिया एवं रूपरेखा विषयक व्याख्यान दिया स उन्होंने बताया कि साहित्य की प्रविधि पाठंकन की है, जो अब समदृसामयिक भी है। इसके लिए संज्ञानात्मक चेतना की आवश्यकता है। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा को समसामयिक बनाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने पुस्तकों के पढ़ने पर जोर दिया स व्याख्यान के द्वितीय सत्र, संस्कृत विभाग कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. अमिता सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत विभाग, सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चकिया, चंदौली ने संस्कृत में शोध प्रविधि पर बोलते हुए शोध लेखन एवं संरचनात्मक स्वरूप को विश्लेषित किया। उद्घाटन सत्र व द्वितीय व्याख्यान सत्र का संचालन डॉ. भास्कर प्रसाद द्विवेदी, सदस्य आयोजन समिति व संयोजक द्वितीय सत्र ने किया। प्रथम सत्र का संचालन डॉ. कुसुम लता समन्वयक व संयोजक प्रथम सत्र ने किया। उद्घाटन सत्र का धन्यवाद डॉ. राजेश कुमार, सदस्य आयोजन समिति, प्रथम सत्र का धन्यवाद डॉ. नलिनी सिंह, संयोजक प्रथम व्याख्यान सत्र व द्वितीय सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजेंद्र कुमार सदस्य आयोजन समिति ने किया।

## समर कैंप में विद्यालय के बच्चों को आत्म विश्वास व जीवन कौशल का सिखाया गया गुर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के परिषदीय जूनियर हाई स्कूल एवं पीएम श्री कंपोजिट विद्यालयों के विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और जीवन कौशल का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथेडा में समर कैंप के दौरान शिक्षामित्र कृष्ण कुमार एवं अनुदेशक राम भुवन व प्रधान प्रतिनिधि काशी प्रसाद मिश्रा ने छात्रों को आत्मविश्वास व जीवन कौशल का पाठ पढ़ाया इसी तरह से जूनियर हाई स्कूल हलिया, कोटार, वीरपुर, देवघटा पांडे, आदि विद्यालयों में समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास और जीवन कौशल का गुर सिखाया गया। इस मौके पर सूरज मौर्य, छोटेलाल,प्रधान प्रतिनिधि काशी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## राजगढ़ के 64 विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन छात्र और छात्राओं ने किया प्रतिभाग



**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के कंपोजिट व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है। 21 मई से 10 जून तक 3 सप्ताह चलने वाले इस समर कैम्प में प्रतिभागी छात्रों को व्यायाम और अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। शिक्षा मित्र और अनुदेशकों द्वारा छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे अपने कौशल और आत्मविश्वास में सुधार कर सकें। प्रतिदिन समर कैंप सुबह 7 बजे से 10 बजे तक गांव के विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। समर कैंप छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है। वे न केवल नए कौशल सीखेंगे, बल्कि अपने साथियों के साथ भी मेलजोल बढ़ाएंगे। इस कैम्प के माध्यम से छात्रों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने का मौका मिलेगा।खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार एवं ए0आर0पी0 अशोक कुमार सिंह ने बताया कि समर कैम्प का आयोजन छात्रों के लिए एक आवश्यक पहल है। शासन द्वारा छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में उनके कौशल और आत्मविश्वास में सुधार लाने के लिए की जा रही पहल है।

## भाजपा ने खैरा मे निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

सीखड़ (मिर्जापुर)। भाजपा कार्यकर्त्ता ओं ने बुद्धवार को खैरा बाजार मे मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल के नेतृत्व मे आपरेशन सिंदूर की सफ्लता के उपलक्ष्य मे शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली।


स्वतंत्र भारत
# वर्गीकृत

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम PRIYANK GUPTA था जो अब बदलकर PRIYANK KUMAR GUPTA हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। PRIYANK KUMAR GUPTA S/o - Rajender Prasad Gupta, 21/19. Mayo Road, Prayagraj, UP.
सी.आर.-365/D-32

### सूचना
मैंने राजिया पुत्र नौसे खान के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी 219163376 लिया था जबकि मेरे आधारकार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम सादिया बानो पी मो0 वली ग्रा0 महिला, हुसैनाबाद ग्रिन्ट उतरौला बलरामपुर दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है।
सी.आर.-364/D-35

### सूचना
मैं अपने पुत्र सुशील के गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उसके किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सरजू पुत्र छंगा नि.-ग्राम सेउता थाना-रेउसा तह. बिसवां, सीतापुर।
सी.आर.-367/D-39

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र अभिषार शर्मा व पुत्रबधू शिवी शर्मा को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। सुषमा देवी पत्नी स्व. जयेंन्द्र शर्मा नि.मो. पूर्वी गढ़ी, थाना खुटार-शाहजहांपुर।
सी.आर.-363/D-35

### सूचना
मेरे पुत्र कमलेश उर्फ गोलू का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। वंशीलाल पुत्र ननकऊ पहलवारा,बलरामपुर।
सी.आर.-364/D-30

### सूचना
मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम मालती देवी है जबकि मेरा सही नाम गायत्री देवी है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। गायत्री देवी पत्नी आनन्द कुमार ग्रा0- गिद्धौर,उतरौला,बलरामपुर।
सी.आर.-364/D-26

### सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम DOST MOHAMMAD KHAN हो गया है जबकि आधारकार्ड मे मेरा नाम DOST MOHAMMED KHAN है जो कि सत्य व सही है। दोस्त मोहम्मद खान पुत्र मोहम्मद उमर खान, ग्रा0-फकीरापुर, उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.-364/D-27

### सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MAHTAB BANOO हो गया है जबकि आधारकार्ड मे मेरा नाम MAHETAB BANU है जो कि सत्य व सही है। महताब बानो पत्नी दोस्त मोहम्मद खान, ग्रा0-फकिरापुर, उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.-364/D-25

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RANI DEVI था जो अब बदलकर वाले KAUSHALYA DEVI हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए KAUSHALYA DEVI W/o Khem Chand Mariwala 193 Lukerganj Jhoolelal Nagar, Prayagraj, UP.
सी.आर.-365/D-31

**न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय बिसवॉ जिला सीतापुर।**
राजा राम आदि बनाम छोटकी आदि (अपील कर्ता)
दयारा-27/11/24
वाद सं0-11478/24
ता0 पेशी0-26.05.2025
निवासीगण ग्राम बदलीपुरवा मजरा कलिमापुर पर0 व तह0 बिसवॉं जिला सीतापुर। -- अपीलकर्तागण
**बनाम**
1- छोटकी पत्नी भरोसे निवासी ग्रा0 बदलीपुरवा मजरा सेमराकलॉं पर0 व तह0 बिसवॉं जिला सीतापुर।
2- ग्राम पंचायत कलिमापुर पर0 व तह0 बिसवॉं द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत कलिमापुर पर0 व तह0 बिसवॉं जिला सीतापुर। --उत्तरदातागण
अपील अन्तर्गत धारा 207 उ0प्र0 राजस्व सहिता 2006 विरुद्ध आदेश पारित द्वावा न्यायालय तहसीलदार, बिसवा, सीतापुर, पक्ष छोटकी बनाम गांवसभा, अन्तर्गत धारा 34 उ0प्र0 रा0 संहित 2006 ग्रा0 कलिमापुर पर0 व तह0 बिसवॉं जिला सीतापुर। वाद सं0 202110640400888, आदेश दिनांक- 23.10.2024।
ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26 माह 05 सन 2025 ई बवक्त 10 बजे दिन के असलन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब किया गया हो और कुछ उमराय अहस मुताबिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके और कोई शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देहा दावा को करें आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज पेश करें जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तकबाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकुर आज हाजिर न होंगे तो व गैर हाजिरी फैसला होगा।
अस्तु मेरे दस्तखत और मोहर अदालत को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
उपजिलाधिकारी बिसवॉ-सीतापुर।
सी.आर.-367/D-CN

**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश इलाहाबाद**
**वाद स.813 सन 2024**
1.श्रीमती शकुंतला देवी उम्र 31 पत्नी संजीव कुमार शाहू उर्फ संटीव पुत्री फूलचन्द गुप्त निवासिनी ग्राम परानीपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज
2.कु. दिशिता शाहू संरक्षिका श्रीमती शकुंतला देवी नि. ग्राम परानीपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज.........वादी
**बनाम**
संजीव कुमार शाहू उर्फ संटीव उम्र 35 वर्ष पुत्र बैजनाथ शाहू निवासी ग्राम व पोस्ट जारी बाजार थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज ..................प्रतिवादी
अंतर्गत धारा 144 BNSS
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के 06 के 27 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि-27.06.2025**
न्यायाधीश
सी.आर.-365/D-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन** : लखनऊ-पू०उ०रे० -मण्डल-वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०** : LJN-RSLR-03-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 14-05-2025 समयः 18.09 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)** : 30-05-2025 समयः 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय** : 30-05-2025 समयः 14:50 बजे, **नीलामी का प्रकार** : Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा०- 44 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कॉपोरेट सेवाएँ विभाग, स्टार हाउस, विभूति खण्ड, आंचलिक कार्यालय गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन नं. 0522-2306039**
बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
**तहसील फतेहपुर शाखा एवं एस.के.वी.के. फतेहपुर को स्थानांतरित करने हेतु परिसर की आवश्यकता**
हमारी तहसील फतेहपुर शाखा एवं एस.के.वी.के. फतेहपुर को वर्तमान शाखा परिसर से 1 किमी के भीतर स्थानांतरित करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करने की विस्तृत अधिसूचना हमारी वेबसाइट www.bankofindia.co.in पर उपलब्ध है। प्रस्ताव जमा करने के लिए निर्धारित प्रारूप हमारे कार्यालय, बैंक ऑफ इंडिया, स्टार हाउस, गोमती नगर, 1-विभूति खंड, लखनऊ -226010 से प्राप्त किया जा सकता है या हमारी वेबसाइट www.bankofindia.co.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 04.06.2025 शाम 5.00 बजे तक है।
दिनांक : 22.05.2025
उप आंचलिक प्रबंधक
लखनऊ अंचल

**ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर कलां विकास खण्ड मेजा प्रयागराज**
पत्रांक 2025/26 दिनांक 22/05/2025
**अल्पकालीन निविदा**
ग्राम पंचायत शाहपुर कलां में 14/15 वां वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/कार्यक्रमो के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण नाली/सामुदायिक भवन व आँगनवाड़ी भवन का मरम्मत का कार्य/नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्वार, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प की मरम्मत/रिबोरिंग / स्थापना एवं प्लेट फार्म निर्माण/मरम्मत सोख्ता गड्ढा का निर्माण, नाली निर्माण, वाल राइटिंग, ह्यूम पाइप की आपूर्ति, इण्टरलाकिंग कार्य, एम0डी0एम0 सेट निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एल0ई0डी0, इलेक्ट्रिक बल्ब/सोलर स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउन्ड्री वाल का निर्माण पाइप मरम्मत का कार्य / पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्वार/बाल राइटिंग एवं आँगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत विभिन एवं खिड़की दरवाजा आदि की रंगाई पोताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोविड 19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सैनीटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव अन्य उपकरण एक परियोजना बोर्ड की आपूर्ति व्यक्तिगत शौचालय का मरम्मत कार्य प्रा0 वि0 मे कायाकल्प संबंधित समस्त निर्माण कार्य, एस एल डब्लू एम से संबंधित समस्त निर्माण कार्य, गौवंश आश्रय स्थल से कार्य,सामुदायिक शौचालय का मरम्मत कार्य, डस्टबिन की आपूर्ति का कार्य आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 21/05/2025 से 06/06/2025 तक सील बन्द निविदा अथवा हस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 07/06/2025 को 3 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत मे प्राक्कलन स्वीकृत के अनुसार पृथक पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2025 -26 के अन्तर्गत कराये जाने वाले सभी कार्य हेतु प्रभाची होगा।
नियम व शर्तेः
1. निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का अधिकार पूर्ण अथवा हस्ताक्षरी का होगा। 2. 100 रु0 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर 10 रु0 का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा, कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबन्ध मान्य होगा। 3. कोई भी आपूर्ति की फर्म, निविदा दाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची मे दर्ज होगा, तो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा। 4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामाग्री आपूर्ति पर देकर / टी0डी0ए0 कटौती की जिम्मेदारी फर्म को हो। 5. आपूर्ति हेतु स्वीकृत फर्म को बन्धक धनराशि रुप मे 10000 नगद अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान 'विकास पत्र/डाक घर बचत पासबुक / किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि ग्राम पंचायत के पक्ष में बन्धक होगी। जमा करना अनिवार्य होगा।
अजीत निषाद, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत शाहपुर कलां, विकास खण्ड मेजा, प्रयागराज
नीरज यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी, कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर कलां, विकास खण्ड मेजा प्रयागराज

**कार्यालय नगर पंचायत भानपुर, बस्ती**
पत्रांक .: 66/निविदा/न.पं.भा./2025-26 दिनांक : 20/05/2025
**अल्पकालिक निविदा सूचना**
एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित फर्म व ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भानपुर बस्ती में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नगर पंचायत भानपुर में इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर कराये जाने हेतु निविदा दिनांक 31/05/2025 समय 12:00 बजे तक कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती (एल.बी.सी. पटल) पर आमंत्रित किया जाता है तथा प्राप्त निविदाओं को उसी दिन समय 15:00 बजे अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बस्ती द्वारा उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30/05/2025 तक नगर पंचायत भानपुर बस्ती कार्यालय एवं जिलाधिकारी बस्ती (एल.बी.सी. पटल) पर कार्यालय समय में की जायेगी। इस सन्दर्भ में अतिरिक्त सूचना हेतु कार्यालय समय में कार्यालय नगर पंचायत भानपुर एवं कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती (एल.बी.सी. पटल) से ज्ञात कर सकते हैं। कार्य के सापेक्ष जमानत स्वरूप रु. 10,000.00 का धरोहर धनराशि एन.एस.सी./के.वी.पी./एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार किया जायेगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भानपुर, बस्ती के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदाओं को निरस्त करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होगा। निविदा के साथ पैन नम्बर, जी.एस.टी.एन. पंजीयन, (पी.डब्लू.डी.-टी.-6) शपथ पत्र कार्य सम्बन्धित अनुभव आदि वांछित अभिलेख के संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यादेश प्राप्ति के उपरान्त ठेकेदार को नियमानुसार जनरल स्टाम्प क्रय करके अनुबन्ध करना होगा।
**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भानपुर, बस्ती**
**प्रशासक नगर पंचायत भानपुर/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बस्ती**

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचनाः NER-LJN-2025-48**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः- **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्याः-NER-LJN-2025-48, कार्य का नामः- पूर्वोत्तर रेलवे-ल०ज०-डिवीजनः- गोण्डा जंक्शनः इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग के लिये डीजल शेड में सुविधाओं का विस्तार। अनुमानित लागत (₹): 4,50,24,836.13, अग्रिम धन (₹): 3,75,100/-, समापन अवधिः 12 माह।
(1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-48 के लिये ई-निविदा दिनांक 10-06-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।
(2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ
मुजाधि/डब्लू-74
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

(बदस्त अवाम फरोख्त के लिये)
**इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बाबत इत्तिला**
(तारीख मुकर्रर समाअत अपील)
न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) कोर्ट संख्या-प्रथम, गोरखपुर।
सिविल अपील संख्या-17/2025
श्रीकृष्ण कुमार उम्र बालिग पुत्र श्री हरिलाल निवासी-मदरिया उर्फ गोला, तप्पा-बरहज, परगना-धुरियापार, तहसील-गोला, जनपद-गोरखपुर।
वादी/अपीलान्ट
बनाम
1. श्रीमती लीलावती देवी उम्र बालिग पत्नी स्व0 प्रेमचन्द निवासी- मौजा-तेजी बाजार, जिला-जौनपुर, हालमुकाम-मदरिया उर्फ गोला, तप्पा-बरहज, परगना-धुरियापार, तहसील-गोला, जनपद-गोरखपुर।
प्रतिवादिनी
अपील खिलाफ निर्णय/आदेश अदालत मुकाम, 26 तारीख 05 महीना सन् 2025 ई0 इत्तिला हो कि अपील धनाराजी डिगरी इस मुकदने में नुसम्मी ने 26 तारीख 05 महीना सन् 2025 ई0 समाअत इस अपील के मुकर्रर की है।
अगर खुद या आपके वकील या और कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपीलार्थी हाजा सवाल जवाब करने की मजाज रखता होगा तो उसकी समाअत और तजवीज आपकी गैर हाजिरी में एक तरफा की जायेगी ।
आज 20 तारीख 05 महीना सन् 2025 ई0 मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के हवाले किया गया।
बी. ओ. मुसंरिम
सी.आर.-368/D-CN

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन), गोरखपुर
वाद सं.-150/2025
**स्टेट बैंक आफ इण्डिया मोहद्दीपुर शाखा, तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर द्वारा मुख्य प्रबंधक श्री अक्षत तिवारी**
वादी
बनाम
1. मेसर्स मिश्रा ट्रेनिंग स्थित चार फाटक पावर हाउस रोड, मोहद्दीपुर, जिला-गोरखपुर 273008 बजरिये प्रोपराइटर अजय कुमार मिश्रा।
2. अजय कुमार मिश्रा बालिग, पुत्र राम अधीन मिश्रा, निवासी- इमिलिया, जिला-देवरिया, उ0प्र0-274705।
प्रतिवादीगण
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 01-08-2025 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
तारीख पेशी- 01-08-2025
बदस्तखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 14-05-2025 ई0 जारी किया गया।
न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन), गोरखपुर।
सी.आर.-368/D-CN


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:
**कार्य का नाम** : समई/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत भटनी – गोरखपुर छावनी (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-37, **अनुमानित लागत(₹)**: 2,69,08,344/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,84,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 30.06.2026. **कार्य का नाम** : समई/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी (रहित) – कप्तानगंज – वाल्मिकीनगर (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-38, **अनुमानित लागत (₹)**: 1,75,09,067/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,37,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 30.06.2026. **कार्य का नाम** : समई/सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान – भटनी (रहित), सिवान – थावे (रहित), थावे (रहित) – हथुवा – पंचदेवरी अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-39, **अनुमानित लागत(₹)**: 1,81,23,758/- **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,40,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 30.06.2026. **कार्य का नाम** : समई/सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान (रहित) – छपरा (रहित), दुरौंधा – मसरख (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-40, **अनुमानित लागत (₹)** : 1,48,26,073/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 2,24,100/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** :30.06.2026.
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-37 से एनईआर-बीएसबी-2025-40 दिनांक 13.06.2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू-72
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समुद्री और आतंकवाद विरोधी रणनीति जरूरी



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि वह समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण मानता है। भारत ने कहा कि उसने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नए खतरों और भू-राजनीतिक बदलाव के जवाब में अपनी रणनीति विकसित करना जारी रखा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को कहा, 'लंबी तटरेखा, समुद्री यात्रा करने वालों की अत्यधिक संख्या और सक्षम समुद्री बलों वाला भारत अपने हितों की रक्षा करने तथा उभरते खतरों से निपटने के लिए एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को सक्रिय रूप से निभा रहा है।' उन्होंने मई महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अध्यक्ष यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस की अध्यक्षता में 'अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखना, वैश्विक स्थिरता के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना' विषय पर आयोजित यूएनएससी की उच्च स्तरीय खुली बहस को संबोधित किया। हरीश ने कहा, 'भारत समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानता है। इसका दृष्टिकोण मजबूत रक्षा क्षमताओं, क्षेत्रीय कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और घरेलू बुनियादी ढांचे के विकास को संतुलित करता है। भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नए खतरों और भू-राजनीतिक बदलाव के जवाब में अपनी रणनीति विकसित करना जारी रखा है।' भारत ने रेखांकित किया कि समुद्री सुरक्षा आर्थिक विकास की आधारशिला है क्योंकि महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग, ऊर्जा आपूर्ति और भू-राजनीतिक हित महासागरों से जुड़े हुए हैं।

## अब कोलकाता के आसमान में दिखाई दिए ड्रोन

**कोलकाता।** हाल में कोलकाता में रात के समय आसमान में ड्रोन जैसी कई वस्तुएं मंडराती हुई देखी गईं, जिसके बाद पुलिस ने जासूसी की आशंका सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को हेस्टिंग्स क्षेत्र, विद्यासागर सेतु और मैदान के ऊपर कम से कम आठ से 10 ऐसी संदिग्ध वस्तुएं उड़ती हुई पाई गईं। गायब होने से पहले ये वस्तुएं महानगर के पूर्वी हिस्से में पार्क सर्कस क्षेत्र के ऊपर भी देखी गईं। राज्य प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने भी इस घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

## भारत के खिलाफ पाक प्रस्ताव पर मुस्लिम देशों ने लगाया अड़ंगा

**जकार्ता।** भारत के खिलाफ अकसर मुस्लिम देशों के बीच प्रोपेगेंडा फैलाने की कोशिश में रहने वाले पाकिस्तान को इस्लामिक सहयोग संगठन में झटका लगा है। 57 मुसलमान देशों के इस संगठन की मीटिंग जकार्ता में हो रही थी, जहां एक प्रस्ताव में वह भारत के खिलाफ लिखवाना चाहता था। उसके इस एजेंडे को दुनिया के सबसे बड़े मुसलमान देश इंडोनेशिया ने ही रोक दिया, जो इस मीटिंग का मेजबान भी था। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इंडोनेशिया के अलावा बहरीन और मिस्र ने भी पाकिस्तान की इस कोशिश का विरोध किया। दरअसल 12 मई से ओआईसी की

### ओआईसी की बैठक में लगा झटका

संसदीय यूनियन की मीटिंग हुई थी। इसी बैठक में पाकिस्तान ने शरारतपूर्ण एजेंडा रखते हुए भारत के खिलाफ कश्मीर को प्रस्ताव पारित कराने की कोशिश की थी। इस प्रस्ताव का इंडोनेशिया, बहरीन और मिस्र ने विरोध किया तो फिर उसकी भाषा को नरम कर दिया गया। पार्लियामेंट्री यूनियन के प्रस्ताव में गाजा पर लगातार जारी हमलों को लेकर इजरायल की तीखी निंदा की गई है, जबकि भारत को लेकर बेहद सधे शब्दों में बात कही गई। इसकी वजह यही थी कि मेजबान इंडोनेशिया समेत तीन देश पाकिस्तान की कोशिश के आड़े आ गए। पिछले दिनों ही इंडोनेशिया ने इस्लामिक स्टेट के दो आतंकियों अब्दुल्ला फैज और तल्हा खान को भारत प्रत्यर्पित किया था। इन लोगों को मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते ही अरेस्ट कर लिया गया था। इंडोनेशिया की तरफ से आतंकियों का प्रत्यर्पण भारत के लिए एक बड़ी मदद रही है।

## कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक को मिला बुकर पुरस्कार




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** कर्नाटक की रहने वाली मशहूर कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक की लघु कहानी हार्ट लैंप को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनके साथ ही इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद लिखने वाली दीपा भस्थी को भी संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया गया। बानू की हार्ट लैंप अब लंदन के मशहूर जीबीपी 50,000 में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ किताब बन गई है। बुकर पुरस्कार मिलने से उत्साहित बानू ने कहा, 'यह एक ही आकाश को रोशन करने वाले हजारों जुगनू जैसा लगता है.. पूरी तरह से शानदान और सामूहिक।' कर्नाटक की मशहूर कन्नड़ लेखिका, वकील और सामाजिक कार्यकर्ता 77 वर्षीय बानू मुश्ताक अपने महिला केंद्रित साहित्य के लिए जानी जाती हैं। वह कई बार कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता भी रह चुकी हैं। बानू को लेखिका के अलावा महिला अधिकारों की वकालत करने और भेदभाव पर सवाल उठाने के उनके कानूनी काम के लिए भी जाना जाता है।

## चीन ने अफगानिस्तान तक बढ़ाई सीपेक परियोजना

**बीजिंग।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सीपीईसी से

### त्रिपक्षीय बैठक में पाकिस्तान भी हुआ शामिल

संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री तीन दिवसीय बीजिंग यात्रा पर हैं, जो भारत द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाकर शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली उच्चस्तरीय वार्ता है। बैठक के बाद इशाक डार ने कहा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने तीनों नेताओं की एक साथ तस्वीर



भी साझा की। पाकिस्तान की ओर से जारी बयान में कहा गया है, उन्होंने कूटनीतिक जुड़ाव बढ़ाने, संचार को मजबूत करने और साझा समृद्धि के प्रमुख कारकों के रूप में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने पर चर्चा की। इसमें कहा गया, उन्होंने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) सहयोग को गहरा करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की।

## एक नज़र

### ट्रंप की विदेश नीति का रुबियो ने किया बचाव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और डेमोक्रेट सांसदों के बीच ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति को लेकर तीखी बहस हुई। इन मुद्दों में यूक्रेन-रूस युद्ध, गाजा संकट, शरणार्थी नीति और दक्षिण अफ्रीका से श्वेत आप्रवासियों का आगमन शामिल रहा। मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका इस्राइल को गाजा में मानवीय सहायता फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन धमकी नहीं दे रहा। यूरोपीय देशों की तरफ से इस्राइल पर लगाए गए प्रतिबंधों का अमेरिका समर्थन नहीं करता। हालांकि, उन्होंने यह माना कि गाजा में आम नागरिकों की स्थिति गंभीर है और सहायता जरूरी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में सहायता बहाल होगी। रुबियो ने बताया कि यदि रूस ने युद्धविराम के लिए ठोस प्रस्ताव नहीं दिया, तो अमेरिका उस पर नए प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगा।

### बांग्लादेश में बन रहे इमरजेंसी के हालात?

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस और सेना प्रमुख वकार-उज-जमान के बीच खींचतान बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्मी चीफ की ओर से तत्काल बड़ी बैठक बुलाई गई है ताकि भविष्य के ऐक्शन को लेकर प्लान बनाया जा सके। इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि कहीं बांग्लादेश में इमरजेंसी लगने के हालात तो नहीं बन रहे। सूत्रों का कहना है कि सेना प्रमुख यूनुस पर दबाव बना रहे हैं कि जल्द से जल्द चुनाव कराने की घोषणा हो। उनकी सबसे बड़ी चिंता विदेशी हस्तक्षेप के कारण देश में अस्थिरता की आशंका को लेकर है, क्योंकि यूनुस को कुछ लोग विदेशी एजेंसियों का कठपुतली मानते हैं। सूत्र बताते हैं कि वकार-उज-जमान शेख हसीना और खालिदा जिया की पार्टियों को एकजुट करना चाहते हैं। साथ ही, चुनाव में हिस्सा लेने के लिए उन्हें प्रेरित करना भी उनका मकसद है।

### धोखाधड़ी में महिला आईपीएस का पति गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की महाराष्ट्र कैडर की एक अधिकारी के पति पुरुषोत्तम चव्हाण को 24.78 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि चव्हाण, जो एक अलग धन शोधन मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में था, को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि चव्हाण के खिलाफ धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों की जांच कर रही ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को मुंबई की एक अदालत में एक अर्जी दी थी, जिसमें से एक मामले में पूछताछ के लिए उसे हिरासत में देने का अनुरोध किया था। अधिकारी ने बताया कि अदालत ने इस अर्जी को स्वीकार कर लिया और उसे ईओडब्ल्यू की हिरासत में भेज दिया।

### कर्नाटक में बीजेपी एमएलए के खिलाफ गैंगरेप का मामला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा विधायक मुनिरत्ना नायडु के खिलाफ पार्टी के एक कार्यकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। 40 वर्षीय महिला ने भाजपा विधायक सहित 4 अन्य लोगों पर सामूहिक बलात्कार करने, उसके चेहरे पर पेशाब करने और उसे जानलेवा वायरस का इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुधवार को बताया है कि मंगलवार को आरएमसी यार्ड पुलिस स्टेशन में खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताने वाली महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपनी शिकायत में भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली महिला ने आरोप लगाया कि घटना 11 जून 2023 को मथिकेरे में विधायक के ऑफिस में हुई। महिला ने बताया कि विधायक के साथी उसे कार में दफ्तर ले गए। उसने आरोप लगाया कि दफ्तर पहुंचने के बाद विधायक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसकी विनती के बावजूद उसके कपड़े उतार दिए और उसने धमकी भी दी कि अगर उसने भागने की कोशिश की वे लोग उसके बेटे को मार देंगे।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने पाकिस्तान समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और बटाला में शराब की दुकान के बाहर ग्रेनेड हमले की कोशिश में शामिल इसके छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि इस मॉड्यूल का संचालन आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा के कहने पर मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान द्वारा किया जा रहा था। बटाला के 'फोकल प्वाइंट' इलाके में 17 मई को एक शराब की दुकान के बाहर मोटरसाइकिल सवार कुछ युवकों ने ग्रेनेड फेंका था। हालांकि, यह फट नहीं सका। घटना के बाद पुलिस ने मन्नू अगवान के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यादव ने बताया कि पुलिस ने मामले में जतिन कुमार उर्फ रोहन, बरिंदर सिंह उर्फ साजन, अब्राहम उर्फ रोहित और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है।

## पाकिस्तान में पानी के लिए मचा हाहाकार

**कराची।** भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया। उधर पाकिस्तान में सिंधु नदी के पानी के लिए आंदोलन जारी है। सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर विवादास्पद नहरों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, नौशहरो फिरोज जिले के मोरो तालुका में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भयंकर झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गोलियां भी चलाई गईं। पुलिस के लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित कुछ अन्य घायल हो गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप धारण कर लिया और दो ट्रेलरों में आग लगा दी।

## ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले कर सकता है इजरायल

**वाशिंगटन।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच अमेरिका का बड़ा दावा सामने आया है। इसके तहत कहा गया है कि अमेरिका को नई खुफिया जानकारी मिली है जिससे संकेत मिलते हैं कि इजरायल ईरान के परमाणु ठिकानों पर सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है।

यह जानकारी अमेरिका के एक न्यूज चैनल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है, लेकिन हाल के महीनों में हमले की संभावना काफी बढ़ गई है। तनाव को लेकर अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि

### अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने खतरे की ओर इशारा किया

इजरायल का अगला कदम इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही परमाणु वार्ताएं सफल होती हैं या नहीं। सूत्रों की मानें तो अगर ईरान के साथ अमेरिकी बातचीत उसके यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह नहीं रोक पाती है तो इजरायल के हमले की संभावना बहुत ज्यादा है। साथ ही अमेरिकी आकलन इजरायल की गुप्त बातचीत को इंटरसेप्ट करने और सैन्य गतिविधियों की निगरानी पर आधारित है। इसमें देखा गया है कि इजरायल ने हवाई बमों को नई जगहों पर तैनात किया है और हाल ही में एक बड़ा एयर एक्सरसाइज भी पूरा किया है। हालांकि दूसरी ओर कुछ अधिकारियों का यह भी मानना है कि इजरायल यह सब केवल ईरान पर राजनयिक दबाव बनाने के लिए कर रहा है और अभी हमले का फैसला नहीं हुआ है।

## बलूचिस्तान : स्कूल बस पर आत्मघाती हमला

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में एक स्कूल बस में आत्मघाती धमाका हुआ, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें चार

### चार बच्चों सहित पांच की मौत, 40 घायल

बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा, 40 घायल हुए हैं। यह विस्फोट खुजदार जिले में हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट कथित तौर पर आईईडी के जरिए किया गया। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने इसे कायरतापूर्ण और वीभत्स हमला बताया और कहा कि इसमें तीन बच्चे और दो वयस्क नागरिक मारे गए और कई बच्चे घायल हो गए हैं। खुजदार के उपायुक्त यासिर ने बताया कि जीरो प्वाइंट इलाके के पास हुए विस्फोट में 40 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हमले के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने जांच के लिए सबूत एकत्र किए। यासिर ने कहा कि शुरुआती जांच में यह संकेत मिल रहा है कि यह एक आत्मघाती हमला था।

## ...तो इसलिए महिलाओं से लंबे होते हैं पुरुष



**वॉशिंगटन।** पुरुष आमतौर पर महिलाओं से करीब 5 इंच लंबे होते हैं, लेकिन इसका कारण अब तक रहस्य बना हुआ था। अब वैज्ञानिकों ने एक नए अध्ययन में इस पहेली को सुलझाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नए शोध में पता चला है कि एक खास जीन पुरुषों की ऊंचाई को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। यह जीन महिलाओं में पूरी तरह सक्रिय नहीं होता, जबकि पुरुषों में यह ज्यादा एक्टिव रहता है। अमेरिका और ब्रिटेन के लगभग 1 लाख लोगों के जेनेटिक डेटा का विश्लेषण करते हुए शोधकर्ताओं ने एक खास जीन शॉक्स (SHOX) को इस ऊंचाई के अंतर के पीछे संभावित कारण बताया है। एनवाईटी की रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों ने रिसर्च में पाया कि जिन लोगों के पास एक अतिरिक्त वाई क्रोमोसोम होता है, उनका कद महिलाओं की तुलना में ज्यादा होता है। शॉक्स जीन दोनों एक्स और वाई क्रोमोसोम में पाया जाता है, लेकिन यह पुरुषों में वाई क्रोमोसोम पर ज्यादा सक्रिय होता है, जिससे उनकी ऊंचाई पर प्रभाव बढ़ जाता है। महिलाओं में एक एक्स क्रोमोसोम मुख्य रूप से निष्क्रिय होता है, इसलिए शॉक्स जीन पूरी तरह सक्रिय नहीं होता। शोध के अनुसार, यह जीन पुरुषों और महिलाओं के बीच औसत ऊंचाई के फर्क का लगभग एक चौथाई हिस्सा समझाता है। बाकी का अंतर अन्य जीनों और पुरुष हार्मोन्स की वजह से होता है। जेनेटिक्स एक्सपर्ट एरिक शाड्ट ने इस खोज को बहुत ही रोमांचक बताया और कहा कि यह शोध उन रहस्यों को समझने में मदद करता है जो अब तक छुपे हुए थे।

## संवेदना : बेटियां बनीं बुजुर्ग पिता की अभिभावक

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने दो बेटियों को उनके 73 वर्षीय पिता का अभिभावक नियुक्त किया है, जो दिल का दौरा (कार्डियक अरेस्ट)

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते

के दौरान दिमागी चोट (ब्रेन इंजरी) के कारण बिस्तर पर पड़े हैं और अपनी देखभाल नहीं कर सकते। जस्टिस अभय आहूजा की बेंच ने 8 मई को दिए आदेश में कहा कि ऐसी परिस्थितियों में अदालत मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकती। हाई कोर्ट ने पाया कि बुजुर्ग मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और खुद की देखभाल या अपनी संपत्ति संभालने में अक्षम हैं। इसलिए कोर्ट ने बेटियों को उनका अभिभावक नियुक्त किया। जस्टिस आहूजा ने कहा, देश के हाई कोर्ट पैरेन्स पेट्रिए (ऐसा कानूनी सिद्धांत जिसमें कोर्ट उन लोगों की रक्षा करती है, जो अपनी रक्षा नहीं कर सकते) अधिकार का उपयोग करती हैं। जीवन की ऐसी वास्तविक स्थितियों में अदालतें चुप नहीं रह सकतीं। याचिका के मुताबिक, 2024 में दिल का दौरा पड़ने के कारण बुजुर्ग को दिमागी चोट लगी, जिससे दिमाग को ऑक्सीजन और खून की आपूर्ति नहीं मिल पाई। इसके कारण वह आधे बेहोशी की हालत में हैं और आज तक बिस्तर पर हैं।

## मिठाइयों के बेहद शौकीन हैं डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सियासती कलाबाजियों से जहां सारी दुनिया दंग है, वहीं अब यह भी पता लगा है कि उनको मीठा खाना काफी पसंद है। उनकी खास पसंदीदा मिठाइयों में पिंक स्टारबर्स्ट और टूटी रोल्स शामिल हैं। यह जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने उस वक्त दी जब बच्चों के लिए आयोजित टेक अवर डॉटर्स एंड सन्स टू वर्क डे पर उन्होंने पत्रकारों और बच्चों को संबोधित किया। इस दिन व्हाइट हाउस में बच्चों के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रेस सचिव से जब एक बच्चे ने पूछा कि ट्रंप रोज कितनी कैंडी खाते हैं, तो लेविट ने हंसते हुए जवाब दिया कि ट्रंप बहुत ज्यादा कैंडी खाते हैं और बताया कि उन्हें पिंक स्टारबर्स्ट और टूटी रोल्स खास पसंद हैं।

## टीवी एक्टर्स की 'चाय' के प्रति दीवानगी



हर साल 21 मई को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल टी डे न सिर्फ चाय की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक महत्व को सम्मानित करता है, बल्कि उन लाखों चाय श्रमिकों और छोटे उत्पादकों के योगदान को भी याद करता है जो इस उद्योग की रीढ़ हैं। हर एक कप में बसी गर्माहट, अपनापन और विरासत का स्वाद इस दिन को और खास बना देता है। इस मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपनी चाय से जुड़ी यादें और जुड़े जज़्बात हमारे साथ साझा कर रहे हैं। 'कुमकुम भाग्य' में स्मिता ज़वेरी का किरदार निभा रहीं गुरदीप पुंज ने कहा, ''सच कहूं तो चाय मेरे लिए हमेशा उस भागदौड़ के बीच एक सुकून का पल बनकर आई है। सेट पर, चाहे मैं दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न रहूं, एक कप चाय का एहसास घर जैसा लगता है।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''मैं मानती हूं कि एक अच्छी चाय हर परेशानी का हल है। मेरे लिए चाय सिर्फ एक ड्रिंक नहीं, बल्कि सुकून, यादें और मेरी दिनचर्या का अहम हिस्सा है। मेरा दिन तब तक शुरू नहीं होता जब तक मैं अपनी पहली चाय की चुस्की नहीं ले लेती।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में आकाश के रोल में नजर रहे सागर पारेख ने कहा, ''चाय मेरी ज़िंदगी के कई बड़े पलों की खामोश साथी रही है। चाहे सीन की तैयारी करनी हो या अकेले किसी कोने में स्क्रिप्ट पढ़नी हो, चाय हमेशा मेरे साथ रहती है। लंबे शूटिंग शेड्यूल्स के बीच, हाथ में एक गर्म कप चाय थामने का एहसास बहुत सुकून देता है।

## ऑफस्क्रीन भी चायवाले बने अभिषेक मलिक!



लोकप्रिय शो 'जमाई नं. 1' में हाल ही में एक दिल छू जाने वाला मोड़ देखने को मिला, जब नील यानी अभिषेक मलिक अपनी ऑनस्क्रीन पत्नी रिद्धि (सिमरन कौर) को मनाने के लिए चायवाले का रूप अपनाता है। पुराने ज़माने की टपरी डेट को फिर से जीते हुए नील, चायवाले की तरह तैयार होकर रिद्धि को खुद अपने हाथों से गरमा-गरम चाय परोसता है, जहां एक आम-सी दिखने वाली चाय, प्यार और यादों की सबसे खास निशानी बन जाती है। लेकिन इस दिन को सचमुच खास बना दिया उन पलों ने, जो कैमरे के पीछे घटे! अभिषेक मलिक ने इस सीन को सिर्फ एक्टिंग तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ऑफस्क्रीन भी चायवाले की भूमिका में पूरी तरह उतर गए। उन्हें चाय बनानी तक नहीं आती थी, लेकिन उन्होंने सेट पर पूरी यूनिट के लिए चाय बनाने की ज़िम्मेदारी खुद उठाई। स्पॉट बॉयज़ और किचन टीम की मदद से उन्होंने झटपट सीखा और फिर शॉट्स के बीच चाय सर्व करने निकल पड़े। अभिषेक ने कहा, ''ये ट्रैक काफी वक्त बाद शूट किया गया सबसे मज़ेदार सीक्वेंस था। मैंने सोचा, जब ऑनस्क्रीन चायवाला बना ही हूं, तो ऑफस्क्रीन भी बन ही जाता हूं! मुझे चाय बनाना बिल्कुल नहीं आता था, लेकिन टीम ने काफी मदद की।

## बाजार दर्पण







